✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



लोकसभा में बजट भाषण पढ़तीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 246 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 2 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार पेश किया देश का बजट

# बजट : गरीबों, मरीजों, किसानों और मध्यम वर्ग पर फोकस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने रविवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट लोकसभा में पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को अपना 9वां बजट पेश किया। इस बजट को सरकार ने युवाओं को समर्पित किया है। साथ ही सरकार ने अपने तीन कर्तव्य भी घोषित किए हैं, जिसमें से एक-एक लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है। वित्त मंत्री ने बजट के दौरान साफ कर दिया कि भारत अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीबी कम करने में हमें बड़ी कामयाबी मिली है, लेकिन असली लक्ष्य 'विकसित भारत' बनाना है। अब देश सिर्फ बड़े सपने नहीं देख रहा बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए ग्लोबल मार्केट से हाथ मिला रहा है। सरकार का कहना है कि उन्होंने दिखावे की राजनीति (पॉपुलिज्म) के बजाय ठोस सुधारों को चुना है। जहां पहले की सरकारों में कंफ्यूजन दिखता था, वहीं मोदी सरकार ने एक्शन लेकर दिखाया है। पब्लिक इन्वेस्टमेंट यानी सरकारी खर्च को बढ़ाकर देश का बुनियादी ढांचा मजबूत किया जा रहा है और यह सब पैसों का सही मैनेजमेंट (फिसकल प्रूडेंस) करते हुए किया जा रहा है। वित्त मंत्री के मुताबिक पहला लक्ष्य अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हुए आर्थिक विकास को तेज करना है। दूसरा उद्देश्य लोगों की बढ़ती उम्मीदों और जरूरतों को पूरा करना है जबकि तीसरा लक्ष्य 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर आगे बढ़ना है। उन्होंने साफ कहा कि भारत लगातार 'विकसित भारत' बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है और सरकार इसी रास्ते पर काम करती रहेगी।

### तीन आयुर्वेदिक एम्स होंगे स्थापित

केंद्रीय बजट 2026-27 में सरकार ने आयुर्वेद चिकित्सा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बजट भाषण के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किए जाएंगे जिससे आयुर्वेदिक शिक्षा, शोध और इलाज की सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को नई पहचान मिलेगी।

### सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे

बजट भाषण के दौरान निर्मला सीतारमण ने देश की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए बड़ा ऐलान किया। दिल्ली-वाराणसी समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में कुल 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इन कॉरिडोर से यात्रा का समय घटेगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम शहरों के बीच ग्रोथ कनेक्टर के तौर पर 7 हाई-स्पीड मुंबई से पुणे, पुणे से हैदराबाद, हैदराबाद से बेंगलुरु, हैदराबाद से चेन्नई, चेन्नई से बेंगलुरु, दिल्ली से वाराणसी, वाराणसी से सिलीगुड़ी रेल कॉरिडोर बनाएंगे। नेशनल वाटर वे का निर्माण किया जाएगा

### नौकरी-पेशा लोगों को झटका, टैक्स से छूट नहीं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में उन्होंने आयकर रिटर्न रिवाइज करने की समय-सीमा में बढ़ोतरी करने का ऐलान तो किया है लेकिन नौकरी-पेशा लोगों को टैक्स से राहत नहीं दी है। उन्होंने नौकरी-पेशा लोगों को टैक्स से मिलने वाली छूट में बढ़ोतरी करने का कोई घोषणा नहीं की है। पुरानी और नई कर व्यवस्था के तहत टैक्स में छूट पिछली बार की ही तरह लागू रहेगी।

### रेलवे को मिला 2.77 लाख करोड़ रुपये

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अपने 9वें बजट भाषण में इंडियन रेलवे की तस्वीर बदलने के लिए बजट में इजाफा किया। सरकार ने इस बार रेलवे के लिए 2,77,830 करोड़ रुपये का कैपिटल एलोकेशन (पूंजीगत व्यय) करने का ऐलान किया है। यह अब तक का सबसे बड़ा फंड है जो सीधे तौर पर ट्रैक बिछाने, नई ट्रेनों और सुरक्षा प्रणालियों पर खर्च होगा। पिछले कुछ सालों के ट्रेंड को देखें तो केंद्र सरकार लगातार रेलवे के बजट में बढ़ोतरी कर रही है। पिछले साल (2025-26) में यह करीब 2.52 लाख करोड़ रुपये था जिसे अब बढ़ाकर 2.77 लाख करोड़ से ज्यादा कर दिया गया है।

### मझोले और छोटे शहरों का होगा विकास

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि मझोले और छोटे शहरों (टियर 2 और टियर 3) और मंदिर वाले शहरों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुधार एक्सप्रेस अपनी राह पर है और सरकार इसकी गति को बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के लिए हमें समाज के हर वर्ग तक संसाधनों और सुविधाओं को पहुंचाना होगा

### 20 नये वॉटर वे चालू किए जाएंगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि एनवायरनमेंट के हिसाब से कार्गो (माल) की सस्टेनेबल आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पूरब में दानकुनी को पश्चिम में सूरत से जोड़ने के लिए नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाए जाएंगे। अगले 5 सालों में 20 नए वॉटरवे चालू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत ओडिशा में नेशनल वॉटर वे 5 से होगी, जो तलचर और अंगुल के मिनरल से भरपूर इलाकों और कलिंगनगर जैसे इंडस्ट्रियल सेंटर्स को पारादीप और दमरा के पोर्ट्स से जोड़ेगा। वाराणसी और पटना में इनलैंड वॉटरवे के लिए एक शिप रिपेयर इकोसिस्टम भी बनाया जाएगा।

### अपग्रेड होंगे जिला अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर में बढ़ेंगी सुविधाएं

वित्त मंत्री ने हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिला अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा और ट्रॉमा सेंटर की संख्या बढ़ेगी।

### हर जिले में लड़कियों के लिए खुलेंगे छात्रावास

बजट 2026 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप और प्रत्येक जिले में लड़कियों के छात्रावास खोलने का एलान किया है।

### वाराणसी और पटना में शिप रिपेयर इकोसिस्टम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वाराणसी और पटना में शिप रिपेयर इकोसिस्टम बनाया जाएगा। रेयर अर्थ मटेरियल के लिए ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में डेडिकेटेड फ़ेसिलिसिटी बनाने की पहल की गई है। इसके लिए डेडिकेटेड मिनरल पार्क बनाए जाएंगे।

### दवाइयों के दाम में भी राहत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में 'बायोफार्मा शक्ति' योजना शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने आने वाले पाँच वर्षों के लिए 10 हजार करोड़ की राशि निर्धारित की है। सरकार के इस ऐलान से कुछ जरूरी 17 दवाएं सस्ती होंगी। खास तौर पर शुगर (डायबिटीज) और कैंसर की दवाओं के दाम कम हो सकते हैं। इससे मरीजों और उनके परिवारों पर इलाज का खर्च थोड़ा कम पड़ेगा और जरूरी इलाज करवाना आसान होगा। सात दुर्लभ बीमारियों के इलाज वाली दवाइयां सस्ती होंगी, जो पर्सनल यूज के लिए इंपोर्ट की जाएंगी। वहीं शराब पर टैक्स की बढ़ोतरी हो रही है। सिगरेट और पान मसाला पर सिन टैक्स बढ़ा है। यह अब लोगों की और भी जेब खाली करवाएगा। सरकार ने चमड़े के निर्यात को बढ़ाने के लिए कुछ जरूरी कच्चे माल और उत्पादों के आयात पर ड्यूटी फ्री करने का प्रस्ताव दिया है। इससे लेदर बैग्स, जूते, बेल्ट और अन्य चमड़े से बने सामान सस्ते हो सकते हैं। लिथियम-आयन बैटरी सेल बनाने में इस्तेमाल होने वाले मशीनरी और उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी छूट को आगे भी जारी रखा गया है। इससे ईवी गाड़ियों के और भी सस्ता होने की उम्मीद रहेगी। इसके साथ ही मोबाइल फोन और टैबलेट्स के सस्ता होने का पूरा अनुमान है। इसके अलावा माइक्रोवेव्स सस्ती होंगी, सोलर पैनल सस्ता होगा। इंपोर्टेड लकड़ी के सामान होंगे सस्ते।

### खेल का सामान होगा सस्ता

खेलो इंडिया को प्रॉपर ढंग से लागू किया जाएगा। बजट के बाद अब खेल-कूद का सामान खरीदना जेब पर थोड़ा हल्का पड़ेगा। 10000 करोड़ एसएमई को अलॉट किया गया है। इससे बैट, बॉल, फिटनेस गियर जैसे सामान सस्ते मिल सकते हैं। जब दाम कम होंगे तो लोग ज्यादा खरीदेंगे, जिससे बाजार में इन चीजों की बिक्री भी बढ़ेगी।

## बजट अपार अवसरों का राजमार्ग : मोदी



**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को संसद में पेश बजट के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का बजट ऐतिहासिक है। इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है। महिला वित्त मंत्री के रूप में निर्मला जी ने लगातार नौवीं बार देश का बजट प्रस्तुत कर नया रिकॉर्ड बनाया है। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को भी सशक्त करता है। ये बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। आज भारत जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, इस बजट से उसे नई ऊर्जा और गति मिलेगी। जो क्रांतिकारी सुधार किए गए हैं, उससे साहसी और प्रतिभाशाली युवाओं को उड़ने के लिए खुला आसमान देते हैं। ये बजट ट्रस्ट बेस्ड गवर्नेंस और ह्यूमन सेंट्रिक अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करता है। आज का बजट ऐसा अनोखा है, जिसमें आर्थिक घाटे को कम करने पर फोकस किया गया है। महंगाई पर अंकुश लगाने पर भी जोर दिया गया है। बजट में हाई कैपेक्स और हाई ग्रोथ का भी समन्वय है। ये बजट भारत की वैश्विक भूमिका को नए सिरे से सशक्त करता है। भारत के 140 करोड़ नागरिक सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनकर संतुष्ट नहीं हैं। हम जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये करोड़ों देशवासियों का संकल्प है। दुनिया के एक भरोसेमंद लोकतांत्रिक साझेदार और विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बजट 2026 के माध्यम से भारत को ताकतवर बनाकर संतुलित विकास की नींव मजबूत की गई है।

## बिहार को होगा फायदा : नीतीश



**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट 2026 को सकारात्मक और स्वागत योग्य बताते हुए कहा है कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा कि बजट प्रगतिशील और भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस बजट के जरिए केंद्र सरकार ने देश की विकास गति को तेज करने के लिए कई अहम और दूरगामी कदम उठाए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि बजट में देशभर में 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा बिहार के लिए खास महत्व रखती है। वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से राज्य के कई हिस्सों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग विकसित किए जाएंगे, जिनके तहत पटना और वाराणसी में जहाज मरम्मत की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जलमार्गों के विस्तार से बिहार के शहरों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने बजट में टेक्सटाइल पार्क, महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना और सेमीकंडक्टर सेक्टर के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के समर्थन को रोजगार के लिहाज से अहम बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में निवेश, आधारभूत ढांचे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही सभी जिलों में गर्ल्स हॉस्टल बनाने की घोषणा से उच्च शिक्षा में लड़कियों को सुविधा मिलेगी। नीतीश कुमार ने बेहतर बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री ने ली बुद्ध स्मृति पार्क में व्यवस्थाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना के बुद्ध स्मृति पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बुद्ध स्मृति पार्क में घूमने आये लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया और प्रसन्नता व्यक्त की। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बुद्ध स्मृति पार्क बहुत अच्छा बना है। लोग यहां अपने परिवार के साथ आकर घूमते हैं। भगवान बुद्ध से जुड़ी बातें जानते हैं और उन्हें अच्छा महसूस होता है। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क में भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। भ्रमण के दौरान विधान पार्षद ललन सर्राफ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष परासर एवं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम उपस्थित थे।



# सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले में रविवार सुबह घने कोहरे के बीच भीषण सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास फोरलेन पर हुई इस दर्दनाक दुर्घटना में एसएसबी जवान समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतकों की पहचान कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कृतसागर गांव निवासी एसएसबी जवान सुजीत कुमार पाण्डेय, ओमकार पाण्डेय, डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी गिरजा देवी तथा ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के भरखरा गांव निवासी मंजू देवी के रूप में की गई है। जैसे ही यह खबर मृतकों के घरों तक पहुंची, वहां कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि सभी लोग एक साथ घर में हो रही शादी का न्योता देने और माघी स्नान के लिए बक्सर के रामरेखा घाट जा रहे थे। इसी दौरान चंदा गांव के पास घने कोहरे के कारण उनकी कार पहले आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। इससे पहले कि चालक संभल पाता, पीछे से आ रही एक दूसरी तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। दोहरी टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

## ट्रक-ऑटो की टक्कर में छह की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के लेखनटोला पुल के पास भीषण दुर्घटना में कुल छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रात करीब दो बजे मनेर दरगाह में उर्स देखकर ऑटो से आरा लौट रहे लोगों की सवारी अचानक मौत की सवारी बन गई। रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सवार सड़क पर उछलकर गिर पड़े और करीब 50 मीटर तक शव और सामान बिखर गए। हादसे में दो मासूम बच्चों समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों की पहचान आरा के दौलतपुर चित्रलेनपुर निवासी मो. गुड्डू (33), मो. इम्तियाज (30), मो. सहजाद (22), तीन वर्षीय सफान और दो वर्षीय अल्फी के रूप में हुई है। घायलों में नाजमी प्रवीण और मो. सलाउद्दीन शामिल हैं, जिनका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# मृत नीट छात्रा के परिवार को मिलेगा न्याय : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीट की तैयारी कर रही छात्रा से दरिंदगी और उसकी संदेहास्पद मौत के मामले पर कहा कि राज्य सरकार जनभावनाओं के साथ खड़ी है और लोगों के विश्वास को सर्वोपरि मानती है। सम्राट चौधरी ने बताया कि इस मामले में सरकार ने पहले भी दो बार हस्तक्षेप किया था। शुरुआती स्तर पर गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर जांच कराई गई, ताकि सच्चाई सामने आ सके। हालांकि, जनता के एक बड़े वर्ग को पुलिस और एसआईटी की जांच पर संतोष नहीं था। इसी जन असंतोष और पारदर्शिता की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मामले को सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी है, जिस पर आम लोगों को भरोसा है। इसकी जांच से मामले के हर पहलू की गहराई से पड़ताल होगी और दोषियों को कानून के दायरे में लाया जा सकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले में किसी को बचाने के पक्ष में नहीं है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, कल पीड़ित पिता ने हाईकोर्ट में भी इस मामले को लेकर याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया है। संभवतः सोमवार को इस मामले में कोर्ट में सुनवाई भी हो सकती है।

# बिहार में 33464 करोड़ की सड़कों का मेगा प्लान : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने रविवार को राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच) की 53 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की समीक्षा की। इस दौरान अनिसाबाद-एम्स एलिवेटेड कारिडोर, विक्रमशिला सेतु, औरंगाबाद फोरलेन बाईपास, सिंहेश्वर बाइपास, अरवल से बिहार शरीफ सड़क परियोजना एवं रेलवे ओवर ब्रिज सहित कुल 52 परियोजनाओं के डीपीआर पर चर्चा हुई। इनकी कुल राशि 33,464 करोड़ रुपए है। इस क्रम में मंत्री ने निर्देश दिया कि राम जानकी मार्ग (मशरख-चकिया-भिट्ठा मोड़) के डीपीआर के लिए अलग से टीम को लगाया जाए। परियोजना को शीघ्र धरातल पर लाने के लिए यह जरूरी है। सभी स्तरों पर समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का उन्होंने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टाइमलाइन पर काम को पूरा किया जाए। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि 25 वर्ष आगे का सोच कर बाईपास का निर्माण कराया जाए। बाईपास शहर से दूर हो और आबादी एवं यातायात को प्राथमिकता देते हुए इसका निर्माण किया जाना सुनिश्चित करें। डीपीआर तैयार करने में आ रही बाधाओं को सभी संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जल्द दूर करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि सड़क परियोजनाओं के अवरोधों के समाधान को ले पीएमओ, मंत्रालय एवं केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया जाएगा। मार्गरेखन (एलायनमेंट) स्वीकृति डीपीआर जमा किए जाने, स्क्रूटनी आदि में किसी तरह की देरी नहीं हो। इसका त्वरित फालोअप जरूरी है।



## डायन-बिसाही के शक में महिला सहित तीन की हत्या

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार पंचायत अंतर्गत कुसड़ी गांव (पुरानी बथान) में अंधविश्वास ने खूनी रूप ले लिया। डायन-बिसाही के संदेह को लेकर हुई हिंसक झड़प में तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान विजय भुइयां (45), उनकी पत्नी कलिया देवी (40) और छोटू भुइयां (17) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में ममता कुमारी (14) और नीतू देवी (25) शामिल हैं। दोनों को पहले पांकी सीएचसी ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार महेशी भुइयां की मौत के बाद उनके पुत्रों द्वारा गांव के कुछ लोगों पर डायन-बिसाही कराने का आरोप लगाया गया जिसके बाद यह हिंसक घटना घटी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओझा-गुणी और अंधविश्वास ही इस त्रासदी की जड़ है। सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

# बजट संतुलित, सभी क्षेत्रों को बराबर रूप से देखा गया: संजय सरावगी

## पर्यटन क्षेत्र को सबल बनाकर रोजगार बढ़ाने की दिशा में यह बजट ऐतिहासिक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने 2026-27 के केंद्रीय बजट को विकसित भारत बनाने की नींव को और मजबूत करने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस बजट में सभी क्षेत्रों को बराबर रूप से देखा गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में रोजगार और पर्यटन क्षेत्र को सबल बनाने का स्पष्ट विजन है। बजट में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बौद्ध स्थल के विकास और नए 5 पर्यटन स्थलों को बनाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि इस बजट में रोजगार प्रेरित विकास के लिए पर्यटन को भी महत्व दिया गया है जिसमें देश में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों की भागीदारी से चैलेंज मोड के माध्यम से विकसित किया जाएगा। तीर्थ



और पर्यटन स्थलों के होटलों की अवसंरचना को एचएमएल में शामिल किया जाएगा। पर्यटन स्थलों के साथ रोजगार के विकास के लिए होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण दिया जाएगा। उन्होंने कहा यह बजट विकास, किसानों की समृद्धि और मध्यम वर्ग की राहत के लिए एक 'मील का पत्थर' साबित होगा। यह न केवल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास भी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस बजट को गांव, गरीब, और किसान के कल्याण करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में खादी, हथकरघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल का शुभारंभ करने का प्रस्ताव दिया जाएगा। प्रस्तावित पार्कों के लिए 'चैलेंज मोड' चयन प्रक्रिया के जरिए टेक्सटाइल इकोसिस्टम में विकास को तेज किया जाएगा। इस योजना के जरिए खादी हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को ग्लोबल मार्केटिंग से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में लड़कियों को शहर में रहकर पढ़ाने करने को लेकर छात्रावास निर्माण की बात कही गई है तो महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह संतुलित है और बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में होने वाला निवेश सुशासन में समृद्धि लाएगा।

# संजय मयूख, संजय टाइगर तथा सांसद विवेक ठाकुर ने की बजट की प्रशंसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाले सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी केंद्रीय बजट प्रस्तुत होने के बाद बिहार सरकार के श्रम मंत्री संजय टाइगर, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार विधान परिषद सदस्य संजय मयूख तथा सांसद विवेक ठाकुर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर उन्हें पटना को देश का जहाज मरम्मत केंद्र बनाने और सभी जिलों में बालिका छात्रावास खोलने के निर्णय के लिए अभिनंदन किया। संजय मयूख ने कहा कि यह बजट एक ओर भारत को दुनिया के निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करेगा, वहीं पटना में जहाज मरम्मत केंद्र स्थापित करने का निर्णय बिहार की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए छात्रावास खोलने का निर्णय ऐतिहासिक है और यह महिला सुरक्षा तथा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संजय टाइगर ने बजट को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि इससे न केवल विकसित भारत की



परिकल्पना साकार होगी, बल्कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने बिहार में जहाज मरम्मत केंद्र खोलने और प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास स्थापित करने के निर्णय का स्वागत किया। सांसद विवेक ठाकुर ने भी बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बार बिहार के विकास के लिए दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पटना में जहाज मरम्मत केंद्र खुलने से बिहार में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# आरसीपी सिंह की जदयू में वापसी के लिए हस्ताक्षर अभियान चलायेगा पटेल परिवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटेल परिवार की ओर से राजधानी के दारोगा प्रसाद राय स्थित पटेल सेवा संघ में पटेल पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें पटेल समाज से आये सैकड़ों नेताओं ने कहा कि उनका संगठन पटेल परिवार मुख्यमंत्री से मांग करता है कि समाज के वरीय नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री आईएएस अधिकारी आरसीपी सिंह को जदयू में वापस कराएं। इसके लिए उनका संगठन प्रदेशभर में हस्ताक्षर अभियान चलायेगा। इस मौके पर समाज के नेताओं ने क्षत्रपत्रि शिवजी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए संकल्प लिया कि उनका समाज काम को पूरा करने तक संकल्प जारी रखता है इस मुहिम को भी पूरा करके ही दम लेगा। कार्यक्रम के संबंध में पटेल परिवार के संयोजक शंकर प्रसाद व सह संयोजक जितेन्द्र पटेल ने बताया कि उनका संगठन जदयू में आरसीपी सिंह की वापसी के लिए कृतसंकल्पित है जब दल से बाहर गये सभी नेताओं को ससम्मान दल में वापसी हो रही है तो आरसीपी की वापसी क्यों नहीं हो रही है। इसके लिए पटेल परिवार प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलायेगा और राजधानी के मिलर स्कूल ग्राउंड में पटेल महापंचायत का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए पटेल परिवार का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मिलेगा।

# पटना वीमेंस कॉलेज में छात्राओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प

## नीतू कुमारी नवगीत ने सभी छात्राओं से की स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूरे देश को स्वच्छ रखने में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। इस संदेश के साथ पटना विमेंस कॉलेज की छात्राओं ने पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत के साथ स्वच्छता का संकल्प लिया। इस अवसर पर देवप्रिया दत्ता, डॉ. मेधा, धीरज पांडेय, राजेश केशरी, संगीताचार्य ज्ञानेश्वर जी, विपुल कुमार, प्रोफेसर गीतांजलि इत्यादि की उपस्थिति रही। नीतू कुमारी नवगीत ने अपील की कि सभी छात्राएं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में भाग लें और



पटना के रैंकिंग को बेहतरीन करने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेना कई कारणों से जरूरी है। यह सर्वेक्षण लोगों को अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। इसमें भाग लेने से शहर की स्वच्छता में सुधार के लिए सुझाव देने का मौका मिलता है। अच्छे प्रदर्शन वाले शहरों को पुरस्कार और मान्यता मिलती है, जिससे शहर की प्रतिष्ठा बढ़ती है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है और पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। यह सर्वेक्षण सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देता है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छ भारत हम सब का सपना है, हम सब का संकल्प है। 2047 तक हम सब ने विकसित भारत का स्वप्न देखा है। भारत विकसित तभी कहलायेगा जब इसके गांव शहर सभी स्वच्छ रहें। स्वच्छता अनमोल है और स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का भी आधार है। कार्यक्रम में पटना विमेंस कॉलेज की छात्राओं द्वारा भी गीत-संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गयीं।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में अहम कदम : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि यह बजट देश को 2047 तक विकसित बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं को रोजगार, किसानों को आत्मनिर्भरता और गरीबों को रोजगारोन्मुख अवसर देने वाला है जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि यह बजट अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है जो देश के समग्र विकास को गति देगा। उन्होंने बताया कि बजट के माध्यम से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और किसानों को आत्मनिर्भर



बनाने पर विशेष जोर दिया गया है जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे देश के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में बिहार की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं जो चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# कायस्थों को राजनीति और व्यवसाय से भी जुड़ने की जरूरत : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कायस्थों को एक होने और एक रहने की जरूरत है। पूरा का पूरा कायस्थ समाज आज राजनीतिक उपेक्षा का शिकार है। अपने विखराव के कारण ही वो राजनीतिक तौर पर हाशिए पर ढकेल दिये गए हैं। अब एक बार फिर से जरूरत पड़ गई है कि आप राजनीति से जुड़िए और राजनीति को और राजनीतिक पार्टियों को अपनी जरूरत का एहसास कराइए। ये बातें जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कही। श्री राजीव रंजन पटना में आयोजित ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के पांचवें स्थापना दिवस पर बिहार और बिहार के बाहर से आए कायस्थों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने आगे कहा कि युवा कायस्थों में वैचारिक परिवर्तण की भी जरूरत है। नौकरी और सरकारी नौकरी की सोच से बाहर आकर राजनीति, व्यवसाय, सर्विस सेक्टर से जुड़ कर अपने लिए नया आयाम स्थापित करने की जरूरत है। मौके पर जीकेसी की प्रधान न्यासी रागिनी रंजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीकेसी लगातार कायस्थ एकता का प्रयास कर रहा है। नतीजे भी सामने आ रहे हैं। पटना के रॉयल गार्डेन में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कायस्थों की एकता ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। देश-विदेश से कायस्थ जीकेसी से जुड़ रहे हैं और हजारों की संख्या में हर जगह जीकेसियन एक दूसरे की मदद भी कर रहे हैं। इसके पहले जीकेसी स्थापना दिवस की शुरुआत संगठन के झंडोतोलन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान जीकेसी का लोगो युक्त बैलून भी उड़ाया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद चित्रगुप्त आरती, कायस्थ एंथम, केक कटिंग और जीकेसी के नाम से दीपोत्सव भी मनाया गया। जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाधयक्ष डा. नम्रता आनंद राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, दीप श्रेष्ठ, शिवानी गौड़, बीके सहाय, किशोर कुमार, संजय कुमार सिन्हा, राहुल मणि सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर जीकेसी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जीकेसी बिहार के प्रदेश महसचिव संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर राकेश मणि, डॉ निशा पाराशर, रंजना कुमारी, रचना कुमारी, कुमार संभव, अभिषेक श्रीवास्तव, अराधना रंजन, सोनाक्षी प्रिया, दिलीप कुमार सिन्हा, रविशंकर प्रसाद सिन्हा, रवि सहाय, थनंजय प्रसाद, राजेश डबल, कुमार निशांत, दिवाकर वर्मा, सुबोध नंदन सिन्हा हर्षवर्धन प्रियदर्शी, दिलीप कुमार सिन्हा, विजय कुमार चुन्नू सहित सैकड़ों जीकेसीयन उपस्थित थे। अंत में एक सुस्वादु भोज के साथ यह स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सेवा क्षेत्र और आत्मनिर्भर भारत को सशक्त करने पर जोर : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्रीय आम बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में एक मजबूत, दूरदर्शी और जनहितकारी कदम है। श्री चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आज विकसित भारत की यात्रा का साक्षी बन रहा है। कर्तव्य भवन में तैयार किया गया यह पहला बजट तीन मुख्य कर्तव्यों पर आधारित है। पहला, आर्थिक विकास को बढ़ाना और उसे निरंतर बनाए रखना। दूसरा, जनता की उम्मीदों को पूरा करते हुए उन्हें देश के विकास में भागीदार



बनाना और तीसरा, सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत के तहत सभी को समान अवसर उपलब्ध कराना। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026-27 जन-कल्याणकारी, सर्वस्पर्शी और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करने वाला दूरदर्शी बजट है। यह बजट विकास, कृषि, उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित देश के समग्र विकास को समर्पित है तथा विशेष रूप से देश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

# अपसा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अन एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में 12 जनवरी से जी ए सी गर्दनीबाग, पटना में आयोजित अपसा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा समाज भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा उपस्थित रहे। मंत्री दीपक प्रकाश ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़िओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाता है बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, खेल भावना और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास करता है।

# शिक्षा संवाद को नई दिशा दे रहा 'टीचर्स ऑफ बिहार'

## संगठन नहीं, विचार बना शिक्षक सशक्तिकरण का मंच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में बीते कुछ वर्षों के दौरान शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी और वैचारिक चेतना में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। इसी बदलाव की पृष्ठभूमि में टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा है जिसने शिक्षकों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर शिक्षा नीति, नवाचार और शिक्षक अधिकारों पर संवाद के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराया है। टीचर्स ऑफ बिहार की पहचान एक ऐसे शिक्षक समूह के रूप में बन रही है, जो बिना किसी औपचारिक संस्थागत दबाव के सहयोग, अनुभव-साझाकरण और रचनात्मक पहल को प्राथमिकता देता है। मंच से जुड़े शिक्षक डिजिटल माध्यमों के जरिये न केवल अपने नवाचार साझा कर रहे हैं, बल्कि सरकारी विद्यालयों की जमीनी चुनौतियों पर भी गंभीर और सार्थक विमर्श कर रहे हैं। मंच की गतिविधियों में ऑनलाइन बैठकें, शैक्षणिक चर्चाएं और नवाचार आधारित संवाद प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इसके माध्यम से राज्य के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक भी मुख्यधारा के शैक्षणिक विमर्श से जुड़ पा रहे हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की सहभागिता शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सहभागी और प्रभावी बना रही है। टीचर्स ऑफ बिहार की विशेषता यह है कि यह मंच औपचारिक सम्मान या पुरस्कार की बजाय शिक्षक की व्यावसायिक गरिमा, अधिकार और कार्य की गुणवत्ता को महत्व देता है। मंच से जुड़े शिक्षकों का मानना है कि शिक्षक का वास्तविक सम्मान उसके कक्षा-कक्ष में किए गए नवाचार और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर से तय होता है।

# देश के लिए अब तक का सबसे निराशाजनक बजट : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बजट 2026 पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने केंद्र की एनडीए सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आंकड़ों की चमक में उलझाकर सपने बेचने वाली मोदी सरकार ने जमीन पर देश की बिखरती अर्थव्यवस्था को छिपाने का काम किया है। बिहार के लिए इस बजट में कुछ भी बेहतर मिलने की घोषणा नहीं की गई जबकि पिछले साल चुनाव से पूर्व कई लोकलुभावन घोषणा हुआ, लेकिन वो अब तक धरातल पर नहीं उतरा है। बिहार को उसके हिस्से की राशि तक



नहीं मिल पाई है। बजट पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बजट के बाद धराशायी होता शेयर बाजार बताने के लिए काफी है कि सरकार की नीतियों पर निवेशकों का अविश्वास है।

# एपिकॉन 2026 : गुड़गांव में फिर मिलने के वादे संग पटना से विदा हुए देशभर के चिकित्सक

## चार दिनों तक नई दवाओं, आधुनिक उपचार पद्धतियों और शोध के हर पहलू पर हुआ गहन मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एपिकॉन 2026 का समापन रविवार को उत्साहजनक माहौल में हुआ। चार दिनों तक चले इस राष्ट्रीय महासम्मेलन में देशभर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों और युवा डॉक्टरों ने चिकित्सा विज्ञान के विविध पहलुओं पर अपने अनुभव, शोध और नवाचार साझा किए। समापन सत्र में एपिकॉन के अध्यक्ष डॉ. जी. नर्सिमुलु ने कहा कि एपिकॉन केवल एक सम्मेलन नहीं बल्कि देश के फिजिशियंस के लिए सीखने, सिखाने और एक-दूसरे से जुड़ने का साझा मंच है। उन्होंने कहा कि





आधुनिक चिकित्सा में इंटर-डिसिप्लिनरी अप्रोच बेहद जरूरी है और एपिकॉन इस सोच को मजबूत करता है। मुख्य अतिथि डॉ. बी.बी. ठाकुर ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन चिकित्सकों को बदलती बीमारियों और नई चुनौतियों के प्रति सतर्क और अपडेट रखते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवा डॉक्टरों से शोध और नैतिक चिकित्सा पद्धतियों पर फोकस करने का आहवान किया। एपिकॉन बिहार के अध्यक्ष डॉ. पीके अग्रवाल ने कहा कि पटना में इतने बड़े स्तर पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन बिहार की चिकित्सा क्षमता और संगठनात्मक दक्षता को दर्शाता है। उन्होंने इसे राज्य के लिए गर्व का विषय बताया। डॉ. डीके श्रीवास्तव और डॉ. एसके सिन्हा ने सम्मेलन को ज्ञान और अनुभव का संगम बताते हुए कहा कि क्लिनिकल प्रैक्टिस से जुड़े विषयों पर हुई चर्चाएं सीधे तौर पर मरीजों के इलाज को बेहतर बनाएंगी। आयोजन सचिव डॉ. कमलेश तिवारी एवं वरीय चिकित्सक डा. बी.के.सिंह (औरंगाबाद) ने सभी प्रतिनिधियों, वक्ताओं और आयोजक टीम का आभार जताते हुए कहा कि एपिकॉन 2026 को शैक्षणिक रूप से समृद्ध और सुव्यवस्थित बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया जिसमें सभी का सहयोग मिला। समापन अवसर पर घोषणा की गई कि अगला एपिकॉन सम्मेलन गुड़गांव में आयोजित होगा। वरिष्ठ चिकित्सकों ने भरोसा दिलाया कि वहां और भी व्यापक स्तर पर चिकित्सकीय नवाचार, शोध और क्लिनिकल अनुभवों का साझा मंच तैयार किया जाएगा।

# खाटू श्याम के भण्डारे में हजारों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के बैनर तले आयोजित भण्डारे में करीब एक हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य प्राप्त किया। आर्यकुमार रोड स्थित महाराणा प्रताप भवन के सामने आयोजित इस भण्डारे में प्रसाद ग्रहण के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भण्डारे में भक्तगण पूरे श्रद्धा से पूरी, कचौरी, सब्जी, बुंदिया आदि का प्रसाद श्याम भक्तों से ग्रहण कर रहे थे। मौके पर मां वैष्णव सेवा समिति के कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि अब से प्रत्येक माह श्याम भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि प्रसाद बांटने में श्याम भक्त आनन्द



डालमिया, मुकेश हिसारिया, शेखरबागड़िया, जितेंद्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडीया, सचिन डालमिया, अनुज गुप्ता, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अगरवाल, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल,अरविंद सर्राफ, आलोक अग्रवाल, राजेश बजाज, और सतीश अग्रवाल सहित अनेक श्यामभक्त लगे हुए थे।

# संत गुरु रविदास जी भारतीय संत परंपरा के महान समाज सुधारक : डॉ. निर्मल कुशवाहा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रैदास आश्रम मंदिर एनिकट परिसर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती कमेटी के सदस्यों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरु रविदास जी की आदमकद प्रतिमा पर फूल, धूप-दीप के साथ विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। कार्यक्रम में उपस्थित चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। गुरु रविदास जी भारतीय संत परंपरा के महान समाज सुधारक, कवि और भक्त थे। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज में व्याप्त जाति-भेद, ऊंच-नीच और सामाजिक कुरीतियों का कड़ा विरोध किया।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जन्म काशी (वर्तमान वाराणसी) में हुआ था। वे कर्मकांड के बजाय भक्ति, प्रेम, समानता और मानवता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने सरल और सहज भाषा में ईश्वर भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उनका प्रसिद्ध कथन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी लोगों को आत्मशुद्धि और सद्कर्म की प्रेरणा देता है। गुरु रविदास जी की वाणी सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में भी सम्मिलित है, जो उनके आध्यात्मिक महत्व को दर्शाती है। इस अवसर पर विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रिका राम, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, जिला पार्षद अजय कुशवाहा, पार्षद सोनू चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य अतिथियों ने गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य अमित कुमार, पिंटू राम, सुमित कुमार, विजय कुमार, बृज बिहारी प्रसाद, सावन कुमार, रवि, संतोष कुमार, दीपक कुमार, रमेश कुमार, संजय पासवान, अनुज कुशवाहा, विष्णु पासवान, दीपू पासवान, सरफुद्दीन अंसारी, शिव गांधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की काफी संख्या में भागीदारी रही।

# ट्रॉली बैग में अज्ञात किशोरी का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड सब्जी मंडी के समीप एक बंद ट्रॉली बैग में लगभग 15 वर्षीय अज्ञात किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना को लेकर बताया गया कि रविवार की सुबह कुछ बच्चे कूड़ा कचरा चुन रहे थे। इसी दौरान एक लाल रंग की टॉली बैग से कूड़ा चुन रहे बच्चे को शव होने की महसूस हुआ तो शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटना की सूचना के बाद डिहरी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, अंचल इंस्पेक्टर रवि भूषण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पहुंचने के दो घंटे बाद भारी संख्या में भीड़ लग गयी। एफएसएल एक्सपर्ट प्रभात कुमार अपने टीम के साथ पहुंचकर फेंके गए बंद ट्रॉली बैग को चारों तरफ से



पर्दा कर वीडियो रिकार्डिंग करते हुए ट्राली बैग खोला गया।

ट्रॉली बैग को खोला गया तो उसमें नग्न अवस्था में बच्ची का शव देखा गया। यह किसका शव है पुलिस इसकी पता लगाने में जुट गई है, लेकिन घटना को लेकर आसपास के लोग में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। पुलिस ने आशंका जताई है कि कहीं से हत्या कर शव को ट्रॉली बैग में भरकर लाकर यहां फेंक दिया गया हो। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार स्टेशन रोड सब्जी मंडी के पास पुलिस को एक अज्ञात किशोरी का शव बंद ट्राली बैग मिला है। घटनास्थल पर थानाध्यक्ष और एफएसएल टीम पहुंचकर जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है। हुलिया के अनुसार गायब युवती की विभिन्न थानों से जानकारी ली जा रही है। शव की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की गई है। आगे की प्रक्रिया के तहत शव का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जांच जारी है।

# पतंजलि आदर्श योग कक्षा में यज्ञ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पतंजलि आदर्श योग कक्षा में संत शिरोमणि रविदास महाराज जी के जयंती एवं माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर यज्ञ हवन किया गया। पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि आज सुबह योगाभ्यास के बाद संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के जयंती पर पतंजलि आदर्श योग कक्षा डिहरी में यज्ञ हवन किया गया। उन्होंने कहा कि यज्ञ हवन करने से वातावरण शुद्ध होता है। वायु मंडल में रोग नाश कीटाणुओं का नाश होता है। प्रत्येक माह में पूर्णिमा को यज्ञ हवन किया जाता है। भारतीय संस्कृत में यज्ञ हवन का बहुत महत्व है। हर शुभ कार्य पर यज्ञ हवन किया जाता है। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज अपने विचारों से संपूर्ण जगत को सामाजिक एकता के महान नायक परम ज्ञानी जी की जयंती पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन। संत शिरोमणि रविदास जी ने कहा कि मन चंगा तो कठौती गंगा। इस शुभ अवसर पर उपस्थित पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, यज्ञ कर्ता कौशल कुमार सिंह, योग शिक्षक जितेंद्र कुमार, जिला पार्षद अजय कुशवाहा, प्रभु नारायण शर्मा, ललन चौधरी, धनंजय कुमार, अजय कुमार, दयाशंकर प्रसाद, मुरारी जी, जोगिंदर पाल, अजय कुमार, शशि भूषण सभी भाइयों ने मिलकर यह भवन किया एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

# रविदास जयंती पर सरैया गांव का प्रवेश द्वार संत शिरोमणि रविदास के नाम समर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि रविदास जयंती के शुभ मौके पर ग्राम पंचायत सरैया के मुख्य प्रवेश द्वार को संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर समर्पित कर भव्य रूप से उद्घाटित किया गया। यह प्रवेश द्वार सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को समर्पित करते हुए गांव की पहचान का प्रतीक बन गया है। ग्राम पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने बताया कि संत रविदास जी के विचारों को सम्मान देने और आने वाली पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरित करने के उद्देश्य से गांव के मुख्य द्वार का नामकरण संत शिरोमणि रविदास द्वार रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रवेश द्वार गांव के विकास और सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर पंचायत के उपमुखिया अमित गुप्ता, एकलव्य छात्र संघ के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने संत रविदास जी के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए उनके समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों एवं महिलाओं ने मुखिया के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रवेश द्वार के निर्माण से गांव को नई पहचान मिली है और संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों का संदेश गांव में स्थायी रूप से अंकित हो गया है।

# भाजपा के तत्वावधान में बजट प्रचार अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में बजट प्रचार अभियान 2026 के अनुसार बजट श्रवण कार्यक्रम का आयोजन काराकाट विधानसभा के बिक्रमगंज मंडल अंतर्गत घुसिया खुर्द केंद्र पर किया गया। श्रवण कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी नवनीत शाह एवं जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह उपस्थित थे। स्वतंत्र भारत का 80वां केंद्रीय बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया जिसका श्रवण सामूहिक रूप से किया गया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बजट प्रस्तुतीकरण की परंपरा में व्यापक परिवर्तन आया है। बजट को केवल आय- व्यय का विवरण रखते हुए इसे विकसित भारत 2047 के प्राप्त करने का संकल्प माध्यम बनाया गया है। सरकार गरीब कल्याण एवं आधारभूत ढांचे पर विशेष रूप से बल दे रही है। सचमुच में बजट अपने स्वरूप में दूरदर्शी और प्रेरक है जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन और आधारभूत ढांचे का सशक्त निर्माण रहा है। मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में लाल शर्मा, श्रीकांत शर्मा, मंडल महामंत्री काशीनाथ पासवान, उपाध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, मंत्री कुमारी देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष, कमला देवी पंचायत अध्यक्ष, इंद्रदेव चौधरी बूथ कमेटी सदस्य नंदलाल शाह, पीतांबर गुप्ता, मुन्ना साह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम के नेतृत्व में विद्यालय में लौटी रौनक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** लगभग छह माह पश्चात पुनः पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम द्वारा विद्यालय की कमान संभालते ही विद्यालय में एक सकारात्मक, अनुशासित एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ है। पूर्व अवधि में छात्रों की लगातार कम उपस्थिति के कारण विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं, किंतु प्रधानाध्यापक मैकू राम के पुनः कार्यभार ग्रहण करने के बाद उनके प्रभावी नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप छः महीनों से चला आ रहा कम उपस्थिति का रिकॉर्ड टूट गया है। शनिवार को विद्यालय प्रांगण में पुनः चहल-पहल, रौनक एवं शैक्षणिक ऊर्जा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। प्रधानाध्यापक के मार्गदर्शन में विद्यालय में सभी विषयों का पठन-पाठन विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कक्षा शिक्षण, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इस सकारात्मक परिवर्तन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं उमाशंकर पाल, नूतन कुमारी, अंजू कुशवाहा, सुमित मिश्रा, प्रीति, पूर्णिमा, मिथिलेश, रवि रंजन, सिद्धार्थ एवं उमाशंकर प्रसाद सहित अन्य समर्पित शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी शिक्षकों ने नियमित शिक्षण, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से विद्यालय को पुनः शैक्षणिक पटरी पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। इसी क्रम में प्रधानाध्यापक मैकू राम द्वारा सभी अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं से स्पष्ट अनुरोध किया गया है कि बिना उचित कारण विद्यालय से अनुपस्थित न रहें,

# काशी घाट सूर्यमंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** स्थानीय शहर स्थित सूर्यमंदिर के प्रांगण में रविवार की संध्या में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ नवयुवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जहां उपस्थित सदस्यों ने यज्ञ को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित लोगों ने यज्ञ की शुरुआत करने से लेकर समापन तक होने वाली यज्ञ की सारी गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। 21 सदस्यीय कमिटी के चुनाव करने के उपरांत सर्वसम्मति से यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष के रूप में घनश्याम कुमार,



उपाध्यक्ष सुधीर रंजन, कोषाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता उप कोषाध्यक्ष - किन्नर समाज के अध्यक्ष लाली किन्नर, सचिव - रामजी वैश्य उपसचिव - राजू पाठक, उपसचिव-रितेश राज का चुनाव करने के साथ ही एक धन संग्रह कमिटी का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में मदन प्रसाद वैश्य, उपाध्यक्ष राम विनय पटेल, सचिव धीरज गुप्ता, देव मुनि पाण्डेय, शोभ नाथ गुप्ता, शिव जी साह को मनोनीत किया गया। यह यज्ञ श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में कलश सह जलभरी यात्रा 24 अप्रैल, कथा प्रवचन 24 अप्रैल, भगवान भास्कर का प्राण प्रतिष्ठा 29 अप्रैल व 30 अप्रैल को यज्ञ समापन के साथ ही भव्य भंडारे के साथ संपन्न होगा।

## एकदिवसीय फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** रोहतास जिले के मझियाव पंचायत के टड़वा स्थित खेल के मैदान में एकदिवसीय फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फाइनल फुटबॉल मैच बिहार बनाम पश्चिम बंगाल के बीच खेला गया। बिहार की टीम ने पश्चिम बंगाल की टीम को दो गोल से हरा दिया।शुरुआती दौर से ही बिहार की टीम पश्चिम बंगाल की टीम पर भारी पड़ती नजर आई मैच शुरू होते ही तीसरे मिनट में ही बिहार की टीम ने पहला गोल और दूसरा गोल मध्यांतर के बाद बंगाल की टीम में दाग दी। फुटबॉल मैच का आयोजन अनिल मुखिया फुटबॉल ट्रॉफी सीजन 3 के बैनर तले किया गया।

# त्रिदिवसीय आचार्य सम्मेलन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू में आयोजित त्रिदिवसीय आचार्य सम्मेलन का समापन समारोह का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिजेन्द्र कुमार विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा प्रदीप कुमार कुशवाहा प्रदेश सचिव भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, पटना के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आगत अतिथियों को स्वागत एवं सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने किया। इन तीन दिनों के कार्यक्रम में सम्मिलित रहे तीन आचार्य/आचार्या ने अपने अनुभव कथन कहे। इस सम्मेलन में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे सामूहिक गीत, सामूहिक शारीरिक, सुलेख (हिंदी एवं अंग्रेजी), योग से सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता एवं पुरुषों के लिए जलेबी दौड़ तथा महिला आचार्य के लिए गोली चम्मच प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत किया गया। समापन सत्र में आचार्य को संबोधित करते हुए प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि आचार्य सम्मेलन प्रत्येक तीन वर्ष पर होती है। यहां जो आचार्य सीखते हैं, जानते हैं उन्हें अपने-अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले भैया बहनों को बताते हैं, सीखाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधकारिणी के समिति सदस्य शशि भूषण प्रसाद ने की। संपूर्ण सम्मेलन का वृत्त रोहतास विभाग निरीक्षक धरणीकांत पांडे के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें 300 पुरुष आचार्य एवं 102 महिला आचार्य की उपस्थिति रही।

## रविदास जयंती पर प्रमंडल भर में पूजा समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** रविवार को रविदास जयंती के अवसर पर अनुमंडल भर में उनको मानने वाले लोगों के साथ ही कई कई समाजसेवी, राजनीतिक संगठनों के द्वारा पूजा पाठ एवं समारोह का आयोजन किया गया एवं संत रविदास की 649 वीं जयंती मनाई गई। श्रद्धालुओं ने रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना की, माल्यार्पण किया और ध्वज फहराया। भक्तों ने ''रविदास शक्ति अमर रहे'' और ''जय गुरुदेव'' जैसे नारे लगाए।मंदिर में रविदास अमृतवाणी पाठ का भोग लगाया गया और संत रविदास की आरती उतारी गई। महिलाओं और पुरुषों ने अलग-अलग कतारों में खड़े होकर दर्शन किए।इस अवसर पर संतों के प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

## माघ पूर्णिमा मेला को लेकर आरपीएफ-जीआरपी का संयुक्त जागरूकता अभियान

# स्टेशन पर फ्लैग मार्च व सघन चेकिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** माघ पूर्णिमा मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुरक्षा व संरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डिहरी ऑन सोन द्वारा रविवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर एवं आसपास फ्लैग मार्च और सघन चेकिंग अभियान भी संचालित किया गया।

अभियान का नेतृत्व निरीक्षक प्रभारी, आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन सोन ने किया। उनके साथ उप निरीक्षक अमरजीत दास, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, हरे राम कुमार, जे.पी. चतुर्वेदी सहित आरपीएफ स्टाफ तथा जीआरपी डिहरी के उप



निरीक्षक शिव शंकर भगत एवं उनकी टीम संयुक्त रूप से मौजूद रही। अधिकारियों ने यात्रियों व श्रद्धालुओं को जेबकतरों, जहरखुरानों एवं अन्य असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही एसीपी (चेन पुलिंग) के दुरुपयोग एवं ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहत यात्रियों को रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 के महत्व व उपयोग की जानकारी दी गई। अनजान व्यक्तियों से मेल-जोल न बढ़ाने तथा उनके द्वारा दिया गया कोई भी खाद्य या पेय पदार्थ ग्रहण न करने की सलाह दी गई। ट्रेन में चढ़ते-उतरते एवं यात्रा के दौरान पर्स, मोबाइल व अन्य कीमती सामानों पर विशेष ध्यान रखने को कहा गया। इसके अलावा यात्रियों को यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ न ले जाने, रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी या रील न बनाने, किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ/जीआरपी को देने, रेल नियमों का पालन करने, रेलवे ट्रैक पर पत्थर न रखने एवं चलती गाड़ी पर पत्थरबाजी न करने की सख्त हिदायत दी गई। अधिकारियों ने यह भी बताया कि रेल लाइन पार करना या रेल लाइन के किनारे से आवागमन करना खतरनाक है, इससे बचें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने आम बजट को बताया ऐतिहासिक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा 2026-27 का आम बजट पेश किया गया जिसका प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय सासाराम में जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया। इस आम बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट को जन कल्याणकारी और विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला दूरदर्शी बजट बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि यह सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट है जो विकास, कृषि, औद्योगिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित है। यह विशेष रूप से देश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने वाला बजट है। इस बजट को ऐतिहासिक आत्मनिर्भर भारत का बजट बताया। इसके लिए उन्होंने अपनी पार्टी और अपने लाखों कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आज विकसित भारत की यात्रा का साक्षी बन रहा है।

# आर एस के पब्लिक स्कूल के छात्र वारिस अख्तर का इसरो मॉडल का अद्भुत प्रदर्शन : सोनू सिंह

## स्कूल में कला/विज्ञान प्रदर्शनी सह फन फेट एवं मिलेट्स शो का भव्य आयोजन

**मदन कुमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर, डिहरी में रविवार को कला/विज्ञान प्रदर्शनी सह फन फेट एवं मिलेट्स शो का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के कक्षा प्ले से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, नवाचार और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, वहीं फन



फेट में 250 से अधिक तथा आर्ट-क्राफ्ट शो में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, कला एवं साहित्य से जुड़े आकर्षक प्रोजेक्ट्स और मॉडल्स ने अभिभावकों व आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह 'अज्ञानी' (अध्यक्ष, बार एसोसिएशन डिहरी अनुमंडल), विधायक राजीव कुमार रंजन उर्फ सोनू सिंह (डिहरी विधानसभा), राधा शांता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में इसरो की उपलब्धियों को दर्शाता मॉडल, चंद्रयान-3, न्यूक्लियर रिएक्टर पावर प्लांट, एनर्जी एफिशिएंट स्मार्ट सिटी, सोलर पावर इरिगेशन सिस्टम, एयर पॉल्यूशन कंट्रोल, ट्रैफिक मैनेजमेंट सोलर सिस्टम, ऑटो एवं लेजर आधारित फायर एक्सटिंग्विशर, लेयर ऑफ एटमॉस्फेयर, डे एंड नाइट का वर्किंग मॉडल, बनारस शहर की आध्यात्मिक संस्कृति को दर्शाता मॉडल, गर्ल चाइल्ड प्रोटेक्शन मॉडल सहित अनेक नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए। बच्चों की लेखन एवं प्रस्तुति क्षमता को दर्शाने हेतु फेयर नोट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे अभिभावकों से विशेष सराहना मिली। इस अवसर पर कक्षा नौवीं के छात्र वारिस अख्तर का प्रोजेक्ट विशेष चर्चा का विषय रहा। उन्होंने इसरो की पूरी यात्रा–अतीत, वर्तमान और भविष्य–को दर्शाने वाला एक प्रभावशाली मॉडल प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक वुमन सेफ्टी डिवाइस भी विकसित किया, जो आपात स्थिति में त्वरित सहायता दिलाने में सहायक है। वारिस अख्तर ने कहा कि आज देश को नवाचार और वैज्ञानिक सोच की सबसे अधिक आवश्यकता है तथा भारत की प्रगति के लिए अनुसंधान एवं विकास बजट में वृद्धि आवश्यक है।

## विकसित भारत की मजबूत नींव है यह बजट : अनिल मेहता

**नवादा।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट के अवसर पर शहर के साहेब कोठी मंदिर परिसर में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की उपस्थिति में बजट का सीधा प्रसारण देखा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से बजट को सुना। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पूरी तरह से जनता को समर्पित है और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि बजट इतना दूरदर्शी, संतुलित और सशक्त है कि विपक्ष इसकी गुणवत्ता से घबराकर केवल आलोचना कर रहा है। अनिल मेहता ने कहा कि इस बजट में किसान, युवा और महिलाओं सहित समाज के किसी भी वर्ग की अनदेखी नहीं की गई है। अंत में अनिल मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस जनकल्याणकारी बजट के लिए धन्यवाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद भोली, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनोज कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, सोशल मीडिया संयोजक संदीप कुमार सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामाजिक संघर्ष के प्रतीक आलोक कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

**नवादा ।** संविधान जागरूकता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक, मूलनिवासी समाज के सशक्त नेता आलोक कुमार को उनके नवादा आवास पर 1 फरवरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में समाजसेवी, कार्यकर्ता एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुशवाहा समेत सैकड़ों लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## कौआकोल में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

**कौआकोल।** माघी पूर्णिमा के पुनीत पावन बेला पर प्रखण्ड भर में संत रैदास की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गयी। बिहार-झारखंड की सीमा पर अवस्थित उग्रवाद प्रभावित महुलियाटांड़ गांव के पास संत रविदास मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। मौके पर पूर्व सरपंच ब्रहमदेव रविदास, राजेश रविदास आदि मौजूद रहे। वहीं प्रखण्ड के शिवपुर सोखोदेवरा स्थित संत रविदास मंदिर में श्रद्धालुओं ने रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। वहीं प्रखण्ड के नजलीविगहा, जोगाचक,करमाटांड़ सहित अन्य गांवों में संत रविदास के अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा एवं तैलीय चित्र पर पुष्प तथा माला अर्पित कर आस्था के साथ उनकी जयंती मनाई।

## संत रैदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में संत रैदास जयंती आस्था के साथ धूम धाम से मनाई गई। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रविदास टोला अंबेडकर नगर में प्रतिमा बनाकर संत रैदास की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भजन, कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित की गई। इसी तरह पोकसी में संत रैदास जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा एवं कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में 101 युवतियां एवं महिलाएं शामिल हुईं। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे गांव का भ्रमण किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन वारिसलीगंज विधानसभा की विधायक अनिता ने किया। इस अवसर पर अशोक महतो, रामबालक यादव, अरुण रविदास, बलराम रविदास, बबलू रविदास, अविनाश रविदास, रवि कुमार दास, किशोरी रविदास अलखपति रविदास, उत्तम पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## एमएलसी ने एलआइसी प्रीमियम प्वाइंट का किया उद्घाटन

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय में रविवार को एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट का उदघाटन एमएलसी अशोक कुमार ने किया। मुख्य बीमा सलाहकार अभिमन्यु कुमार ने बताया कि एलआईसी की प्रीमियम राशि जमा करने के लिए लोगों को नवादा या वारिसलीगंज जाना पड़ता है। अब यह सुविधा उन्हें पकरीबरावां में ही मिलेगी। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश यादव ,प्रकाश यादव, बुधौली पंचायत के पूर्व मुखिया विजय यादव, प्रमोद यादव, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, उमाशंकर यादव, रोहित कुमार, उदय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला दिवस पर होगा मिनी मैराथन का आयोजन

**रजौली।** अनुमंडल मुख्यालय में आगामी 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। यह आयोजन कमांडो फिजिकल एकेडमी एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक सीआरपीएफ चंदन सिंह के नेतृत्व में किया जाना है। इसमें सहयोगी के रूप में सीआरपीएफ सिंटू यादव,बीएसएफ सुबोध यादव, आर्मी नीतीश कुमार,विक्रम कुमार,दीपक कुमार एवं विकास कुमार रहेंगे। रविवार की दोपहर को रजौली प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मिनी मैराथन से संबंधित जानकारी दी। प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है,जो 7 मार्च तक चलेगा। इसमें प्रतिभागियों के उम्र का निर्धारण नहीं किया है। साथ ही बताया कि युवक और युवती प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान लाने वाले व्यक्ति को 11000 रुपए,द्वितीय स्थान लाने वाले को 5100 रुपए और तृतीय स्थान लाने वाले को 2100 रुपए नगद के साथ ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं टॉप 10 में रहे प्रतिभागियों को 1100 रुपए के साथ मेडल के साथ प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं टॉप 20 को मेडल के साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इस मौके पर योग टीम में शिव कुमार यादव,न्यूटन जी,राहुल पाण्डेय,निर्भय सिंह,मुकेश यादव,गौतम यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बैठक में पांच फरवरी को धरना-प्रदर्शन का निर्णय

**हिलसा (नालंदा)।** शहर के एक निजी हॉल में उपमुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी के नेतृत्व में नगर परिषद हिलसा में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के खिलाफ एक वार्ड पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद सिन्धु कुमारी ने की। उपमुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी ने कहा कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी नगर विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी निदेशों का पालन नहीं कर पा रहे हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि 1 मार्च 2025 से अब तक विभिन्न वार्डों में कराए गए विभागीय कार्यों से संबंधित प्रकरण, एमवी बुक की सत्यापित छायाप्रति, शहर में लगाए गए तिरंगा लाइट का प्राक्कलन, रैन बसेरा में हुए खर्च का विवरण, नल-जल लीकेज मरम्मत तथा नाला उड़ाही से जुड़े प्राक्कलन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। उनका कहना है कि मनमाने तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नगर परिषद के 26 वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।पार्षदों ने कहा कि बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे बाध्य होकर यह बैठक बुलानी पड़ी। बैठक में सर्वसम्मति से 5 फरवरी से नगर परिषद कार्यालय हिलसा में धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी करने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर वार्ड पार्षद तबस्सुम प्रवीण, मो. नौशाद, शमशेर आलम, रंजू देवी, सिन्धु कुमारी, पम्मी कुमारी, कंचन सिन्हा, सुमित कुमार, सकलदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य उप केंद्र का अभाव

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की दत्तरौल ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य उप केंद्र के नहीं रहने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। पंचायत के कुढ़ेता गांव निवासी एवं दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष श्रवण कुमार, कचना गांव के बसंत पासवान, पंचायत के उप मुखिया अशोक पासवान, कुढ़ेता गांव निवासी एवं कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष नवलेश कुमार आदि ने बताया कि पंचायत में स्वास्थ्य उप केंद्र नहीं रहने से लोगों को छह से आठ किलोमीटर की दूरी तय कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां जाना पड़ता है।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित रही 20 सूत्री बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** खेल विभाग सह सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार सरकार एवं नवादा जिला की प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20-सूत्री) की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आवास, सामाजिक सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समीक्षा के दौरान माध्यमिक स्वास्थ्य केंद्रों की जर्जर स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण, जल-निकासी, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना, पेंशन योजनाएं एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में निर्माण कार्य लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय स्तर पर समन्वय की कमी के कारण जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में यह भी बताया गया कि कुछ क्षेत्रों में निजी आवासों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्र सरकारी भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। जल-निकासी की समस्या को लेकर शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्थल निरीक्षण कर त्वरित समाधान का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, लगभग 100 मीटर भूमि उपलब्ध होने पर सरकारी भवन निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की बात कही गई।

प्रभारी मंत्री श्रेयसी सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करें और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में जिलाधिकारी नवादा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, विधायकगण, एमएलसी, 20-सूत्री समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए, जिन पर यथाशीघ्र कार्रवाई का आश्वासन प्रशासन द्वारा दिया गया। बैठक के समापन पर प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का आह्वान किया।

## नालंदा कॉलेज शिक्षक संघ की नयी कार्यकारिणी निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को चयन करने के लिए संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर अंग्रेजी विभाग के डॉ. राम कृष्ण परमहंस ने हिंदी विभाग के डॉ श्याम सुंदर प्रसाद को, सचिव पद पर राजनीति विज्ञान के डॉ श्रवण कुमार ने अर्थशास्त्र विभाग के डॉ सर्वदमन कुमार को हराकर निर्वाचित हुए। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में मनोविज्ञान विभाग के डॉ. मृत्युंजय कुमार ने दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. प्रभास कुमार को हराकर जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद पर रसायनशास्त्र विभाग के अनिर्बन चटर्जी एवं कोषाध्यक्ष पद पर वनस्पति विज्ञान के डॉ सुमित कुमार निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी भौतिकी विभाग के डॉ शशांक शेखर झा ने चुनाव के नतीजों की घोषणा करते हुए सभी शिक्षकों को चुनाव के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ झा ने पूरी चुनाव प्रक्रिया को साझा करते हुए कहा कि नालंदा कॉलेज की यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया निश्चित रूप से प्रदेश के अकादमिक परिसरों के लिए उदाहरण बनेगा। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ राम कृष्ण परमहंस, सचिव डॉ श्रवण कुमार एवं उपाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ को सशक्त बनाने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा है। सभी ने शिक्षकों के हित के लिए एकजुटता की अपील की जिससे किसी भी शिक्षक के साथ किसी तरह का भेदभाव या उत्पीड़न ना हो सके। शिक्षक संघ के नई कार्यकारिणी को निवर्तमान अध्यक्ष डॉ मंजू कुमारी, सचिव डॉ रत्नेश अमन, राजनीति विज्ञान के डॉ बिनीत लाल एवं डॉ मनोज कुमार, भूगोल विभाग की डॉ भावना, गणित विभाग के डॉ बृजनंदन प्रसाद, डॉ उपेन मंडल एवं डॉ श्वेतांक, वनस्पति विज्ञान के डॉ सुमित कुमार, संस्कृत के डॉ शशि भूषण भट्ट, हिंदी के डॉ चम्पा सहित सभी शिक्षकों ने नयी कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## विकसित भारत की दिशा में बजट मजबूत कदम : भाजपा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहार शरीफ।** स्थानीय विधायक डॉ सुनील कुमार ने अपने कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026 का लाइव प्रसारण भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना।

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट 2026 आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के दिशा में एक मजबूत कदम है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए सकारात्मक संतुलन है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है और वह उसके लिए दिन रात वह प्रयासरत हैं की 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा परंतु हमें तो लगता है कि हमारा देश उससे पहले ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। यह बजट बहुत ही सराहनीय है और सकारात्मक है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बजट के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सारा देश इस बजट से काफी संतुष्ट होंगे क्योंकि केन्द्र सरकार ने सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, डा अशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू,साबो देवी, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, रंजू कुमारी, योगेन्द्र मंडल, आई टी सेल संयोजक अमित शान,इन्दु कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, धनंजय कुमार,शशिकला सिन्हा, अविनाश कुमार, शिल्पी कुमारी, मोनू कुमार,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## अनुशासन के साथ विकास का स्पष्ट रोडमैप

**नवादा ।** केंद्रीय बजट 2026झ27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए टी. एस. कॉलेज, हिसुआ (नवादा) के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सह विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्गेश कुमार ने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए संतुलित, दूरदर्शी और विकासोन्मुख बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनाव और महंगाई के दबाव के बीच यह बजट भारत की आर्थिक स्थिरता और आत्मविश्वास को मजबूत करता है।

डॉ. स्वर्गेश कुमार ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय पर लगातार बढ़ता जोर सरकार की विकास रणनीति को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। ?12 लाख करोड़ से अधिक के पूंजीगत व्यय से सड़क, रेल, शहरी परिवहन, लॉजिस्टिक्स और रक्षा जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब जैसी घोषणाएं देश की कनेक्टिविटी और आपूर्ति श्रृंखला को और सशक्त बनाएंगी।

# परीक्षा आज से,तैयारी पूरी

### थ्री-लेयर जांच के बाद मिलेगी प्रवेश की अनुमति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से सोमवार से इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरूआत हो रही है। परीक्षा को लेकर हिलसा अनुमंडल प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अनुमंडल मुख्यालय में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां इस वर्ष केवल छात्राएं ही परीक्षा देंगी। कुल 7680 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी।सबसे अधिक 3281 छात्राएं रामबाबु हाईस्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगी। इसके अलावा सरदार पटेल कॉलेज में 1281, एसयू कॉलेज में 1240, उच्च विद्यालय मई में 1256 तथा मध्य विद्यालय गुलनी हैदरपुर में 622 छात्राएं शामिल होंगी।परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने सभी परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्था का जायजा लिया और केंद्राधीक्षक को कई आवश्यक एव सख्त निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। साथ ही केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है।सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।परीक्षा में गड़बड़ी करने बालो को किसी भी सूरत में बख्शा नही जाएगा।

थ्री-लेयर जांच के बाद होगी परीक्षार्थियों की इंट्री की जायेगी।कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए थ्री-लेयर जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। समय से पहले केंद्र पर परीक्षार्थी पहुंचे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे शुरू होगी, जिसके लिए परीक्षार्थियों को कम से कम आधा घंटा पूर्व प्रवेश पत्र के साथ केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। वहीं द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा।जाम की समस्या से बचने की अपील की।परीक्षार्थियों को संभावित जाम को ध्यान में रखते हुए समय से पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। परीक्षा अवधि के दौरान शहर में भीषण जाम की समस्या आमतौर पर देखी जाती है। हालांकि एसडीओ ने बताया कि इस बार यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए चौक-चौराहों पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है तथा बड़े वाहनों की इंट्री पर रोक लगाई गई है, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## युवाओं और विकास को मिला नया बल : अजित शंकर

नवादा। भारतीय जनता युवा मोर्चा, नवादा के जिलाध्यक्ष अजीत शंकर ने आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे युवाओं, गरीबों और मध्यम वर्ग के हित में एक दूरदर्शी तथा विकासोन्मुख बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है।अजीत शंकर ने कहा कि बजट में शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे देश के युवाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और इसके माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और नवाचार से जुड़े प्रावधान युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में किए गए प्रावधान समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाएंगे। अजीत शंकर ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को इस बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सामुदायिक भवन सह पुस्तकालय का शिलान्यास

### आसपास के लोगों को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नगर के गोवर्धन मंदिर के सामने मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत निर्माण होने वाले सामुदायिक भवन सह पुस्तकालय का शिलान्यास शनिवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया। यह भवन नवादा विधायक विभा देवी के विकास मद से बनाया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

शिलान्यास के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गोवर्धन मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा वहां चल रहे त्रिदिवसीय अनुष्ठान सह भजन संध्या का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण होने से आसपास के आम नागरिकों को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। साथ ही



पुस्तकालय की स्थापना से नई पीढ़ी अध्ययन के प्रति प्रेरित होगी और उनकी बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। पुस्तकालय के माध्यम से छात्र-छात्राओं और युवाओं को बेहतर अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

कार्यक्रम में विधायक विभा देवी एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और नवादा आगमन पर आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष का काफिला नवादा जिला की सीमा में प्रवेश किया, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, मनोज चंद्रवंशी,भाजपा एवं जदयू के वरिष्ठ नेता, कई जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया।

## सेमिनार सह मुशायरा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय टाउन हॉल में जिला स्तरीय फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं निदेशक उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना एस० एम० परवेज आलम, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि उर्दू भाषा को बिहार राज्य में द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, जो इसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महत्ता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषा ने देश और राज्य की साझा संस्कृति को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि तहजीब, भाईचारे और साहित्यिक विरासत की प्रतीक है। इसके संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए प्रशासन सदैव सहयोग करता रहेगा।

इस अवसर पर एस एम परवेज आलम, निदेशक, उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार उर्दू भाषा की तरक्की एवं विकास के लिए पूर्ण रूप से दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उर्दू शिक्षा, साहित्य, शोध एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु निरंतर योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिससे नई पीढ़ी उर्दू भाषा से जुड़ सके।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित सेमिनार एवं मुशायरा में जिले के प्रख्यात उर्दू साहित्यकारों, कवियों एवं भाषा-प्रेमियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने उर्दू भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी विकास यात्रा एवं समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुशायरे में प्रस्तुत शायरी ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता नालन्दा, स्थापना उप समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता, शगुफ्ता परवीन, जिला नियोजन पदाधिकारी , प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू कोषांग एवं अन्य लोग उपस्थित थें।

## समारोह आयोजित कर छात्र-छात्रओं को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** कैरियर पब्लिक स्कूल बिहार शरीफ के सुषमा सभागार भवन में सीताशरण मेमोरियल स्कूल के कक्षा नवम् एवं ग्यारहवीं बच्चों के द्वारा कक्षा दशम् एव कक्षा बारहवीं के बच्चों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चें काफी प्रसन्न नजर आए। समारोह का शुभारंभ ट्रैफिक डीएसपी मो० खुर्शीद आलम, राजीव रंजन ब्रेन रिर्कोडिग, विद्यालय निदेशक डॉ० संजय कुमार, प्राचार्य संजय कुमार, कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई संदीप कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। उसके बाद बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य कर अतिथियों का स्वागत की गई। इस अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी मो० खुर्शीद आलम कहा की आज के बच्चें ही कल के उज्वल भविष्य है साथ ही साथ बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणाश्रोत, तेजस्वी एवं ओजस्वी वाणी से बच्चों को प्रेरित किये। कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार के द्वारा बच्चों की पढ़ाई की शैलियों को बताया गया। उन्होनें समझाया कि शिक्षा एक ऐसी अलख है जिससे हम अपनी समाज को सूत्रो में बांध कर रखने का काम करते है। लेकिन ये प्रथम सीढियो को पाने में कठिनाई तो होती है लेकिन यही प्रयास यदि लगातार होते रहे तो वे मंजिल दूर नहीं जहाँ आप अपनी कामयादियों को हासिल करना चाहते हैं। विद्यालय निदेशक डा संजय कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ ने भी बच्चें को आशीर्वाद दिए और दशवीं एवं बारहवी की परीक्षा के लिए शुभकामना दी। इस समारोह में नवंम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और भाषण नृत्य संगीत एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता कराकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। जिसमें सूरज, मुस्कान, कृष,आर्यन, सोनम इत्यादि का कार्य सराहनीय रहा। साथ ही साथ नवम् वर्ग शिक्षक आर के त्रिवेदी, सुधान्शु कुमार, शुभम सिंह, पंकज कुमार, कोमल कुमारी एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ के देखरेख में समारोह का आयोजन किया गया।

## चैलेंजर क्लब नवादा बना विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी फील्ड में लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्पोर्टिंग क्लब के सौजन्य से आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच रविवार को चैलेंजर क्लब नवादा एवं मैक्सी एलेवन क्लब कौआकोल के बीच खेला गया। फाइनल मैच में नवादा ने कौआकोल की टीम को 11 रन से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। टॉस हारकर पहले खेलते हुए नवादा की टीम ने 8 विकेट खोकर निर्धारित 12 ओवर में 119 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कौआकोल की टीम सात विकेट खोकर महज 118 रन ही बना सकी। मैच समापन के बाद टूनामेंट के प्रायोजक व मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सोखोदेवरा पंचायत के पूर्व मुखिया लीला देवी एवं समाजसेवी योग गुरु व स्वदेशी संस्कार संस्थान के प्रबंधक निदेशक योगी त्यागनाथ ने विजेता टीम को शील्ड एवं दस हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं पांच हजार रुपये नकदी देकर सम्मानित किया।

## नवादा विधि महाविद्यालय में कार्यशाला सह प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा में एकदिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर अपराध विषयक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों, उनके स्वरूप, कारण, दुष्परिणाम एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। गोष्ठी में विधि के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक, अधिवक्ता एवं पुलिस पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.पी. मिश्रा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे साइबर जागरूकता अपनाएं और समाज को भी इसके प्रति सजग करें। उन्होंने कहा कि विधि के विद्यार्थियों की भूमिका केवल न्यायालय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में विधिक जागरूकता फैलाना भी उनका दायित्व है।

गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं साइबर विशेषज्ञों ने साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों जैसे फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर ठगी, हैकिंग, सोशल मीडिया अपराध, बैंकिंग फ्रॉड एवं पहचान की चोरी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि बिना जांच-पड़ताल के किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी और व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें तथा समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहें।

उन्होंने 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की जानकारी भी दी।

गोष्ठी में अधिवक्ताओं ने साइबर अपराध से जुड़े कानूनी प्रावधानों, आईटी एक्ट तथा भारतीय दंड संहिता में किए गए संशोधनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध के मामलों में पीड़ितों को त्वरित शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय रहते कार्रवाई संभव हो सके। साथ ही छात्रों को भविष्य में साइबर अपराध से जुड़े मामलों में प्रभावी कानूनी सहायता देने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने साइबर अपराध से जुड़े व्यावहारिक प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों ने सरल भाषा में उनके समाधान बताए। गोष्ठी के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने साइबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय बजट जनकल्याणकारी और विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार के आम बजट 2026-27 पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट जनकल्याणकारी है और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला दूरदर्शी बजट है। उन्होंने कहा कि यह सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट है जो कृषि, औद्योगिक और आधारभूत संरचना क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित है और विशेष रूप से देश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। प्रेम कुमार ने कहा कि यह बजट तीन प्रमुख कर्तव्यों पर आधारित है जिसमें आर्थिक विकास को बढ़ाना और उसे निरंतर बनाए रखना, लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए उन्हें देश के विकास में भागीदार बनाना और सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत के तहत सभी को समान अवसर उपलब्ध कराना शामिल है। सरकार का लक्ष्य देशवासियों की आकांक्षाओं को वास्तविक उपलब्धियों में बदलना है, ताकि विकास का लाभ किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं तक समान रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य के तहत देश में नई रणनीतिक परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। दुर्लभ पृथ्वी गलियारे के अंतर्गत केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विशेष गलियारे बनाए जाएंगे जिससे खनिज संपन्न राज्यों को लाभ मिलेगा। पश्चिम बंगाल के डानकुनी में नए माल ढुलाई गलियारे की घोषणा की गई है और पूर्वोत्तर के पांच राज्यों में बौद्ध सर्किट का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक समूह, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल, राष्ट्रीय फाइबर योजना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए आत्मनिर्भर भारत कोष और आधारभूत संरचना निवेश ट्रस्ट जैसी योजनाएं अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगी। प्रेम कुमार ने कहा कि पटना और वाराणसी में जहाज मरम्मत केंद्र बनाए जाएंगे, जो विशेष रूप से आंतरिक जलमार्गों के लिए होंगे। इन केंद्रों से नदी मार्ग परिवहन को मजबूती मिलेगी और दोनों शहरों को जलमार्ग केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे बिहार की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि जैव-औषधि क्षेत्र के लिए दस हजार करोड़ रुपये की बायोफार्मा शक्ति योजना शुरू की जाएगी जिसके तहत तीन नए संस्थान स्थापित होंगे और देश को चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बनाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश के युवाओं के लिए सेवा क्षेत्र पर विशेष फोकस रखा गया है। एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता को जोड़कर विकास और निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाएगी। सेवा क्षेत्र में दस प्रतिशत वैश्विक हिस्सेदारी के लक्ष्य को हासिल करने पर जोर दिया गया है। प्रेम कुमार ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने वाला है और भारत को एक सशक्त वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शेरघाटी के सात परीक्षा केंद्रों पर 10,939 छात्राएं होंगी शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 200 मीटर की परिधि में अनावश्यक भीड़, धरना-प्रदर्शन एवं अन्य गतिविधियों पर रोक रहेगी। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शेरघाटी अनुमंडल में कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां 10,939 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी। रंगलाल इंटर स्कूल में कला संकाय के 1012 और विज्ञान संकाय के 590, कुल 1602 परीक्षार्थी परीक्षा देंगी। प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल में कला से 499 और विज्ञान से 339, कुल 838 छात्राएं शामिल होंगी। एसएमएसजी कॉलेज में दो ब्लॉक बनाए गए हैं। ब्लॉक-ए में कला से 1339, वाणिज्य से 10 और विज्ञान से 984, कुल 2333 परीक्षार्थी परीक्षा देंगी जबकि ब्लॉक-बी में कला से 1360 और विज्ञान से 868, कुल 2228 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी।

मनोरमा कन्या मध्य विद्यालय में कुल 513, चंद्रमणि विद्यालय में 1128 और वीएस राय महिला कॉलेज में 2297 छात्राएं परीक्षा देंगी। प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल को आदर्श परीक्षा केंद्र घोषित किया गया है। कुल मिलाकर कला संकाय से 6719, विज्ञान से 4198 और वाणिज्य से 22 छात्राएं परीक्षा में भाग लेंगी। प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# संगठन विस्तार की रणनीति को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** वजीरगंज में रविवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने संगठन सृजन के लिए बैठक आयोजित की। इसके लिए सभी कांग्रेसी प्रखंड मुख्यालय के व्यापार मंडल परिसर में एकत्रित हुए एवं अपनी-अपनी बात रखी। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक कमलेश चन्द्रवंशी ने कहा कि पार्टी के सभी कमियों को परखा गया है, अब नए तरीके से आर्थिक मदद करते हुए पार्टी का उत्थान किया जाएगा जिसमें अभियान चलाकर नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सतीश सिंह ने कहा कि सभी लोगों का जो भी निर्णय होगा उसे मैं मानूंगा तथा पार्टी से तन - मन, धन से जुड़ा रहूंगा। वहीं वरिष्ठ नेता रामाश्रय सिंह, इंटक अध्यक्ष साधुशरण सिंह, संचालन कर रहे मिथलेश शर्मा, तपेश्वर पुरी, राकेश कुमार, रामाकान्त सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, लाल बाबु, अनिल यादव, अनिल पांडेय, इसराइल खां सहित अन्य लोगों ने भी अपनी बात रखते हुए पार्टी विकास की बात की।

# प्रेम कुमार ने की गया में रेलवे विकास कार्यों की समीक्षा

## गुमटी संख्या एक पर फुट ओवर ब्रिज प्रस्ताव पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने शनिवार को जिला अतिथि गृह गया में गया रेल के एईएन पदाधिकारी के साथ रेलवे से जुड़े विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में गया में चल रही और प्रस्तावित रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक के दौरान गया में रेलवे गुमटी संख्या एक के बंद होने से स्थानीय नागरिकों को हो रही परेशानियों पर गंभीर चर्चा हुई। इस संबंध में पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि गुमटी संख्या एक पर छह करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से पैदल उपरिगामी पुल निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर डीआरएम कार्यालय को भेजा जा चुका है। इस पर प्रेम कुमार ने कहा कि वे स्वयं भी इस समस्या को पत्र के माध्यम से रेल मंत्रालय के संज्ञान में लाएंगे। समीक्षा के क्रम में यह भी बताया गया कि रेलवे परिसर में स्थित मंदिरों को नव निर्मित मंदिर बनाकर स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं लोको कॉलोनी के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव रेल मंत्रालय स्तर पर है जिससे रेलवे अधिकारियों के आवासन, आतिथ्य तथा दुकानों की सुविधाओं का विकास किया जा सके। रेलवे बोर्ड की बैठक में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बहुमंजिला भवन निर्माण का प्रस्ताव भी लिया गया है। इसके साथ ही एईएन इंस्पेक्टर कॉलोनी के जीर्णोद्धार तथा मार्शलिंग यार्ड में विकास कार्य कराए जाने की योजना है। रेलवे अधिकारियों से जुड़े इन सभी विकास कार्यों को रेल भूमि विकास प्राधिकरण को सौंपा गया है। इस अवसर पर प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से गया रेलवे स्टेशन का कायाकल्प तेजी से हो रहा है। स्टेशन का लगभग सत्तर प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य आगामी सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गया रेलवे स्टेशन न केवल बिहार बल्कि देश के चुनिंदा उत्कृष्ट रेलवे स्टेशनों में शामिल होगा। प्रेम कुमार ने यह भी कहा कि गया मगध प्रमंडल का मुख्यालय होने के कारण डीआरएम कार्यालय का विस्तार गया में ही किया जाना चाहिए तथा उपनगरीय रेलवे सेवाओं की व्यवस्था भी यहां उपलब्ध होनी चाहिए। ताकि क्षेत्र के समग्र विकास को और गति मिल सके।

# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने वाला बजट : श्रेयसी सिंह

## बांका, जहानाबाद, गया में खेल को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय होंगे स्थापित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गया जी/शेरघाटी।** नई बाजार स्थित कृष्णा इंटरनेशनल होटल में रविवार को बजट 2026 के जन संवाद कार्यक्रम सह प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। सिंह ने इस दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट की सराहना करते हुए इसे देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक दूरदर्शी और मजबूत कदम बताया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट समाज के हर वर्ग–युवा, महिला, बुजुर्ग और मध्यम वर्ग–को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और खेल क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जमुई विधानसभा क्षेत्र की जनता ने पहली बार से ज्यादा वोटों से आशीर्वाद देकर हमें बिहार के विकास में योगदान के लिए भेजा है। बजट भारत का सपना है। महिलाओं को सम्मान, किसानों को सहायता और राज्य देश के खिलाड़ियों को 2026 में बेहतर मौका दिया जाने वाला है। खेलो इंडिया मिशन के तहत छोटे उम्र से बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रशिक्षण केंद्र में देने की योजना है। रेलवे नेटवर्क के विस्तार और नई रेल लाइनों के विकास से आवागमन आसान होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। गंभीर बीमारियों की दवाइयों को सस्ता करने के फैसले से आम लोगों को राहत मिलेगी। खेलो इंडिया मिशन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए जिला स्तर पर एकलव्य विद्यालय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित की जा रही है ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके। मंत्री ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचों को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित करने की योजना है। उन्होंने केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना को और सशक्त बनाने की बात कही जिससे खिलाड़ियों के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

# बजट में किसान, युवा, महिला, श्रमिक और उद्यमी का विशेष ध्यान : डा. मनीष पंकज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** लोकसभा में वर्ष 2026-27 का आम बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट हर वर्ग के लिए राहत, अवसर और आत्मनिर्भरता का संदेश लेकर आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को साकार करता है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला, श्रमिक और उद्यमी सभी का विशेष ध्यान रखा गया है। आयकर ढांचे में स्थिरता, बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती तथा शिक्षा-कौशल विकास पर जोर ये सभी कदम आम जनता के लिए राहत देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन और पूंजीगत व्यय में वृद्धि से अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। किसानों के लिए उन्नत कृषि तकनीक, सिंचाई, भंडारण और कृषि-आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की घोषणाएं स्वागत योग्य हैं। वहीं युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, स्टार्ट-अप और नवाचार को प्रोत्साहन देने से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाएं सामाजिक समावेशन को मजबूत करेंगी। राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि बुनियादी ढांचे रेल, सड़क, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी पर बढ़ा हुआ निवेश न केवल विकास को रफ्तार देगा, बल्कि देश के दूरदराज क्षेत्रों को भी मुख्यधारा से जोड़ेगा। यह बजट 'विकास के साथ-साथ विश्वास' का दस्तावेज है जो भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। स्वागत करने वालों में संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह, मंटू कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता, यशराज सहित अन्य मौजूद रहे।

# कोंच थानाध्यक्ष का ग्राम रक्षा दल महासंघ ने किया भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ के तत्वावधान में रविवार को कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्राम रक्षा दल महासंघ के सिपाहियों ने थानाध्यक्ष को गुलदस्ता व पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि पूर्व में जहां भी उन्हें कार्य करने का अवसर मिला, वहां ग्राम रक्षा दल के सिपाहियों का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने कोंच थाना क्षेत्र में भी आपसी समन्वय, भाईचारे और सम्मान के साथ कार्य करने की बात कही। आवश्यकता पड़ने पर कमान पत्र के माध्यम से सिपाहियों को ड्यूटी देने तथा पुलिस-ग्राम रक्षा दल के संयुक्त प्रयास से असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सहायक महामंत्री गणेश मिश्रा ने की। मौके पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री अजय कुमार आर्य सहित कई पदाधिकारी व सिपाही उपस्थित रहे।

# शराबी युवक गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप गांव में शराब पीकर शोरगुल और हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान रामधन दास, ग्राम कोराप निवासी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार रविवार को रामधन दास नशे की हालत में गांव में सार्वजनिक स्थान पर जोर-जोर से हंगामा कर रहा था जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर आंती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज किया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने रविवार शाम करीब 4 बजे दी।

# आज से तीसरी बार लगेगा फार्मर रजिस्ट्री कैम्प : संजीव कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** कृषि विभाग एवं राजस्व तथा भूमि सुधार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 2 फरवरी से गया के सभी प्रखण्डों की सभी पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प को तीसरी बार लगाया जायेगा। यह विशेष अभियान 6 फरवरी तक चलेगा। फार्मर रजीस्ट्री कैम्प पंचायत सरकार भवन, पंचायत कृषि कार्यालय, सामुदायिक भवन एवं क्षेत्र के प्रमुख विद्यालय परिसर में लगाया जा रहा है। कैम्प में कृषि विभाग के कर्मी एवं राजस्व विभाग के कर्मी एक साथ उपस्थित होकर किसानों का इकेवाईसी और फार्मर आइडी तैयार करने की प्रक्रिया को मोबाइल की मदद से ऑनलाइन पूरा करेंगे। कृषि विभाग की ओर से कैम्प में कृषि समन्वयकों, किसान सलाहकारों, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधकों एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। राजस्व विभाग की ओर से राजस्व कर्मचारी एवं हल्का कर्मचारी इस काम के लिये प्रतिनियुक्त हैं। संबंधित प्रखण्ड के अंचल अधिकारी एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अपने-अपने प्रखण्ड में लगाये गये फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में किये जा रहे कार्य का अनुश्रवण करेंगे एवं समस्याओं का समाधान करायेंगे। सभी अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी इस कार्य के लिये नोडल पदाधिकारी नामित है। किसान भाइयों से अपील है कि वे अपने क्षेत्र के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक या सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क करके फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में पहुंचे और अपना ई-केवाईसी तथा फार्मर आईडी बनवायें। आने वाले समय में सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये फार्मर आईडी को सरकार अनिवार्य करने वाली है और जिन किसानों का यूनीक फार्मर आईडी होगा वे ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के योग्य माने जायेंगे। साथ ही छोटे बड़े सभी किसानों से अनुरोध है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह और दुष्प्रचार पर ध्यान नहीं दे और कैम्प में पहुंचकर अपना फार्मर रजीस्ट्री करायें, इससे किसी भी किसान को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा। फार्मर रजिस्ट्री का काम किसान अपने नजदीकी वसुधा केन्द्र / कॉमन सर्विस सेन्टर से सम्पर्क कराकर कराया जा सकता है। फार्मर रजिस्ट्री के लिये केवल आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर एवं स्वयं के नाम से जमाबंदी की आवश्यकता है। जिला के सभी किसान 2 फरवरी से शुरु हो रहे फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में भाग लेकर अपना फार्मर आईडी बनवाये।


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग




**क्या करें :**

1. स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी रखा जाए। शीत लहर से पशुओं के बचाव की पूर्व तैयारी की ली जाए।
2. पशुशाला को सभी तरफ से ढ़कने (विशेषकर रात्रि में) की व्यवस्था की जाए ताकि सीधे तौर पर शीत लहर से पशुओं को बचाया जा सके।
3. पशुओं के बिछावन हेतु सूखे पुआल की व्यवस्था कर ली जाए।
4. शीतदंश (Frost Bite) से बचाव हेतु पर्याप्त रोशनी तथा गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों की व्यवस्था पूर्व में कर ली जाए।
5. पशुओं को कीड़ा मारने वाली दवा जाड़े के पूर्व दे दी जानी चाहिए एवं खुरपका–मुंहपका, पी0पी0आर0, इन्टेरोट्रॉकसीमिया रोग के विरूद्ध टीकाकरण कराना चाहिए।
6. पशुओं को सूखे एवं धुँआ रहित स्थानों पर रखा जाए।
7. मुर्गियों / पक्षियों को रखने के स्थान पर गर्मी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।
8. वाह्य परजीवियों से पशुओं को बचाने हेतु नारगुण्डी तथा लेमन ग्रास की पत्तियों को पशुशाला में टांगना चाहिए। नीम तेल से युक्त निस्क्रामक रसायनों (Disinfectant) का उपयोग किया जाना चाहिए।
9. जाड़े में पशुओं के शरीर को ढ़क कर रखा जाए।
10. पशुओं को संतुलित एवं नमक / इलेक्ट्रोलाईट से युक्त पूरक आहार देना चाहिए। खल्ली एवं गुड़ की अतिरिक्त मात्रा दिया जाना चाहिए ताकि शरीर गर्म रहे।
11. पशुओं को स्वच्छ नाद में हल्का गर्म पानी दिन में तीन–चार बार देना चाहिए।
12. पशुओं / पक्षियों के बीमार होने पर शीघ्र स्थानीय पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।
13. बीमार, कमजोर एवं गर्भवती पशुओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।
14. पशु शवों का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से एवं लोगों के निवास तथा जलस्त्रोतों से पर्याप्त दूरी रखते हुए किया जाना चाहिए।
15. आग के स्त्रोत पशुशाला से आवश्यक दूरी पर रखना चाहिए तथा अग्नि आपदा से बचाव के सभी नियमों का पालन किया जाना चाहिए।
16. पर्यावरण के अनुकूलन के साथ पशुशाला का निर्माण, जिसमे जाड़े में अधिकतम सूर्च–किरण एवं गर्मी में न्यूनतम रेडिएसन की उपलब्धता हो, कराया जाए।



**क्या न करें :**

1. शीत ऋतु में पशुओं को खुले में नहीं छोड़ना चाहिए।
2. ठंडा भोजन एवं पानी पशुओं को नहीं देना चाहिए।
3. पशुओं एवं मुर्गियों / पक्षियों को नमीयुक्त एवं धुँआ वाले स्थान पर नहीं रखना चाहिए, इससे Pneumonia का खतरा बढ़ता है।
4. पशुओं के चारागाह के रास्ते में पशु शवों का निस्तारण नहीं करना चाहिए।
5. बीमार पशुओं की चिकित्सा फर्जी चिकित्सकों से नहीं कराना चाहिए।

PR No.- 023010 (Animal)D. 2025-26

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की रोक : सभी को राहत

यूजीसी ( यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन) द्वारा देश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जातीय भेदभाव रोकने के लिए जारी ताजा और विवादित इक्विटी नियमों के बाद देश भर में मचे बवाल के उपरांत सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगाकर न केवल सामान्य वर्ग को बल्कि सभी को और खासकर केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सयूजीसी प्रमोशन ऑफ़ इक्विटी रेग्युलेशंस 2026' के प्रावधानों में प्रथम दृष्टया अस्पष्टता है और इनके दुरुपयोग की आशंका है। कोर्ट ने इन नियमों के लागू होने पर फ़िलहाल रोक लगाते हुए सुझाव दिया कि विशेषज्ञों की एक समिति इन नियमों में खामियों को भरने पर विचार कर सकती है।

मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि ऐसा नए नियमों का मसौदा तैयार करते समय कुछ पहलुओं की नजरअंदाज किया गया। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। इसे रोहित वेमुला की मां की ओर से 2012 के यूजीसी नियमों को चुनौती देने वाली याचिका के साथ सुना जाएगा। दरअसल 2012 के नियमों में जहां केवल 'भेदभाव' की बात की गई थी वहीं 2026 में लाए गए संशोधित नियमों में भेदभाव की परिभाषा में 'जाति आधारित भेदभाव' शब्द को जोड़ा गया है। नए नियमों में 'जाति-आधारित भेदभाव' का मतलब सिर्फ़ जाति या जनजाति के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्यों के विरुद्ध किया जाने वाला भेदभाव है। नए नियमों के तहत हर विश्वविद्यालय और कॉलेज को समान अवसर केंद्र या इक्वल ऑपर्च्युनिटी सेंटर स्थापित करना होगा। इस केंद्र का काम वंचित समुदायों के हितों से जुड़ी योजनाओं पर नज़र रखना, छात्रों और कर्मचारियों को पढ़ाई, सामाजिक मामलों और पैसों से जुड़ी सलाह देना, परिसर में विविधता और सबको साथ लेकर चलने का माहौल बढ़ाना और ज़रूरत पड़ने पर ज़िला और राज्य की कानूनी सेवा संस्थाओं की मदद से कानूनी सहायता उपलब्ध कराना होगा। इस केंद्र के तहत एक समता समिति बनाई जाएगी, जिसकी अध्यक्षता संस्थान के प्रमुख करेंगे। इस समिति में वरिष्ठ शिक्षक, सिविल सोसायटी के सदस्य और छात्र शामिल होंगे। यह समिति भेदभाव से जुड़ी शिकायतों की जांच करेगी। प्रत्येक संस्थान को एक चौबीसों घंटे उपलब्ध 'समता हेल्पलाइन' चलानी होगी।

अगर किसी छात्र, शिक्षक या कर्मचारी को लगे कि उसके साथ भेदभाव हुआ है तो वह हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल या समान अवसर केंद्र को ईमेल के ज़रिए शिकायत दर्ज कर सकता है। अनुरोध करने पर शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इन नियमों की सबसे बड़ी खामी यह थी कि इसमें सवर्ण वर्ग को स्वतः अपराधी मान लिया गया था। क्योंकि जो समितियां बनाई जाएंगी, उनमें एससी, एसटी और ओबीसी के प्रतिनिधियों को तो रखा गया है, लेकिन सवर्ण वर्ग के किसी प्रतिनिधि का प्रावधान नहीं है। सारा बवाल इसी को लेकर है। उधर कोर्ट का यह भी कहना है कि भेदभाव के मामले में उसने केवल एससी, एसटी के साथ होने वाले उत्पीड़न को रोकने के लिए कमेटियां बनाने के लिए कहा था कि इसमें ओबीसी को यूजीसी ने अपने मन से क्यों जोड़ा? यूजीसी के इन नियमों पर सामान्य वर्ग के छात्र सड़कों पर उतर आए। यहां तक भाजपा में भी सामान्य वर्ग के सांसद और विधायक इन नियमों से नाराज थे। छात्रों की नाराजी के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह सफाई देने की कोशिश की किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। लेकिन कैसे, यह वो भी नहीं बता सके। दूसरे, यूजीसी में काम कैसे हो रहा है, यह इसकी बानगी है। क्या एक भी व्यक्ति वहां इतना समझदार नहीं है कि नियमों की इस बड़ी खामी को पकड़ पाता। नियम जारी करने से पहले उन्हें अनुमोदन के लिए संसद की स्थायी कमेटी को भी नहीं भेजा गया।

# केंद्रीय बजट 2026 में बिहार: विकास के लिए रणनीतिक मांगें, सशक्तिकरण के ठोस आश्वासन

**प्रो. तपन कुमार शांडिल्य**
**प्रधानाचार्य, टी. पी. एस. कॉलेज, पटना, बिहार.**
**पूर्व कुलपति, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, झारखण्ड.**

1 फरवरी, 2026 को पेश केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत ञ्च2047 के विजन का एक स्तंभ है, जिसमें बिहार की समृद्धि और तीव्र विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता के केंद्र में रखा गया है। यह बजट केवल आवंटन का दस्तावेज नहीं, बल्कि बिहार की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक चुनौतियों को समझते हुए उसे दीर्घकालिक आर्थिक शक्ति बनाने का एक रोडमैप है। बजट से पूर्व बिहार सरकार ने केंद्र के समक्ष जो रणनीतिक मांगें रखी थीं, बजट उनका एक व्यापक और संरचनात्मक जवाब प्रतीत होता है। इन मांगों में राज्य को अतिरिक्त ऋ्र्रा लेने की सीमा (GSDP का अतिरिक्त 2 %) बढ़ाना, उपकरों (Cess) और अधिभारों (Surcharge) को राज्यों के साथ बंटने वाले विभाज्य कोष में शामिल करना, और बाढ़ प्रबंधन हेतु एक विशेष पैकेज शामिल था । बिहार की अर्थव्यवस्था केंद्रीय करों में हिस्सेदारी और अनुदान पर अधिक निर्भर है, क्योंकि उसका केवल 25-27त्न राजस्व ही अपने स्रोतों से आता है । ऐसे में, केंद्रीय बजट में राज्य की वित्तीय क्षमता बढ़ाने वाले प्रावधान सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं।

**वित्तीय सशक्तिकरण और शासन सुधार:** बजट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू बिहार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए ठोस कदम हैं। राज्य को विकासात्मक खर्च के लिए अधिक संसाधन जुटाने में मदद करने हेतु, केंद्र ने राजकोषीय घाटे के मानदंडों में लचीलापन दिखाने का संकेत दिया है। इससे बिहार सरकार द्वारा मांगी गई अतिरिक्त ऋ्र्रा सीमा के मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है । साथ ही, राजस्व साझाकरण के ढांचे को और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक उच्च-स्तरीय समिति के गठन का प्रस्ताव है, जो बिहार की उपकरों (Cess) को विभाज्य कोष में लाने की मांग का एक सकारात्मक जवाब है । प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए, डिजिटल भारत पहल के तहत बिहार में सभी सरकारी सेवाओं और योजनाओं की वास्तविक-समय (Real-Time) निगरानी के लिए एक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। भ्रष्टाचार रोकथाम के लिए एक मजबूत लोकपाल संस्थान को सशक्त बनाने और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतों के गठन का प्रावधान भी शामिल है।

**आधारभूत संरचना का आधुनिकीकरण**

बिहार की कनेक्टिविटी और उत्पादक क्षमता बढ़ाने के लिए बजट में अभूतपूर्व आवंटन किया गया है। परिवहन क्षेत्र में, बिहार को राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जोड़ने वाली नई एक्सप्रेसवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी । साथ ही, पूर्वांचल क्षेत्र में रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन और नए रेल लिंक को प्राथमिकता दी गई है। पूर्णिया हवाई अड्डे सहित राज्य के आठ हवाई अड्डों के विकास को तेज गति से पूरा करने के लिए विशेष धनराशि आवंटित की गई है । ऊर्जा क्षेत्र में, बिहार को हर घर जल और 24×7 बिजली के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के लिए एक विशेष पैकेज दिया गया है, जिसमें सौर ऊर्जा परियोजनाओं और स्मार्ट ग्रिड के विकास पर जोर दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण है, बिहार की सबसे बड़ी समस्या यानी बाढ़ प्रबंधन के लिए एक व्यापक बाढ़ सुरक्षा एवं प्रबंधन मिशन की शुरुआत । इस मिशन के तहत कोसी, गंडक और बागमती नदियों पर उन्नत बांधों का निर्माण, सैटेलाइट आधारित पूर्व चेतावनी प्रणाली और नदी जोड़ो परियोजना को गति देने के लिए धनराशि शामिल है ।



**कृषि और औद्योगिक क्रांति:** बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि को और मजबूत बनाने तथा रोजगार सृजन के लिए बजट में कई नवाचारी कदम उठाए गए हैं। कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन योजना को विस्तार देते हुए बिहार के लिए अतिरिक्त कोटा निर्धारित किया गया है, ताकि छोटे किसान भी आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकें। साथ ही, राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पांच नए मेगा फूड पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे । बिहार सरकार द्वारा उद्योगों के जाल बिछाने की घोषणा को ध्यान में रखते हुए , केंद्र ने बिहार को नई औद्योगिक नीति के तहत ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। इसमें विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ), स्किल डेवलपमेंट सेंटर और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर शामिल होंगे। भागलपुर के पारंपरिक रेशम उद्योग के पुनरुद्धार के लिए एक विशेष पैकेज की भी घोषणा की गई है, जिसमें बुनकरों को ऋ्र्रा सब्सिडी और आधुनिक करघे उपलब्ध कराए जाएंगे । राज्य की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए क्रेडिट गारंटी सीमा बढ़ाई गई है और नए उद्यम स्थापित करने पर कर छूट का प्रावधान किया गया है।

**सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तिकरण:** बजट में बिहार की जनता के जीवन स्तर में सुधार लाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए, आयुष्मान भारत योजना के तहत बिहार में सभी परिवारों को स्वास्थ्य बीमा कवर की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दी गई है। साथ ही, बेगूसराय में एक अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल और राज्य के सभी जिलों में 108 नगर चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है । शिक्षा के क्षेत्र में, छात्रवृत्ति राशि को दोगुना करने के बिहार सरकार के फैसले का समर्थन करते हुए, केंद्र ने डिजिटल शिक्षा बुनियादी ढांचे के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटित की है। महिला सशक्तिकरण बिहार सरकार के सात निश्चय-3 एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है । इसे और गति देते हुए केंद्रीय बजट में महिला सम्मान बचत योजना के तहत ब्याज दर में वृद्धि की गई है। साथ ही, महिला स्वरोजगार योजना के तहत 2 लाख रुपये तक के ऋ्र्रा पर ब्याज सब्सिडी का प्रावधान किया गया है । पटना में महिला हाट और राज्य के प्रमुख शहरों में पिंक बस सेवा जैसी योजनाओं को और विस्तार देने के लिए भी विशेष बजटीय सहायता प्रदान की गई है।

**निष्कर्ष:** केंद्रीय बजट 2026 बिहार के विकास के लिए एक संरचनात्मक और रणनीतिक दस्तावेज है, जो राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं और मांगों को गंभीरता से संबोधित करता है। वित्तीय सशक्तिकरण से लेकर आधारभूत ढांचे के आधुनिकीकरण, कृषि एवं उद्योग को बढ़ावा और सामाजिक कल्याण तक, बजट में बिहार के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। हालांकि, बजट की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इन योजनाओं और आवंटनों का क्रियान्वयन कितनी दक्षता और पारदर्शिता से होता है। बिहार सरकार के समक्ष यह चुनौती है कि वह केंद्र की इन घोषणाओं को जमीन पर उतारे और पिछले वर्षों के बजट में किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस प्रगति दिखाए। यदि ऐसा होता है, तो यह बजट बिहार को एक नई आर्थिक गति प्रदान करने और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

अध्यात्म

## निःस्वार्थ लोकसेवा किसी भी उपासना से बढ़कर हैं

एक राजा बहुत बड़ा प्रजापालक था, हमेशा प्रजा के हित में प्रयत्नशील रहता था। वह इतना कर्मठ था कि अपना सुख, ऐशो-आराम सब छोड़कर सारा समय जन-कल्याण में ही लगा देता था। यहाँ तक कि जो मोक्ष का साधन है अर्थात भगवत-भजन, उसके लिए भी वह समय नहीं निकाल पाता था। एक सुबह राजा वन की तरफ भ्रमण करने के लिए जा रहा था कि उसे एक देव के दर्शन हुए। राजा ने देव को प्रणाम करते हुए उनका अभिनन्दन किया और देव के हाथों में एक लम्बी-चौड़ी पुस्तक देखकर उनसे पूछा – महाराज, आपके हाथ में यह क्या है? देव बोले – राजन! यह हमारा बहीखाता है, जिसमे सभी भजन करने वालों के नाम हैं। राजा ने निराशायुक्त भाव से कहा – कृपया देखिये तो इस किताब में कहीं मेरा नाम भी है या नहीं? देव महाराज किताब का एक-एक पृष्ठ उलटने लगे, परन्तु राजा का नाम कहीं भी नजर नहीं आया। राजा ने देव को चिंतित देखकर कहा – महाराज ! आप चिंतित ना हों, आपके ढूंढने में कोई भी कमी नहीं है। वास्तव में ये मेरा दुर्भाग्य है कि मैं भजन-कीर्तन के लिए समय नहीं निकाल पाता, और इसीलिए मेरा नाम यहाँ नहीं है। उस दिन राजा के मन में आत्म-ग्लानि-सी उत्पन्न हुई लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इसे नजर-अंदाज कर दिया और पुनः परोपकार की भावना लिए दूसरों की सेवा करने में लग गए। कुछ दिन बाद राजा फिर सुबह वन की तरफ टहलने के लिए निकले तो उन्हें वही देव महाराज के दर्शन हुए, इस बार भी उनके हाथ में एक पुस्तक थी। इस पुस्तक के रंग और आकार में बहुत भेद था, और यह पहली वाली से काफी छोटी भी थी। राजा ने फिर उन्हें प्रणाम करते हुए पूछा – महाराज ! आज कौन सा बहीखाता आपने हाथों में लिया हुआ है? देव ने कहा – राजन! आज के बहीखाते में उन लोगों का नाम लिखा है जो ईश्वर को सबसे अधिक प्रिय हैं! राजा ने कहा – कितने भाग्यशाली होंगे वे लोग? निश्चित ही वे दिन रात भगवत-भजन में लीन रहते होंगे! क्या इस पुस्तक में कोई मेरे राज्य का भी नागरिक है?देव महाराज ने बहीखाता खोला, और ये क्या, पहले पन्ने पर पहला नाम राजा का ही था। राजा ने आश्चर्यचकित होकर पूछा- महाराज, मेरा नाम इसमें कैसे लिखा हुआ है, मैं तो मंदिर भी कभी-कभार ही जाता हूँ? देव ने कहा – राजन! इसमें आश्चर्य की क्या बात है? जो लोग निष्काम होकर संसार की सेवा करते हैं, जो लोग संसार के उपकार में अपना जीवन अर्पण करते हैं। जो लोग मुक्ति का लोभ भी त्यागकर प्रभु के निर्बल संतानो की सेवा-सहायता में अपना योगदान देते हैं उन त्यागी महापुरुषों का भजन स्वयं ईश्वर करता है। ऐ राजन! तू मत पछ्ता कि तू पूजा-पाठ नहीं करता, लोगों की सेवा कर तू असल में भगवान की ही पूजा करता है। परोपकार और निःस्वार्थ लोकसेवा किसी भी उपासना से बढ़कर हैं।

# स्वच्छ हवा का संकट और घटते वित्तीय संसाधन

**स्वच्छ हवा आज दुनिया की सबसे बुनियादी ज़रूरतों में शामिल है, लेकिन वैश्विक वित्तीय व्यवस्था इसे अब भी प्राथमिकता नहीं मानती। 'क्लीन एयर फंड' की ताज़ा वैश्विक रपटरपट ने एक बार फिर इस कड़वी सच्चाई को सामने रखा है कि दुनिया के तमाम देश और विकास एजेंसिया स्वच्छ हवा के लिए बड़े-बड़े वादे तो जरूर करती हैं, लेकिन उनका धन उन्हीं परियोजनाओं में जा रहा है, जो हवा को और ज़हरीला बना रही हैं। यह स्थिति केवल नीतिगत विफलता नहीं है, बल्कि एक ऐसे वैश्विक अन्याय का उदाहरण है, जिसका सबसे भारी बोझ भारत जैसे विकासशील देशों को उठाना पड़ रहा है। यह चिंताजनक स्थिति है और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।**



'क्लीन एयर फंड' की रपट के मुताबिक 2023-24 के दौरान कई देशों की सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने जीवाश्म ईंधन को लंबे समय तक बनाए रखने वाली परियोजनाओं में वित्तीय राशि 80 फीसद बढ़ाकर 9.5 अरब डॉलर कर दी। इसके उलट, स्वच्छ हवा और वायु गुणवत्ता सुधार के लिए दी जाने वाली सहायता घटकर 3.7 अरब डॉलर रह गई, जो कुल वैश्विक विकास सहायता का महज़ एक फीसद ही है। यह आँकड़ा बताता है कि विकास वित्त और मानव स्वास्थ्य के बीच की खाई कितनी गहरी होती जा रही है। हर वर्ष होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन चाहे वे जलवायु पर हों या स्वास्थ्य पर, ये स्वच्छ हवा को मानव अधिकार के रूप में स्वीकार करते हैं। मगर जब बजट आवंटन की बात आती है, तो वही सरकारें और संस्थाएँ पीछे हट जाती हैं। ऐसा लगता है कि वैश्विक निर्णय लेने वाली संस्थाएँ प्रदूषण से होने वाली मौतों और बीमारियों की वास्तविक कीमत को समझने के बजाय आर्थिक और कारोबारी हितों को ज़्यादा महत्व दे रही हैं। इससे कई देशों के समाने जोखिम लगातार बढ़ रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब दुनिया की सबसे बड़ी विकास एजेंसी यूएसएड के बंद होने और विश्व बैंक पर जीवाश्म ईंधन ऋ्र्रा बढ़ाने के दबाव जैसी चर्चा सामने आती हैं। इन फैसलों ने स्वच्छ हवा के लिए चल रहे वैश्विक प्रयासों की रीढ़ कमजोर कर दी है। क्लीन एयर फंड की मुख्य कार्यकारी जेन बर्स्टन की चेतावनी इस संदर्भ में बेहद अहम है अगर दिशा नहीं बदली गई, तो आने वाले वर्षों में करोड़ों और लोग जहरीली हवा के कारण जान गंवाएँगे।

गौरतलब है कि आज वायु प्रदूषण दुनिया भर में हर साल लगभग 57 लाख लोगों की जान ले रहा है। यह संख्या 2040 तक 62 लाख तक पहुँच सकती है। यह कोई संभावित खतरा नहीं, बल्कि एक चलती-फिरती महामारी है, जो चुपचाप समाज के सबसे कमजोर तबकों को निगल रही है। यह संकट सिर्फ़ स्वास्थ्य से जुड़ा नहीं है; यह बताता है कि वैश्विक राजनीति में किसकी ज़िंदगी की कीमत क्या है। लिहाजा, अब इसे समझने और सचेत होने की जरूरत है।

वैश्विक रिपोर्ट यह भी दिखाती है कि स्वच्छ हवा के लिए उपलब्ध सीमित वित्तीय अनुदान का वितरण बेहद असमान है। वर्ष 2023 में फिलीपींस, बांग्लादेश और चीन को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए 65 फीसद बाहर से सहायता राशि मिली, जबकि उप-सहारा अफ्रीका के लिए सहायतासहायता राशि 91 फीसद घटकर केवल 1.18 करोड़ डॉलर रह गई। यानी जिन इलाक़ों में स्वास्थ्य ढाँचा सबसे कमजोर है, वहीं मदद सबसे कम पहुँच रही है। भारत इस वैश्विक असमानता का सबसे बड़ा उदाहरण है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में भारत के शहर लगातार ऊपर बने हुए हैं। दिल्ली, पटना, लखनऊ, कानपुर, धनबाद, गाजियाबाद ये नाम अब केवल शहर नहीं, बल्कि वैश्विक प्रदूषण चेतावनी बन चुके हैं। सर्दियों के महीनों में उत्तर भारत का बड़ा हिस्सा गैस चैंबर में बदल जाता है, जहाँ बच्चों, बुज़ुर्गों और बीमार लोगों के लिए साँस लेना तक मुश्किल हो जाता है। भारत को स्वच्छ हवा के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता में प्राथमिकता नहीं मिलती। न तो वायु प्रदूषण पर शोध के लिए पर्याप्त सहयोग मिलता है, न ही स्थानीय समाधान विकसित करने के लिए दीर्घकालिक निवेश। जबकि भारत की स्थिति यह है कि यहाँ वायु प्रदूषण से हर साल करीब 95 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति होती है। यह नुकसान केवल अस्पतालों के बढ़ते खर्च में नहीं दिखता, बल्कि काम के दिनों की हानि, स्कूल न जा पाने वाले बच्चों, घटती उत्पादकता और जीवन की गिरती गुणवत्ता के रूप में सामने आता है। भारत जैसे देश के लिए वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है। यह गरीबी, असमानता और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से सीधा जुड़ा हुआ मुद्दा है। गरीब बस्तियाँ, असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मज़दूर, सड़क किनारे रहने वाले लोग ये सभी सबसे ज़्यादा प्रदूषण झेलते हैं, लेकिन निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में उनकी आवाज़ सबसे कम सुनी जाती है। अगर वैश्विक वित्तीय सहायता जीवाश्म ईंधन आधारित परियोजनाओं पर ही केंद्रित रही, तो भारत का स्वच्छ ऊर्जा अभियान धीमा पड़ेगा। कोयला आधारित बिजली संयंत्र, डीज़ल आधारित परिवहन और प्रदूषण फैलाते उद्योग न केवल जलवायु संकट को गहराएँगे, बल्कि भारत को एक स्थायी स्वास्थ्य आपदा की ओर धकेल देंगे। यह भी समझना ज़रूरी है कि वायु प्रदूषण किसी एक देश तक सीमित नहीं रहता। यह सीमाओं के पार फैलता है। दक्षिण एशिया में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल एक साझा वायु क्षेत्र में साँस लेते हैं। इसलिए वैश्विक वित्त की दिशाहीनता का असर पूरे क्षेत्र पर पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2040 तक मानवजनित वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों को आधा करने का लक्ष्य रखा है। जी20 ने भी वायु गुणवत्ता को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। मगर सच्चाई यह है कि वैश्विक राजनीति घोषणाओं में तेज़ी देखी जाती है लेकिन संसाधन मुहैया कराने की प्रक्रिया बेहद धीमी है। जब तक नीतियों और बजट के बीच की यह खाई बनी रहेगी, तब तक कोई भी लक्ष्य काग़ज़ से बाहर नहीं आ पाएगा। क्लीन एयर फंड की रिपोर्ट समाधान का रास्ता भी सुझाती है वित्त पोषण को जीवाश्म ईंधन के विस्तार से हटाकर स्वच्छ हवा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ा जाए। यह केवल तकनीकी बदलाव नहीं है, बल्कि मूल्यों का बदलाव है। यह पूरी दुनिया के लिए जरूरी भी है। वायु प्रदूषण कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है। यह राजनीतिक फैसलों, आर्थिक प्राथमिकताओं का अभाव इच्छा शक्ति की कमी और वैश्विक असमानता का परिणाम है। अगर विकास बैंक और वैश्विक संस्थाएँ अब भी अपनी दिशा नहीं बदलतीं, तो विश्व स्वास्थ्य संगठन और जी20 के लक्ष्य केवल खोखले घोषणापत्र बनकर रह जाएँगे। लेकिन अगर समय रहते दिशा बदली जाए, तो यह लड़ाई सिर्फ़ प्रदूषण की नहीं रहेगी बल्कि न्याय, समानता और हर इंसान को स्वच्छ साँस लेने के अधिकार की लड़ाई बन सकती है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
मन अत्यन्त प्रसन्न रहेगा। खानपान में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यय की तुलना में आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से बहस न करें। आपको अपने सम्मान की चिन्ता रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा करने से बचें। सर्दी की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन**
साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। वैवाहिक सम्बन्धों में परस्पर सम्मान का भाव बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**सिंह**
व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार प्रभाव बढ़ायेंगे।

**कन्या**
गैस की समस्या हो सकती है। धन हानि होने की आशंका है। इसीलिये आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों।

**तुला**
आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में उन्नति से सन्तुष्ट रहेंगे। मनोरञ्जन के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी।

**वृश्चिक**
अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। लेकिन आपको सभी कार्य अपने दम पर करने चाहियें। सन्तान की चिन्ता रहेगी।

**धनु**
नयी परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। लम्बित कानूनी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। विद्यार्थियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है।

**मकर**
दाम्पत्य सम्बन्धों में स्वार्थ की भावना को न आने दें। करियर में नये प्रयोग कर सकते हैं। दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा।

**कुंभ**
आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। सभी कार्यों को सुनियोजित तरीके से करने से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थानान्तरण हो सकता है। व्यवसाय में आय बढ़ सकती है।

**मीन**
आत्मनिरीक्षण करने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं। आज पुराने मित्रों से चर्चा होगी। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### हवाई फायरिंग मामले में एक युवक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज नगर बाजार स्थित नई मस्जिद के पास आधी रात हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पालीगंज नगर बाजार के बंदर बगीचा निवासी चिंटू पांडे के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी की आधी रात कार सवार बदमाश नई मस्जिद के पास पहुंचे और बीच सड़क पर तीन राउंड हवाई फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश हाथ में डंडा लेकर मस्जिद के सामने स्थित एक मकान के आगे लगे करकट को पीटने लगा। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और बीच सड़क से फायर किए गए तीन खोखे बरामद किए थे । सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार और फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान की। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चिंटू पांडे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल अन्य सभी लोगों की भी पहचान कर ली गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### बालू घाट गोलीकांड घटनास्थल का निरीक्षण

**पालीगंज (पटना)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के उदयपुर बालू घाट संख्या-04 पर वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (पालीगंज-01) ने रविवार को एसडीएम, माइनिंग पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं पर्याप्त सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घटनास्थल से जुड़े आवश्यक तथ्यों का संकलन किया। एसडीपीओ ने संबंधित अधिकारियों को मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना केंद्रीय बजट

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज लोकसभा में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 का सीधा प्रसारण भारतीय जनता पार्टी पटना ग्रामीण की ओर से पालीगंज स्थित पंपम मैरिज हॉल में सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और बजट भाषण को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान बजट में शामिल सरकार की विभिन्न योजनाओं और प्रावधानों पर आपसी चर्चा भी की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार वर्मा,पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार, सह क्षेत्रीय प्रभारी सह पूर्व जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, जिला उपाध्यक्ष कुमुद रंजन निकेश, विधानसभा संयोजक नारायण कुमार, कार्यक्रम संयोजक अंशुमन कुमार, मंडल अध्यक्ष उतम कुमार,लवकुश कुमार,सिंधु कुमार, शाही , अभिमन्यु कुशवाहा, युवा मोर्चा के संतन कुमार, राजू कुमार, पिंटू, बिट्टू, रामकृष्ण शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेता अशोक कुमार वर्मा, आशुतोष कुमार एवं रजनीश कुमार ने बजट को देश के विकास, गरीबों, किसानों और युवाओं के हित में बताया और इसे जनकल्याणकारी बजट बताया।



### चौकीदार बिंदेश्वर पासवान सेवानिवृत्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी अनुमंडल के पिपरा थाना में कार्यरत चौकीदार बिंदेश्वर पासवान के सेवानिवृत्त होने पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने पिपरा थाना में 34 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर पुलिस परिवार के सदस्यों ने बिंदेश्वर पासवान को अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। थाना अध्यक्ष कलेन्द्र कुमार ने चौकीदार बिंदेश्वर पासवान को अंग वस्त्र देकर विदाई दी। थानाध्यक्ष कलेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में एक दिन सेवानिवृत्त होना तय है। उन्होंने बिंदेश्वर पासवान की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की थानाध्यक्ष ने बताया कि चौकीदार 8/4 बिंदेश्वर पासवान पे0 स्वर्गीय रामप्रीत पासवान ग्राम बेहरावा थाना पिपरा जो क्षेत्र- पुरैनीया,नेवा कार्यरत थे।एक तेज और सक्रिय चौकीदार माना जाता था। वे शराब माफियाओं और अपराधियों के लिए अपने क्षेत्र में 'काल' बनकर काम करते थे। वे हर वक्त अपने क्षेत्र में सक्रिय रहते थे और हर प्रकार की सूचना थाना तक पहुंचाते थे।उन्होंने उन्हें थाना के लिए एक 'अच्छे सिपाही' के रूप में याद किया, जिन्होंने हमेशा अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया।



### प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल में फेयरवेल का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल , बिरंची में वर्ग दशम के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया । सुखद यादों, चिंतन और भविष्य के लिए शुभकामनाओं से भरा यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए काफी सराहनीय रहा । कार्यक्रम का उद्घाटन पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ० अभिराम सिंह एवं प्राचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस दौरान छात्राओं द्वारा स्वागत गान से सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ हीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया । बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए डॉ सिंह ने कहा कि इस देश को आप जैसे बुद्धिमान युवाओं की आवश्यकता है । सफलता आपके रास्ते में होगी । यहां जो आपने सीखा वह आपकी जिंदगी थी, अब आगे आने वाला समय आपके संघर्ष भरे होंगे । इस दौरान प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि आपका आज का किया गया मेहनत आपकी आने वाली भविष्य की रूपरेखा तैयार करेगी। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं । आप जिंदगी में काफी तरक्की करें ,यही मां सरस्वती से कामना है। सभी आए हुए आगंतु अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा मोमेंटो एवं शाल देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर आर एस मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक सुबोध कुमार सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे ।





### नहाने के दौरान दो डूबे, एक को ग्रामीणों ने बचाया

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को हल्दी छपरा सगंम पर माघी पूर्णिमा को लेकर नहाने के दौरान दो युवक डूब गए। हालांकि लोगों के प्रयास से एक युवक को बचा लिया गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि एक युवक डूब कर गंगा नदी के धार में लापता हो गया। जो कि पंजाब में जिला स्तर का चैंपियन रह चुका है। वही सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम डूबकर लापता हुए युवक की तलाश में शाम तक जुटी रही। लेकिन कही भी पता नही चल सका है। इधर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के अनुसार सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने लापता की तलाश में नदी में 5 घंटे सर्च अभियान चलाया। लेकिन असफल रहा जानकारी के अनुसार हल्दी छपरा, बदल टोला निवासी मानकी साव के यहां उनके दोनों साढु के दो पुत्र आए थे। जिनमें जीवराखन टोला के निवासी निर्मल गुप्ता के 31 वर्षीय पुत्र अमरजीत, ग्यासपुर के राजेश साव का पुत्र गोलू व बदल टोला निवासी माणिक साव का पुत्र सुजीत नदी में साथ ही नहा रहे थे। इसी दौरान गोलू एवं अमरजीत डूबने लगे। इसके बाद सुजीत ने दोनों को बचाने की भरपूर कोशिश की।



# माघी पूर्णिमा के अवसर पर उमानाथ गंगा घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बाढ़ के माघी पूर्णिमा मेला मे पहुंचे लाखों लाख श्रद्धालु, और हुई जमकर भूत खेली का खेल**





**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उमानाथ में प्रतिवर्ष लगने वाला माघी पूर्णिमा का मेला मे दिन प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है शनिवार के दिन से ही उमानाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही थी और रविवार को लगातार श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। क्या मुख्य सड़क क्या गली सभी का एक ही हाल था ।प्रशासन के द्वारा जहां-तहां निजी वाहन को प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी मेला में काफी भीड़भाड़ देखा गया एक अनुमान के मुताबिक करीब 2 से 3 लाख श्रद्धालु पहुंचे लेकिन इस मेले में पूजा पाठ के नाम पर लोग जमकर भगत भक्तिनी के द्वारा भूत खेली का खेल होता है। पूजा पाठ करने वाले उनके ऊपर देवता आने का दावा करते हैं और तरह-तरह के लोग हरकत करते हैं। विचित्र तरह का डांस भी देखने को मिला जो महिलाएं कभी घर से बाहर नहीं निकलती वह महिलाएं भी भगत के साथ जमकर भूत खेली का खेल खेलते हैं और लोगों की समस्या दूर करने का दावा करते नजर आए । बाढ़ अनुमंडल प्रशासन के द्वारा तैयारी तो की गई थी लेकिन भीड़ ज्यादा होने के चलते श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाढ़ के बनारसी घाट के पास अचानक भीड़ इकट्ठा हो जाने के चलते करीब आधा दर्जन श्रद्धालु सड़क पर बेहोश होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें होश में लाया गया और फिर गली के माध्यम से रास्ता को बदलकर लोगों के भीड़ पर कंट्रोल किया गया। परिसर में वॉच टावर लगाए गए थे लेकिन भीड़ बेकाबू रही सहयोग काउंटर से लगातार सैकड़ो लोगों के बिछड़ने की अनाउंसमेंट होता रहा।

### श्रद्धालुओं के वाहनों से मनमाने टैक्स वसूली, दो दर्जन लोग हिरासत में

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उमानाथ माघी पूर्णिमा मेला में नगर परिषद की धांधली जमकर सामने देखने को मिली नगर परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता ने बताया कि 2 साल से मेला कि रैयत नहीं की गई थी। लिहाजा नगर परिषद ने 50 वॉलिंटियर का बहाली करते हुए प्राइवेट रूप से मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों से टैक्स वसूली किया लेकिन टैक्स वसूली के नाम पर ओरिजिनल पर्चा पर कलम से ज्यादा पैसा लिखकर अवैध वसूली की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जाकर वालंटियर ने वाहन चालकों से अवैध वसूली किया और पैसे नहीं देने के दौरान में बदसलूकी भी की।

## इंटर परीक्षा की तैयारी को लेकर अनुमंडल प्रशासन की तैयारी, बाढ़ के 9 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री गरिमा लोहिया के द्वारा इंटरमीडिएट सैद्धांतिक परीक्षा,2026 की तैयारी पूरी कर ली गई है बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत कुल 9 परीक्षा केंद्र - 1. अनुग्रह नारायण सिंह+2 स्कूल, बाढ़, 2. सैयद नेहाल अहसन कॉलेज, बाढ़, 3. संत जोसेफ+2 कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल बाढ़, 4. राज्य संपोषित बालिका +2 उच्च विद्यालय बाढ़, 5. जगन्नाथन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाढ़, 6. लक्ष्मी नारायण राजवंशी हाई स्कूल ढिबर, 7. श्री फौजदार सिंह +2 हाई स्कूल अथमलगोला, 8. श्री गणेश हाई स्कूल बख्तियारपुर, 9. मंजू सिन्हा परियोजना हाई स्कूल बख्तियारपुर बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र छात्राओं का है, बताया गया कि इस वर्ष बाढ़ अनुमंडल में कुल 9 परीक्षा केंद्रों पर 6881 परीक्षार्थी शामिल हो रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण तथा कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु दो-दो स्टैटिक मजिस्ट्रेट महिला एवं पुरुष सहित एवं पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की तैनाती की गई है इसके अतिरिक्त पांच पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट तथा दो जोनल मजिस्ट्रेट की भी तैनाती किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर 500 छात्राओं के अनुपात में एक एक वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति किया गया है। बताया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## मगही महोत्सव में दिखा मातृभाषा के प्रति उत्साह, लोकगायन और कविता ने मोहा मन

**मसौढ़ी में 5वें मगही महोत्सव का आयोजन, 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मगही उत्थान कला परिषद के तत्वाधान में मसौढ़ी में पांचवा मगही महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जो तबला वादक स्व उपेंद्र प्रसाद की याद में श्री कृष्ण नर्सिंग होम परिसर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नवल भारती ने की, संचालन धर्मेंद्र रंगकर्मी ने की। वहीं इस कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित करते हुए अछुता कॉलेज के प्रोफेसर डॉ दिलीप कुमार, चंद्रिका शर्मा, प्रोफेसर सुबोध कुमार कार्यक्रम के संयोजक डॉ राम जयपाल सिंह आदी ने संयुक्त रूप से किया। मगही महोत्सव के भव्य आयोजन में मगही भाषा, साहित्य, संस्कृति, लोक कला और इतिहास पर विचार-विमर्श हुआ।कार्यक्रम के अध्यक्ष नवल भारती ने मगही कि मिठास और इस मातृभाषा के प्रति लोगों का जुड़ाव बेहद जरूरी है. मगही एक समृद्ध भाषा है और मगध का नाम विश्वभर में प्रसिद्ध है. उन्होंने कहा यह भाषा हमारी बोलचाल का अभिन्न हिस्सा है और आज की भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि लोग इसके विकास को लेकर सक्रिय हैं।वहीं अछुता कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर दिलीप कुमार ने मगही में संबोधन देते हुए कहा कि मगही भाषा आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की पूरी पात्रता रखती है. उन्होंने बताया कि इस विषय पर उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, सरकार इस दिशा में सकारात्मक कार्रवाई कर रही है। महोत्सव के सत्र में लोकगायन की प्रस्तुति हुई.वहीं छोटे छोटे बच्चों ने बेटी बेचवा नाटक की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध दिया,एवं लोकधुनों में डुबो दिया. पूरे आयोजन में मगही भाषा, संस्कृति और विरासत की गूंज स्पष्ट रूप से सुनाई दी. कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शंभू सिंह, सुरेंद्र प्रसाद पुर्व मुखिया, अभय कुमार सिन्हा, अनिल कुमार यादव के साथ जहानाबाद गया नवादा नौबतपुर के कलाकार शामिल हुए।

## मन चंगा तो कठौती में गंगा के वाक्यों से समाज को दिशा देने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास की मनाई गई जयंती



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मान्यता है कि संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था, ऐसे में आज का दिन संत रविदास की जयंती के रूप में भी सेलिब्रेट किया जाता है।मौके पर जगह-जगह पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जहाँ मसौढ़ी के संघतपर में डा भीम राव अम्बेडकर विचार मंच के तत्वाधान में संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया, इस मौके पर लोगों ने छुआछूत को मिटाने के लिए संत रविदास द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत रविदास की महिमा का गुणगान किया गया, मसूर अभी तक अरुण मांझी ने धनरूआ के धमौल में कार्यक्रम में शामिल हुए वहीं पूर्व विधायक रेखा देवी धनरूआ के पभेडा में रविदास जयंती में शामिल हुए, अशोका मेमोरियल बुद्ध विहार केडॉ वीपी निराला ने कहा कि, मन चंगा तो कठौती में गंगा के वाक्यों से समाज को दिशा देने वाले संत रविदास को प्रेरणा मानकर हर कोई अपने जीवन में संकल्प ले कि, समाज में एकजुटता लाएंगे, लोगों को जागरूक करेंगे, छुआछूत मिटायेंगे. इस मौके पर डा वीपी निराला, भंते आर्या किर्ती, बेलागंज गया, भंते कवि ध्वजा, भंते संतु,भंते लोकनाथ,के अलावा धर्मेन्द कुमार छात्र,सुजीत रविदास, रविंद्र कुमार, जयकिशोर, धर्मेंद्र कुमार रंगकर्मी, संतोष कुमार नेपाली आदी समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजन में शामिल लोगों ने कहा कि महापुरुषों के जीवन से हमें भाईचारा कायम रखने की सीख मिलती है, जयंती के अवसर पर रविदास समाज के लोगों ने संकल्प लिया कि समाज में छुआछूत मिटायेंगें।

## धनरूआ क्रिकेट लीग मैच का समापन

**विधायक ने कहा गांव गांव में खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार है तत्पर**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ कृषि मैदान में पिछले 28 दिनों से चल रहे धनरूआ क्रिकेट लीग का रविवार को समापन हो गया, धनरूआ क्रिकेट लीग के आयोजन में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, अंतिम दिन चंडासी क्रिकेट टीम और डुमरा क्रिकेट टीम के बीच शानदार मुकाबला हुआ, जहां डुमरा क्रिकेट टीम ने 9 विकेट पर 137 रन बनाएं वही चंडासी क्रिकेट टीम ने 6 विकेट पर 141 रन बनाकर विजय घोषित हुए, मौके पर मसौढी विधायक अरुण मांझी ने विजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया इसके साथ ही ₹30 हजार का चेक दिया। वहीं उप विजेता टीम को बीस सूत्री अध्यक्ष वेद प्रकाश और धनरूआ मुखिया रानी कुमारी ने ₹15000 का चेक दिया, इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चंडासी क्रिकेट टीम के गणेश कुमार को मुखिया रानी कुमारी और वेद प्रकाश ने चांदी का सिक्का देकर उसे पुरस्कृत किया,बिते 4 जनवरी से धनरूआ क्रिकेट लीग का आगाज हुआ था जो 1 फरवरी को समापन किया गया, मौके पर विधायक अरुण मांझी ने संबोधित करते हुए कहा की सरकार ने गांव-गांव में खेल को बढ़ावा देने के लिए हर पंचायत स्तर पर खेल क्लब गठित किया जा रहे हैं, एनडीए की सरकार मेडल और नौकरी पाओ के तहत कई लोगों को रोजगार दे रही हैं मुखिया रानी कुमारी ने भी संबोधित करते हुए खेलो इंडिया पर चर्चा की। मौके पर धनी यादव, शिक्षक पंकज कुमार कार्यक्रम के आयोजक राजीव कुमार आदि शामिल रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन जख्मी



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सबनिमा गांव के निकट एनएच 31पर बाढ़ से गंगा स्नान कर परिजनों के साथ नालंदा जा रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि 45 वर्षीय मृतक की पहचान बिहार थाना के पतुआना निवासी मनोज यादव के रूप में हुई है। जो स्वजनों के साथ माघी पूर्णिमा के अवसर पर बाढ़ के उमानाथ घाट से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे।इसी क्रम में लालो कुंवर सबनिमा के निकट ऑटो और विपरीत दिशा से आ रही टोटो वाहन में टक्कर हो गई। जिसमें एक की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग जख्मी है। जिनके समुचित इलाज की व्यवस्था तत्काल पुलिस द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से की गई है।

## शिक्षाविद् रामचंद्र सिंह के निधन पर शोक में डूबा मसौढ़ी

**हजारों की संख्या में शव यात्रा में शामिल हुए लोग**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूरे मसौढ़ी में शिक्षा के क्षेत्र में शुमार रहे रामचंद्र सिंह का निधन अल्हे सुबह तिन बजे पटना मेदांता अस्पताल में हो गया, निधन की खबर सुनकर पूरे मसौढी में शोक की लहर छा गई है और रविवार की सुबह शव यात्रा निकाला गया, जहां हजारों की संख्या में लोग इस शव यात्रा में शामिल हुए। उसके बाद उनके पैतृक आवास आमखोरी नवादा ले गए। गौरतलब है कि दिवगंत वरीय शिक्षाविद रामचंद्र सिंह जिन्होंने मसौढ़ी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार छात्र और छात्राओ को एक साथ बिठा कर कोचिंग की शुरूआत की थी, उस वक्त सभी कोचिंग क्लासेस लड़का और लड़कियों के लिए अलग-अलग बैच की व्यवस्था करते थे,इसके अलावा मैट्रिक परीक्षार्थियों के लिए 35 दिनों कक्षा की शुरूआत की थी। उस वक्त किसी भी कोचिंग और शिक्षण संस्थान में लड़का और लड़की को एक साथ नहीं पढ़ाया जाता था उस दौर में इन्होंने यह शुरूआत कर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भुमिका निभाई थी, बताया जाता है की 1977 से मसौढी के श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल के शिक्षक रहे हैं, पूरा मसौढ़ी इनकी हिंदी और मगही गीत गायन से मंत्र मुग्ध रहा है। बहरहाल समाजसेवीयों की माने तो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।हजारों विद्यार्थियों के जीवन को उन्होंने नई दिशा दी। उनके बड़े बेटे राहुल चंद्र ने बताया कि श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल के शिक्षक रहते हुए विद्या कोचिंग सेंटर, विद्या एजुकेशन और विद्या ग्राम छात्रावास, हासाडीह के माध्यम से उन्होंने शिक्षा को एक आंदोलन बनाया। डॉ सुनील गावस्कर डॉ राम जयपाल सिंह, नवल भारती, शिक्षक पंकज कुमार, डॉ मंगल, आचार्य विश्वरंजन, कुमारी खुशबू रानी, मुखिया चंदन भारती, उज्जवल कुमार, आशीष देव अश्विनी उर्फ गोल्डी समेत सैकडों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## कैंसर से डरने की नहीं, सभी को मिलकर लड़ने की जरूरत है : पारस एचएमआरआई



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व कैंसर दिवस पर पारस एचएमआरआई, पटना में शनिवार 31 जनवरी को कैंसर के प्रति जागरूकता हेल्थ टॉक एंव कैंसर सर्वाइवर मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री विमल कुमार जैन, डॉ. ए.ए. हई, राधेश्याम बंसल, अभय प्रकाश डीआईजी एंव जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस दौरान एक हेल्थ टॉक 'उम्मीद के सितारे' का भी आयजोन किया गया, जिसमें कैंसर से जंग जीत चुके लगभग 50 मरीजों एंव उनके परिवार के लोग ने अपना अनुभव सांझा किया। उन्होंने शुरूआती चरण में बीमारी के लक्षण पता नहीं चलने की बात पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जब उन्हें इसका पता चला तब तक काफी देर हो चुकी थी, लेकिन पारस एचएमआरआई के डॉक्टरों ने उन्हें बेहतरीन इलाज से बचा लिया। उन्होंने बताया कि कैंसर के बारे में अगर उन्हें भी पहले पता होता तो इलाज जल्द हो जाता। एक सर्वाइवर ने बताया कि कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। इससे लड़ने के लिए ना सिर्फ इलाज बल्कि डॉक्टर से मिल रहे मोटिवेशन की भी जरूरत होती है। पारस एचएमआरआई के डॉक्टर मरीजों को इस बीमारी से जंग जीतने के लिए मोटिवेट करके इलाज करते हैं, जो सबसे ज्यादा जरूरी है। इस दौरान हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से 25 सरवाइवर्स को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पारस एचएमआरआई के डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार 1 साल में लगभग 15 लाख लोग कैंसर की चपेट में आते हैं। खानपान और दिनचर्या में सुधार लाकर और अल्कोहल जैसी चीजों से दूरी बनाकर कैंसर के 50 प्रतिशत तक मामलों को रोका जा सकता है। इस मौके पर डायरेक्टर हेमेटोओन्कोलॉजी डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि कैंसर से बचने के लिए यह जरूरी है कि गुटखा, बीड़ी, सिगरेट या अल्कोहल जैसी किसी भी तरह की नशीली पदार्थ का सेवन न करें। आज मुंह और गले का कैंसर, स्तन के कैंसर और बच्चेदानी के कैंसर से लोग ज्यादा पीड़ित होते हैं। फेफड़े और पित्ताशय के कैंसर के मरीजों की संख्या भी कम नहीं है। बच्चेदानी के कैंसर से बचने के लिए वैक्सीन उपलब्ध है जो 9-45 वर्ष की बच्चियां और महिलाओं को उचित सलाह के बाद अवश्य लगवानी चाहिए। कैंसर कोई छूआछूत की बीमारी नहीं है और ना कि इसका इलाज संभव नहीं है। जरूरत है सही समय पर डायग्नोसिस और विशेषज्ञ से मिलकर उचित इलाज। सही लाइफस्टाइल, हेल्थ चेक अप, स्क्रीनिंग व प्रारंभिक लक्षणों को पहचान कर कैंसर को होने से रोका जा सकता है । पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हमारा मकसद है कि ज्यादा -से- ज्यादा और दूर-दराज के लोगों तक कैंसर से जुड़े जागरूकता संदेशों को पहुंचाया जाय। इसलिए इस कार्यक्रम में अन्य सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया। पारस एचएमआरआई कैंसर रोग के समुचित निदान के लिए जाना जाता है। यहां अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से कैंसर का इलाज किया जाता है। 24 घंटे यहां कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहती है। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर व एचओडी मेडिकल ओन्कोलॉजी डॉ. अभिषेक आनंद, सीनियर कंसल्टेंट व डायरेक्टर रेडिएशन ओन्कोलॉजी डॉ. शेखर कुमार केशरी, मुख्य कंसल्टेंट मेडिकल ऑनकोलॉजी डॉ. आर.एन. टैगोर ने भी अपने विचार रखे। वहीं सीनियर कंसल्टेंट हेड एंड नेक सर्जरी ओन्कोलॉजी डॉ. मिताली दांडेकर लाल, कंसलटेंट ऑनकोसर्जन डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. मोसर्रत शाहीन, डॉ. हरिहर नाथ तिवारी, डॉ. चिन्मय बिसवाल, डॉ. केतन चन्द्र नथानी एंव डॉ. मोफिजुर रहमान, एनसीसी के कैडेट्स, अलय फातिमा हई नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं, गुरुदेव पारा मेडिकल कॉलेज के छात्र, सीआरपीएफ के जवान और आंगनबाड़ी सेविकाएं आदि भी शामिल रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीकरिया फामेर्सी कॉलेज में संत रविदास जयंती का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया द्वारा अपने सीकरीया फामेर्सी कॉलेज परिसर में संत रविदास जयंती का आयोजन किया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया वार्ड पार्षद धीरज जयसवाल, अनिल प्रसाद एवं अन्य गणमान्य लोगों ने रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। यमुना सीकरीया ने कहा रविदास महाराज जी के विचारों में न्याय और करुणा का भाव सर्वोपरि था, जो जन कल्याण की हमारी योजनाओं के मूल में है। उन्होंने समाजिक समरसता एवं सद्भावना के जिस दीप को प्रज्वलित किया। वह देशवासियों के पथ पर सदैव आलोकित करता रहेगा इतिहास गवाह है कृष्ण भक्त मीराबाई ने संत रविदास जी के विचारों एवं भक्ति से प्रेरित होकर इन्हें अपना गुरु बनाया था।

### आदापुर के शिक्षक को जिला में सम्मान



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला में टीवीटी के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर के शिक्षक जितेंद्र ठाकुर को सम्मानित किया गया,यह सम्मान उनके शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए दिया गया, जिला पदाधिकारी मोतिहारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी मोतिहारी के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो तथा पौधा दे कर मोतिहारी की मेयर श्रीमती प्रीति गुप्ता तथा मोतिहारी डाएट के प्राचार्य द्वारा दिया गया,इस अवसर पर विभिन्न नवाचारी शिक्षकों ने स्वागत गीत,लोक नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया, शिक्षक को सम्मानित होने की खबर मिलते ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर की प्रधान शिक्षिका श्रीमती मीना राय, तथा विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, यासमीन एवं सनुबर रिजवाना आदि ने शिक्षक जितेंद्र ठाकुर को बधाई दी, वहीं विद्यालय के पोषक क्षेत्र से समाजसेवी श्री हरेन्द्र यादव,राम बालक यादव, मनोज कुमार, विनोद कुमार आदि ने भी बधाई दी।

### हरदेव यादव के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आज

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड मुख्यालय के समीप शनिवार को आयोजित बैठक में स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद से मांझी ग्राम पंचायत के आजीवन मुखिया रहे स्व. हरदेव यादव के निर्वाण दिवस को दो फरवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए स्व. यादव के पौत्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता ई. सौरभ सन्नी ने बताया कि स्व. हरदेव यादव कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि मांझी क्षेत्र की विकास यात्रा में स्व. यादव का योगदान अविस्मरणीय है। वे छुआछूत एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करने के साथ कमजोर वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण के पक्षधर थे। बैठक में पूर्व मुखिया सत्य नारायण प्रसाद यादव, रंजन शर्मा, नेहाल खान, पिंटू ओझा, अमिरुद्दीन, राजू दास, जयराम यादव, बच्चा चौधरी, इंद्रजीत सिंह, लालबाबू चौधरी, सुरेश यादव, नागेंद्र ठाकुर, रामचंद्र यादव, रंजीत यादव तथा जावेद अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को भावभीनी विदाई

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर चरिहारा में शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षक बिजेंद्र कुमार सिंह उर्फ धनई सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अंगवस्त्र और पुष्पमालाएं पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। परिसर में उत्साह व सम्मान का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्राचार्य रामजीवन सिंह ह्यजीवनह्न रहे। उन्होंने बताया कि धनई सिंह अत्यंत सरल, कर्मठ और मृदुभाषी शिक्षक रहे हैं। अध्यक्षता शिक्षक धर्मेंद्र कुमार दास ने की। अवध उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शरीफ आलम, पूर्व प्राचार्य रबिंद्र नाथ सिंह सहित अनेक शिक्षक, ग्रामीण और सैकड़ों छात्र छात्राएं समारोह में मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 'ट्विनिंग ऑफ स्कूल' कार्यक्रम सफल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मशरक में ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रमीय तथा अनुभवात्मक सीख को साझा करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई। कक्षा 9 की छात्राओं ने विज्ञान विषय से संबंधित आकर्षक प्रदर्शन किया। शिक्षक राहुल कुमार ने मंच संचालन किया। आगंतुक शिक्षक पूजा कुमारी और प्रवीण कुमार ने अपने अनुभव साझा किए। नव्या पांडेय (श्री अवध उच्च विद्यालय, चैनपुर) और सिमरन कुमारी (जगन्नाथ जानकी प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, मशरक) ने भी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। विद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। अंतिम सत्र में प्राचार्य रंजना झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके अनुभव सुने। अंत में मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर मशरक अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित किया गया। मौके पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान मौजूद रहे। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े कुल 15 मामलों की सुनवाई की गई। कई मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर वहीं कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में विपक्षी पक्ष को पुनः उपस्थित होने का नोटिस दिया गया। सीओ सुमंत कुमार ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य छोटे-छोटे भूमि विवादों का शांतिपूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

### मनी बाल संस्कार केंद्र में आयोजित संत रविदास जयंती



**चकिया (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं वत्स भारती माधोपुर गोविन्द के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का आयोजन मनीछपरा सेवा बस्ती स्थित संत रविदास बाल संस्कार केंद्र में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एलएनडी कॉलेज मोतिहारी के बीएड विभाग में कार्यरत स्वयंसेवी प्रभाकर कुमार ने दिप प्रकाशित कर किया जसके उपरांत नन्हें छात्र छात्रा सहित उपस्थिति संघ कार्यकताओं ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रणाम किये। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन सत्यम कार्तिकेय वत्स व संचालन शिक्षिका ज्ञान्ति राम एवं शिक्षक मदन बैठा ने किया। शिक्षक श्याम पासवान ने बच्चों को संत रविदास जी के जीवन परिचय पर संक्षेप व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए संत जी के आदर्श को अपने जीवन में उतारने का आवाहन किया। मौके पर संघ के विकास सिंह, अरुण साह, मुन्ना सिंह एवं कुमारी मुस्कान सहित सेवा बस्ती के लोग उपस्थित रहे।

### विकसित भारत की आधारशिला का बजट : पवन राज

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा जिला एवं संसदीय कार्यालय में केंद्रीय बजट प्रस्तुतिकरण के सीधा प्रसारण पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा रविवार को देखा गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि यह बजट विकास की ओर अग्रसर भारत का प्रगतिशील बजट है और यह विकसित भारत की आधारशिला बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन कर्तव्य बजट की मुख्य विशेषता है। पहला उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ाना एवं विकास में तेजी लाना दूसरा लोगों की आकांक्षा पूरा करना एवं उनकी क्षमता बढ़ाना और तीसरा सबका साथ, सबका विकास है।उक्त अवसर पर बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, सुधांशु रंजन एवं विनोद कुशवाहा, महामंत्री संजय चौधरी, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, नीता शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, ऋषभ झा, चंदन सिंह, आशीष रंजन, राजू वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विकसित भारत की दिशा में एतिहासिक एवं दूरदर्शी है यह बजट : रेणु देवी



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सह बेतिया विधायक रेणु देवी ने इसे विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला है, जो देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की मजबूत नींव रखता है।रेणु देवी ने कहा कि बजट के माध्यम से बुनियादी ढांचे, उद्योग और रोजगार सृजन को नई गति मिलेगी। सड़क, रेल, लॉजिस्टिक्स, एमएसएमई, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और तकनीक जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस करते हुए यह बजट समावेशी एवं दीर्घकालिक विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में गांव, गरीब, किसान, युवा और उद्यमियों के सशक्तिकरण की सोच में नए भारत की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यह बजट न केवल आर्थिक विकास को मजबूती देगा, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगा। रेणु देवी ने इस दूरदर्शी और विकासोन्मुख बजट के लिए माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में और मजबूत करेगा।

# आम बजट 2026 युवाओं, रोजगार और विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम : डा. संजय जायसवाल



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय वित मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026 युवाओं को रोजगार देने और देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के अनुरूप यह बजट तैयार किया गया है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आधुनिक तकनीक को विशेष प्राथमिकता दी गई है।बजट में देशभर में पांच मेडिकल कॉरिडोर की घोषणा से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी।आज भारत सॉफ्टवेयर और आईटी क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। दुनिया की शीर्ष दस सॉफ्टवेयर कंपनियों में भारतीय प्रतिभाओं की अहम भूमिका इस बात का प्रमाण है कि देश तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ-साथ 'मेडिकल डिवाइसेज, मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन तकनीक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रावधान भारत को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करेंगे। बजट में स्टार्टअप्स, एमएसएमई और नई तकनीकों को बढ़ावा देने से युवाओं के लिए स्वरोजगार और नवाचार के नए अवसर खुलेंगे। इससे न केवल आर्थिक मजबूती आएगी, बल्कि भारत वैश्विक मंच पर एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में उभरेगा।कुल मिलाकर, यह बजट युवा-केंद्रित, रोजगार-उन्मुख और भविष्यदर्शी है, जो भारत को विकास, तकनीक और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे ले जाने वाला साबित होगा।

## मोतिहारी चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने की बजट की सराहना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बजट पे चर्चा करने हेतू मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी होटल वी के गार्डन में उपस्थित थे अध्यक्ष महेश सिन्हा महासचिव आलोक कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, उप सचिव विनय देवकुलियार और अन्य व्यवसाई बंधु उपस्थित थे ' अधिकतर व्यावसाई ने इस बजट की एक सुर में सराहना की आम कर दाता को काफी राहत है। कैंसर की दवा एवं शुगर की दवा पे आयात शुल्क घटाने से मरीजों को कुछ राहत होगी। बजट से अध्यक्ष महेश सिन्हा ने खुशी जताई। इस बजट में 7 रेल एक्सप्रेस कोरिडोर बनाने पुराने उद्योगों को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। परन्तु हॉस्पिटल के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने पर कोई घोषणा नही की गई है। इनकम टैक्स जमा करने के समय में बदलाव किया गया है। शहरों में इलेक्ट्रिक बसें चलने की घोषणा की गई है जिससे प्रदूषण कम करने में सहायता मिलेगी देश के शहरों के विकास पर 5000 करोड़ खर्च करने की घोषणा की गई है। जिसका फायदा आम आदमी को मिलेगा कुल मिलाकर यह आम बजट संतुलित बजट है।

## 250 से अधिक पशुपालकों ने उठाया निःशुल्क पशु जांच शिविर का लाभ

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को बिहार जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति के सौजन्य से अहवर कुड़ियां मेला मैदान में जीविका दीदियों, मझौलिया के तत्वावधान में एक दिवसीय पशु जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण पशुपालकों की भारी सहभागिता देखने को मिली और क्षेत्र के 250 से अधिक पशुपालक अपने पशुओं के साथ पहुंचे।शिविर की जानकारी देते हुए बीपीएम गुलाम सरोवर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पशुओं में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम करना तथा पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धतियों से पशुपालन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके स्वास्थ्य संरक्षण से किसानों की आय में सीधा लाभ होता है।शिविर में विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा गाय, भैंस, बकरी सहित अन्य पशुओं की गहन स्वास्थ्य जांच की गई।

# मोदी सरकार का बजट आत्मनिर्भरता का ध्रुव तारा है : राधा मोहन सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)** केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट कर्तव्य भवन से प्रस्तुत किया जाने वाला पहला बजट मोदी सरकार की उस स्पष्ट दृष्टि से प्रेरित है जिसमें दुविधा के स्थान पर निर्णय, शब्दाडंबर के स्थान पर सुधार, तथा लोकलुभावन के स्थान पर जन-कल्याण को प्रधानता दी गई है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता को ध्रुवतारा मानते हुए यह बजट संरचनात्मक सुधारों, राजकोषीय संयम और सतत लोक निवेश पर केंद्रित है । यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक शासकीय पहल का प्रत्यक्ष लाभ नागरिकों तक रोजगार सृजन,कृषि उत्पादकता, परिवारों की क्रय शक्ति, और सार्वभौमिक सेवाओं के रूप में पहुँचे। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2026 से प्रेरित यह एक विशिष्ट युवा शक्ति प्रेरित बजट है। बजट तीन कर्तव्यों पर आधारित है। उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर तथा वैश्विक अस्थिरताओं के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूत करके वृद्धि को तीव्र और सतत बनाना ,जन-आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए उनकी क्षमता निर्माण करना, ताकि वे भारत की समृद्धि-यात्रा के सशक्त सहभागी बनें तथा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास और उपयोग कर सुशासन को अधिक प्रभावी बनाना। ये कर्तव्य सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और क्षेत्रक को संसाधन, सुविधाएँ और अवसर सुलभ हों। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत "रिफार्म एक्सप्रेस", जिसके अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस 2025 के बाद से 350 से अधिक सुधार लागू किए गए हैं। जिसके आधार पर सरकार डीरेगुलेशन, अनुपालन भार में कमी, तथा विश्वास आधारित शासन के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ा रही है। पुस्तक उक्त आशा की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

# अंचल कार्यालय एकमा में आयोजित जनता दरबार में आए 5 नये मामले, 7 पुराने मामलों का निष्पादन



**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय, एकमा में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकांश जमीनी विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में अंचलाधिकारी अमलेश कुमार के समक्ष 5 नये मामले आए। वहीं 7 पुराने मामलों की सुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

**पूर्व में जारी नोटिस वाले मामलों का हुआ निष्पादनः**

जनता दरबार के दौरान फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे। अंचलाधिकारी अमलेश कुमार ने बताया कि जिन मामलों में पूर्व से नोटिस जारी किया गया था, उन्हीं मामलों की शनिवार को सुनवाई कर निष्पादन किया गया। इसी क्रम में कुल 7 मामलों का निष्पादन किया गया।

**5 मामलों में जारी किया गया नोटिस, अगली तिथि पर सुनवाई के निदेर्शः**

अंचलाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि नये 5 मामलों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया है, ताकि अगली तिथि पर सभी पक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकें और विवाद का समाधान किया जा सके। जनता दरबार में एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव, राजस्व अधिकारी व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में मामलों की सुनवाई शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई।

## मां भवानी क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का विधायक ने किया उद्घाटन

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड क्षेत्र के अमवां गांव में आयोजित सात दिवसीय मां भवानी क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ रविवार को विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह ने किया। उद्घाटन मैच में जमुनिया की टीम ने करारिया को हराया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमन सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। चार दिन लीग मैच होगी दो दिन सेमी फाइनल और पांच फरवरी को फाइनल मैच खेला जायेगा।प्रथम दिन करिया और जमूनिया टीम के बीच खेला गया जिसमें ज्मुनीया की टीम विजयी हुई दूसरे मैच में पोखर एवं मधुबनी के बीच खेला गया जिसमें पोखरा की टीम विजयी हूई जिसके मुख्य अतिथि कल्याणपुर के माननीये विधायक सचिनद्र प्रसाद सिंह,डॉ मंतोष सहनी रहे।

# टैक्स चोरी के शक में ऋतिक प्रोजेक्ट पर वाणिज्य कर विभाग का बड़ा सर्वे

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया नरकटियागंज सड़क निर्माण कार्य में लगी एजेंसी ऋतिक प्रोजेक्ट पर वाणिज्य कर विभाग के इंटेलिजेंस ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को टीम ने बानुछापर स्थित कार्यालय और कुमारबाग स्थित हॉट मिक्सिंग प्लांट पर एक साथ छापेमारी कर एजेंसी के वित्तीय रिकॉर्ड को खंगालना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कंपनी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पटना, मुजफ्फरपुर और बेतिया से पहुंचे वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम को आशंका है कि सरकारी भुगतान के अनुपात में एजेंसी ने करोड़ों रुपये के टैक्स का सही ढंग से भुगतान नहीं किया है। इसी गंभीर संदेह के आधार पर यह छापेमारी की गई है।इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम जीएसटी रिटर्न, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी), टैक्स चालान और लेखा-जोखा की बारीकी से जांच कर रही है। जांच के दायरे में सीमेंट, छड़, गिट्टी, बालू सहित निर्माण सामग्री के हर एक बिल की क्रॉस-वेरिफिकेशन की जा रही है। साथ ही, ऋतिक प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य एजेंसियों और उन्हें की गई आपूर्ति पर चुकाए गए टैक्स की भी गहन पड़ताल जारी है। प्रारंभिक जांच में टैक्स में बड़े अंतर के संकेत मिले हैं। जांच प्रभावित न हो, इसे लेकर अधिकारी फिलहाल मीडिया के सामने कुछ भी कहने से बच रहे हैं। हालांकि वाणिज्य कर विभाग के जॉइंट कमिश्नर दिनेश कुमार ने पुष्टि की कि सर्वे की कार्रवाई चल रही है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेजी जाएगी।

## बनकटवा सीओ व आरओ कल से सामूहिक अवकाश पर, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र बनवाने में होगी परेशानी

**बनकटवा( पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान परअंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व अधिकारी (आरओ) दो फरवरी से सामूहिक अवकाश पर जा रहे हैं। इससे अंचल कार्यालयों में होने वाले दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।सीओ और आरओ के अवकाश पर चले जाने से जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र बनाने, दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित अन्य राजस्व से जुड़े कार्य लंबित हो जाएंगे। इसका सीधा असर छात्रों, किसानों और आम नागरिकों पर पड़ेगा, जिन्हें विभिन्न योजनाओं और पढ़ाई के लिए इन प्रमाण पत्रों की जरूरत होती है।जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा राजस्व सेवा अधिकारियों की मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे अधिकारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। इसी के विरोध में बिहार राजस्व सेवा संघ ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। संघ के अनुसार, आंदोलन की शुरूआत सामूहिक अवकाश से की जाएगी।

# परसागढ़ में मां काली मंदिर का जीर्णोद्धार व शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के परसागढ़ में मां काली मंदिर के जीर्णोद्धार, पिंडी प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान आगामी 2 फरवरी को कलश यात्रा से प्रारंभ होगा, जबकि 10 फरवरी को महायज्ञ का विधिवत समापन किया जाएगा। यह आयोजन तीन पंचायतों वाले गांव में पहली बार इतने व्यापक व भव्य स्तर पर किया जा रहा है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन रामलीला, प्रवचन व विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। पूरे अनुष्ठान का संचालन आचार्य रामचंद्र ओझा जी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। गौरतलब है कि इस विशाल आयोजन की सबसे विशेष बात गांव वासियों की अभूतपूर्व सहभागिता है। हर वर्ग और हर परिवार की सक्रिय भागीदारी इसे एक अनूठी मिसाल बना रही है। हमारी सामूहिक आस्था, एकता व सहयोग इस आयोजन को धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बना रहा है। उधर महायज्ञ में सम्मिलित होने हेतु मांझी के विधायक रणधीर कुमार सिंह को गांववासियों की ओर से औपचारिक आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया है।

# विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला दूरदर्शी बजट : मृत्युंजय कुमार झा



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026-27 को लेकर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि जन-कल्याणकारी और विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला दूरदर्शी बजट है। यह सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट है, जो विकास, कृषि, औद्योगिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित है। यह विशेष रूप से देश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने वाला बजट है। इस ऐतिहासिक आत्मनिर्भर भारत के बजट के लिए मैं बिहार की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन देता हूँ। श्री झा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश आज विकसित भारत की यात्रा का साक्षी बन रहा है। कर्तव्य भवन में तैयार किया गया यह पहला बजट तीन मुख्य कर्तव्यों पर आधारित है। पहला, आर्थिक विकास को बढ़ाना और इसे लगातार बनाए रखना। दूसरा, लोगों की उम्मीदों को पूरा करना और उन्हें देश के विकास में भागीदार बनाना। और तीसरा, सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत के तहत सभी को समान अवसर उपलब्ध कराना। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि देशवासियों की आकांक्षाओं को वास्तविक उपलब्धियों में बदलते हुए विकास का लाभ किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं तक समान रूप से पहुंच सके। इसी विकास और समृद्धि की दिशा में देश में नई रणनीतिक परियोजनाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। रेयर अर्थ कॉरिडोर के तहत केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विशेष कॉरिडोर बनाए जाएंगे, ताकि खनिज संपन्न राज्यों को लाभ मिल सके। पश्चिम बंगाल के डानकुनी में नए फ्रेट कॉरिडोर की घोषणा की गई है और पूर्वोत्तर के पांच राज्यों में बौद्ध सर्किट का निर्माण होगा। इसके साथ ही इंडस्ट्रियल क्लस्टर, महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल, नेशनल फाइबर स्कीम, एमएसएमई के लिए सेल्फ रिलायंट इंडिया फंड और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट जैसी योजनाएं न केवल अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाएंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगी। एक तरफ जहां चहुंमुखी विकास हो रहा वही पटना और वाराणसी में शिप रिपेयर सेंटर बनाए जाएंगे, जो खास तौर पर आंतरिक जलमार्गों के लिए होंगे। इन सेंटरों से नदी मार्ग से होने वाले परिवहन को मजबूती मिलेगी और दोनों शहरों को वाटरवेज हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे बिहार की अर्थव्यवस्था को न केवल मजबूती मिलेगी बल्कि यहाँ रोजगार के अवसर पर सृजित होंगे। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा बायो फार्मा के लिए 10,000 करोड़ रुपये की ह्लबायोफार्मा शक्तिह्व योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत तीन नए संस्थान स्थापित होंगे और देश को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाया जाएगा। इस बजट में भारत के युवा के लिए सेवा क्षेत्र पर फोकस रखा गया है। उच्चाधिकार प्राप्त समिति शिक्षा, रोजगार और उद्यम को जोड़कर विकास और निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाएगी। मानीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक 10 फीसदी की वैश्विक हिस्सेदारी के साथ सेवा क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने के प्रयास पर जोर दिया गया है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने युवाओं के विकास और रोजगार के नए अवसरों के सृजन को अपनी नीतियों का केंद्र बनाया है। आज इन्हीं प्रयासों के कारण भारत केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार और वैश्विक आपूर्ति शृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। यही नीतियां आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जमीन पर उतार रही हैं और भारत को एक सशक्त वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं। इस सर्वस्पर्शी, समावेशी और कल्याणकारी बजट के लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी तथा उनकी पूरी टीम को हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं।

# जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में फरवरी में होगा चुनाव, चुनाव समिति गठित

## जिला विधिज्ञ संघ में आयोजित आमसभा में लिया गया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में रविवार को आयोजित आम सभा में आगामी चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। आम सभा की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने की, जबकि संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। बैठक में जिला विधिज्ञ संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने आय, व्यय, बचत और विकास कार्यों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। वहीं अधिवक्ता कल्याण कोषांग के अध्यक्ष कामता प्रसाद सिंह ने कल्याण कोषांग की आमदनी और खर्च की जानकारी दी। 22 फरवरी को वर्तमान कार्यसमिति का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, इसी कारण अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय द्वारा फरवरी माह में ही चुनाव कराने की घोषणा की गई। इसके साथ ही एक चुनाव समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह को चुनाव समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी और उसके बाद चुनाव समिति द्वारा चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी। आम सभा में चुनाव, विकास, कल्याण, संगठन की एकता तथा युवा अधिवक्ताओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेन्द्र सिंह, बिहार युवा अधिवक्ता कल्याण समिति औरंगाबाद के अध्यक्ष नीरज कुमार मंटू, पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, वरीय अधिवक्ता अकमल हसन, मिथलेश सिंह, सियाराम पांडेय, अमरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही और चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई। अधिवक्ताओं ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित 27 सदस्यीय कार्यसमिति का चुनाव होता है, जिसमें हर बार बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अधिवक्ता अपनी किस्मत आजमाते हैं। संघ में पिछले एक दशक से लगभग प्रत्येक दो वर्ष में नियमित रूप से चुनाव होते आ रहे हैं। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि वे इससे पूर्व भी तीन चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करा चुके हैं और आगामी चुनाव भी निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाएंगे। वरीय अधिवक्ता एपीपी महेंद्र प्रसाद सिंह को चुनाव समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी।



# अधिक से अधिक किसानों को उपलब्ध करवाना है सरकारी योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभागार में किसानों के हित से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसान पंजीकरण के फ़ेज- 2 को लेकर विस्तृत समीक्षा एवं तैयारियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि किसान पंजीकरण का द्वितीय चरण कल से प्रारंभ होने जा रहा है, जिसके सफल एवं सुचारु संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसान पंजीकरण का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, कृषि विभाग के पदाधिकारियों तथा संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, पंजीकरण केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि किसानों को पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं समय-सीमा की जानकारी व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से दी जाए। साथ ही, फील्ड स्तर पर किसी भी समस्या के त्वरित समाधान हेतु निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के सहयोग से किसान पंजीकरण का फ़ेज- 2 सफलतापूर्वक संपन्न करने और जिले के किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने हेतु सभी संबंधितों को निदेशित किया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष) शादुल हसन, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेन्द्र पंडित, अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद एवं दाउदनगर, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, सहायक निदेशक रसायन मिट्टी जांच प्रयोगशाला डॉ दीपक कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रॉकी रावत सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# दहेज रहित सामूहिक विवाह उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सूर्य मंदिर समिति के द्वारा दहेज रहित सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन 21 फरवरी को पिपरा बगाही - सांड़ी मटपा स्थित सूर्य मंदिर अविरल तालाब सह नवग्रह वन वाटिका में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी और रूपरेखा निर्धारित करने के लिए समिति के सदस्यों ने रविवार को मंदिर परिसर में बैठक की। इस दौरान वर-वधू के पंजीकरण, अतिथियों के आमंत्रण व स्वागत, उपहार सामग्री, भंडारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की विवाह के पंजीकरण के दौरान वर-वधू के उम्र सीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति के अध्यक्ष कुमुद रंजन मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन दहेज प्रथा, बाल-विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की सकारात्मक पहल है। विवाह उत्सव का पंजीकरण पूर्व में ही कर लिया गया है। समिति के सभी सदस्य पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। आयोजन की तैयारी संबंधित चर्चा के लिए आगामी रविवार की तिथि निर्धारित की गई है। सभी की सहभागिता से उत्सव को सफल बनाया जाएगा। बैठक में कुमुद रंजन मिश्रा, संजय कुमार सिन्हा, निशिकांत पाठक, देवेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, विमलेश कुमार, लल्लू मेहता, प्रभु साव, अरुण मेहता, गोपाल प्रसाद, बबन मेहता आदि लोग उपस्थित थे।



# जूनियर रेडक्रॉस ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जूनियर रेडक्रॉस औरंगाबाद के तत्वावधान में मानवीय सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनकल्याण की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन जूनियर रेड क्रॉस औरंगाबाद के जिला काउंसलर सह सचिव निरंजय कुमार के द्बारा किया गया। मौके पर रक्तदाताओं एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। निरंजय कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान का आयोजन बारुण प्रखंड के राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज के शिक्षकों एवं जूनियर रेडक्रॉस के सदस्यों के द्बारा किया गया। जूनियर रेडक्रॉस के जिला काउंसलर निरंजय कुमार ने कहा कि दुर्घटनाओं, आपातकालीन चिकित्सा, प्रसव, गंभीर बीमारियों एवं शल्य चिकित्सा के दौरान रक्त की निरंतर आवश्यकता रहती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर समाज के लिए जीवनदायी सिद्ध होते हैं। कहा कि युवाओं एवं छात्रों की सक्रिय सहभागिता से समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना को सशक्त आधार मिलता है। बताया कि जूनियर रेडक्रॉस का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में सेवा भाव, अनुशासन, त्याग एवं सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देते हैं, बल्कि युवाओं को समाज के प्रति सजग एवं संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। रक्तदान शिविर में उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज के प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार, रेडिया मध्य विद्यालय के गोविंदा सिंह, सुंदरगंज विद्यालय के विद्यालय अध्यापक शिवम कुमार, रवि रंजन कुमार आलोक कुमार सिह, कमल किशोर, संतोष कुमार देवकुंड उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक मधु कुमारी, साक्षी मिश्रा, सुरेश सिह, अमित कुमार, साक्षी कुमारी सहित जूनियर रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों युवाओं भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्त संग्रह की प्रक्रिया प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में पूरी तरह सुरक्षित, स्वच्छ एवं निर्धारित चिकित्सा मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। रक्तदान से पूर्व प्रत्येक रक्तदाता का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रक्तदान के पश्चात उन्हें चिकित्सकीय परामर्श, जलपान एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। शिविर के सफल आयोजन एवं सुव्यवस्थित संचालन में जूनियर रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों, आयोजन समिति और सहयोगी संस्थाओं की भूमिका सराहनीय रही। स्वयंसेवकों द्बारा पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, रक्त संग्रह एवं व्यवस्था संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला काउंसलर सह सचिव निरंजय कुमार के द्बारा सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय दल, स्वयंसेवकों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




# द अलूपी विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के न्यू एरिया स्थित द अलूपी विद्यापीठ में वार्षिकोत्सव सह उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभात रंजन एवं संचालन संजीत कुमार विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके साथ ही शिक्षा एवं ऐतिहासिक कहानियों पर आधारित झांकियां और एकांकी नाटकों की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय के निर्देशक प्रभात रंजन ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र, माला एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक रामदेव सिंह, नरेंद्र प्रसाद, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, संजय यादव महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. संजय यादव एवं भाजपा नेता संतोष साव ने विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। अब रफीगंज में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है, जिससे क्षेत्र में नई-नई प्रतिभाएं उभर कर सामने आ रही हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज यादव, रामकुमार सिंह, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, बीमा विभाग के पदाधिकारी संजय कुमार, शिक्षक हरेंद्र सिंह, रामप्रवेश यादव, नागेंद्र सिंह, भोला चौधरी, सुजीत यादव, सत्येंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# फेसर स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव एवं यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मगध क्षेत्र निर्माण संघर्ष समिति के सचिव उमेश तिवारी ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत फ़ेसर स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव एवं यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की मांग की है। सचिव ने कहा है कि फ़ेसर रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने एवं आरक्षण काउन्टर आदि यात्री सुविधाओं की घोर कमी है। इस संबंध में पूर्व में दिये गये मांग पत्र के क्रम में पुनः कहना है कि फ़ेसर रेलवे स्टेशन औरंगाबाद जिला मुख्यालय का निकटतम रेलवे स्टेशन है। रेलवे का 68.68 डिसमिल अपना जमीन है। यह औरंगाबाद मुख्यालय ओबरा, दाउदनगर, पचरुखिया, हसपुरा, गोह, रफीगंज आदि शहरों से जुड़ा हुआ है। सभी स्थानों पर जाने के लिए पक्की सड़क भी है। फ़ेसर में पुलिस थाना, सिविल अस्पताल, पशु अस्पताल, बैंक पावर विद्युत ग्रीड, सरकारी विद्यालय, प्राईवेट विद्यालय, पंचायत भवन, पेट्रोल पम्प, फ़ेसर बाजार इत्यादि की सुविधा है। पूर्व में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता के द्वारा धरणा एवं चक्का जाम किया गया था। ऐसे में रेल मंत्रालय के द्वारा हमलोग का कुछ माँग पूरा किया गया और कुछ माँग अभी लम्बित है।

## ओबरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण सामग्री बरामद

**ओबरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा थाना क्षेत्र के नौनेर सोन दियार इलाके में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है। इस दौरान एक स्वराज ट्रैक्टर, एक टेंपो, शराब निर्माण में उपयोग होने वाला उन्नीस बोरा मीठा राव कुल नौ सौ पचास किलोग्राम तथा सत्तर किलोग्राम फिटकरी जब्त की गई है।

थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोन दियार क्षेत्र में अवैध शराब बनाने की सामग्री ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही सामग्री ले जा रहे लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने सभी सामग्री को जब्त कर थाने लाया और इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 'एक शाम नाशाद के नाम' मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** औरंगाबाद प्रखंड मुख्यालय स्थित नेशनल अकादमी के सभागार में प्रख्यात शायर नाशाद औरंगाबादी की जयंती पर 'एक शाम नाशाद के नाम 'मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के प्रख्यात कवि व शायर 'नाशाद' औरंगाबादी की जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन किया गया।सभी आगत अतिथि कवि-शायरों का गुलपोशी के माध्यम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने की, जबकि संचालन डॉ. राजेश कुमार'विचारक' ने किया। सर्वप्रथम 'नाशाद' साहब को श्रद्धांजलि स्वरूप उनकी रिकॉर्डेड कविता-पाठ को डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत सुधीर 'सत्यम' ने 'अब कुछ नहीं बचा सिवाय सब कुछ खोने के' का काव्य पाठ किया। दुष्यंत 'राणा' की काव्य पंक्ति 'रुक जा रे बरखा, रुक जा ज़रा/ऐसे न मुझको, तू तड़पा' ने महफ़िल में समां बांध दिया। गायक मनोज 'मंजुल' ने 'बड़ा मुश्किल ब जियल ज़माना में' गीत के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। हास्य-व्यंग्य के कवि अहमद 'बिरयानी' की रचना 'बिरयानी हर फ़र्द को नाम था' को सुनकर श्रोता लोट-पोट हो गए। समुंदर सिंह की काव्य पंक्ति 'प्रस्तुत अपनी लाचारी करता रह गया/उसके घरवालों से चारी करता रह गया' को सुन श्रोता उल्लास से भर गए। युवा शायर शमशाद आलम 'शमशाद' ने अपने साहित्यिक गुरु 'नाशाद' साहब को स्मरण करते हुए 'नाशाद' तेरे जाने से सब परेशां हैं आज भी' शेर पढ़ा। पटना से आए शायर और 'नाशाद' साहब के सुपुत्र ई. वसीम औरंगाबादी ने 'सारा हिसाब चुकता किया हमने ख़्वाब में/फिर क्यों छुपा रहे हैं वो चेहरा नक़ाब में' ग़ज़ल पर ख़ूब वाह-वाही बटोरी। मुशायरा सह कवि सम्मेलन को पूर्णरूपेण देने के लिए शायर और लेखक डॉ. मुमताज़ 'दानिश' ने 'नाशाद' साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए 'ग़ालिब' ओ 'मीर' और 'इक़बाल' ओ 'फ़ैज़' से/मिलने गए तो हम से बहुत दूर हो गए' ग़ज़ल पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता का दायित्व न्यायोचित रूप से निभा रहे वरिष्ठ कवि प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' 'चमन जल रहा है, आप झाल बजाएं/मुझे खल रहा है, आप झाल बजाएं' के माध्यम से देश में पैर पसार रहे सांप्रदायिकता, अनियमितता और कुशासन आदि के विरुद्ध प्रतिरोध की आवाज़ बुलंद करने का आह्वान किया। इस मुशायरे के आयोजन समिति में जमशेद ख़ां, मोकीद कुरैशी मुर्शीद रज़ा, इरशाद इदरीसी, एजाज़ अहमद, साबिर हुसैन, आज़ाद ख़ान, सदफ़ ख़ान, शहबाज़ चाँद, शाहिद नवाब, आमिर हुसैन एवं मो. रज़ा , दीपक कुमार समेत समस्त युवा सम्मिलित रहे।



# धूमधाम से मनी संत रविदास की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** संत शिरोमणि रैदास जयंती बड़े ही धूमधाम से गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा चार काम रविदास कुटिया से महाराजगंज बस स्टैंड होते थाना परिसर में पहुंच मुख्य बाजार होते हुए रविदास कुटिया चरकमा पहुंची जहां रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन की जाएगी संत रैदासजी की जन्म माघ पूर्णिमा को उत्तर प्रदेश के सीर गोवर्धनपुर में हुआ था जिनके पिता संतोख दास एवं माता कालसी देवी थे। रविदास परिवार में जनमे संत शिरोमणि रैदास एक क्रांतिकारी कवि होते हुए उच्च नीच और जात पात का पुरजोर विरोध किया करते थे जाति पाती का विरोध करते हुए कहा था जन्म जात मत पूछिए, का जात और पात। रैदास पुत सम प्रभु के, कोई नहीं जात कुजात। उन्होंने ब्राह्मणवाद का विरोध करते हुए कहा था रैदास ब्राह्मण मत पूजिए, जए होवे गुन हीन पूजीय चरण चांडाल का, जउ होवै गुन प्रविन। संत शिरोमणि रैदास एक धर्मगुरु थे मीराबाई गुरु नानक जैसे उनके अन्य शिष्य रहे। उन्होंने समाज को सुधारने में बहुत पुरजोर कोशिश की। इस मौके पर उप चेयरमैन नगर पंचायत हरेंद्र कुमार, जितेंद्र नारायण, सुदर्शन राम, सुनील कुमार दीप राजेंद्र ललन, राम राजेंद्र राकेश, अध्यक्ष दीपू दास, सचिव राम लखन राम, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद दास, परमेश्वर बौद्ध वीरेंद्र राम, सोनू राम, लालदेव भूपेश राम, सहित रवि जागृति संघ चरखामा के सदस्य मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु डीएसपी व सेवानिवृत्त एसआई को दी गई विदाई

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज थाना परिसर में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं सेवानिवृत्त एसआई शशिचंद्र प्रसाद गुप्ता के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने की। इस अवसर पर प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने कहा कि रफीगंज थाना में कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला तथा सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अधीनस्थ पदाधिकारियों को टीम वर्क के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि कांड के उद्भेदन से अधिक आवश्यक घटनाओं की रोकथाम है। समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने डीएसपी अभिषेक कुमार एवं सेवानिवृत्त एसआई शशिचंद्र प्रसाद गुप्ता के कार्यों की सराहना की। मौके पर इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, एसआई कुशो कुमार, गीतांजलि, ध्रुव कुमार, संजय कुमार, विनोद कुमार, पप्पू कुमार, मिथलेश कुमार, एसएसआई मुक्तिदेव निराला, विपिन कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# गेहूं में जिंक की कमी के लक्षण व समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पिछात बोई गई, गेहूं की फसल में इस समय जिंक की कमी के लक्षण सामान्य रूप से दिखाई दे रहे हैं। पौधों की पत्तियां हल्का पीला पड़ना, पतियों पर सफ़ेद या पीली धारियां बनना तथा पौधों की बढ़वार का रुक जाना, पौधे में कल्ले कम निकलना, जड़ें कमजोर होना प्रमुख है। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र के सलाह कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रतिभा कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने बताया कि गेहूं फसल को बचाने के लिए 2.5 किग्रा जिंक सल्फ़ेट, 1.25 किग्रा बूझा हुआ चूना तथा 12.5 किग्रा यूरिया को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिडकाव करे। जिंक सल्फ़ेट को कभी भी फास्फोरस युक्त खादों (जैसे डीएपी) के साथ मिलाकर नहीं डालना चाहिए। छिडकाव के समय मिट्टी में पर्याप्त नमी चाहिए। तेज धूप में छिडकाव न करें, सुबह या शाम का समय छिडकाव के लिए बेहतर है।

## आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 135 पर एएनसी कॉर्नर का उद्घाटन

**हसपुरा।** आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 135 पर एएनसी कार्नर का उद्घाटन दाउदनगर एसडीओ अमित राजन ने फीता काटकर किया।इनके साथ सीडीपीओ ओनम,सीओ कौशल्या कुमारी उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी सेविका शवाना प्रवीण सभी अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन के उपरांत एसडीओ ने उपस्थित महिलाओं के बीच कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र पर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच से सम्बंधित कार्य किया जाएगा। इनके साथ माँ के साथ बच्चा का बीपी,वजन,हीमोग्लोबिन की नियमित जांच होगा।और आवश्यकता के अनुसार दवा चलाया जाएगा ताकि जच्चा, बच्चा स्वस्थ रह सके।सीडीपीओ ओनम ने बताई की धीरे धीरे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सभी सुविधाओं से लैस किया जाएगा।ताकि सभी केंद्रों पर महिलाओं, बच्चों, किशोरियों का नियमित जांच होता रहे। वही सीओ कौशल्या कुमारी ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।इसे धरातल पर शत प्रतिशत लागू हो प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सभी महिला पर्यवेक्षिका रितु कुमारी नीलू कुमारी पूनम कुमारी देवंती कुमारी शबनम प्रभा कुमारी उपस्थित रहे।

## तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** हत्याकांड में फरार तीन अभियुक्तों को खुदवां पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के चातर गांव निवासी अजय चौहान, अमित कुमार एवं धर्मवीर चौहान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि हत्याकांड में फरार तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया।

# भविष्य का रोडमैप है केंद्रीय बजट : डॉ. अनिल गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने दूरदर्शी, परिवर्तनकारी और राष्ट्रनिर्माण का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह बजट केवल वर्तमान की आवश्यकताओं तक सीमित नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज है। उन्होंने दृढ़ता से कहा– यह भविष्य का बजट है, जिसके परिणाम दूरगामी, निर्णायक और राष्ट्रहित में होंगे। शहर के बनभाग स्थित भाजपा कार्यालय में बिहार सरकार के सहकारिता एवं पर्यावरण मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी के साथ बजट सत्र का सजीव प्रसारण देखने के बाद डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह बजट ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विस्तार, शहरी आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि बजट में सात रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण को प्रोत्साहन, विरासती उद्योगों के पुनरुद्धार, चैंपियन एमएसएमई के निर्माण और





आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह भारत को वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, डॉ. संजीव कुमार, भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष पिंकी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आमजन की उम्मीद का बजट : डा. संजीव

**पूर्णिया।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. संजीव कुमार ने केंद्रीय बजट 2026 को आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट स्वास्थ्य, शिक्षा, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए दूरदर्शी तथा राहतकारी साबित होगा।

डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि सरकार ने महंगाई नियंत्रण, टैक्स सुधार और आम लोगों को राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। बजट में आईटीआर दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि कैंसर, डायबिटीज समेत सात गंभीर बीमारियों की दवाओं की कीमतों में कमी लाने का निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे लाखों मरीजों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए मानसिक स्वास्थ्य एवं ट्रॉमा के उपचार को विशेष महत्व दिया गया है। उत्तर भारत में निमहन्स-2 की स्थापना तथा रांची मेडिकल कॉलेज के उन्नयन की घोषणा भी सराहनीय है। बजट में बायो-फार्मा सेक्टर के लिए 10,000 करोड़ रुपये के आवंटन को भारत को जैविक दवाओं का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे दवाओं की कीमतें घटेंगी और मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

# बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने दिशाहीन बजट करार दिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** कांग्रेस के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ सबका विकास' का माला जपने वाली पूरी तरह से फ्लॉप है। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, युवाओं, बुनियादी विकास के बजट पर सरकार की ओर से कोई फोकस नहीं है। बजट मे आमलोगों के लिए कुछ भी नही है। पूर्णरूप से दिशाहीन बजट है। मोदी सरकार का यह बजट जनता के लिए नही, प्रचार के लिए है। महंगाई, बेरोज़गारी, असमानता और किसानों की बदहाली पर कोई ठोस योजना नही है। सीधे तौर पर यह बजट नही बल्कि सत्ता की असफलता का प्रमाण है। 2026 का बजट एक साफ संदेश देता है कि गांव, किसान और खेती अब सरकार की प्राथमिकताओं से बाहर है। पहली बार ऐसा बजट है, जिसमे किसानों का नाम तक नही है। न सिंचाई, न खाद्य, न खेतिहर मजदूर। यह चूक नही बल्कि राजनीतिक घोषणा है। इस आम बजट मे बिहार को कोई तवज्जह नही दिया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। बजट मे देश के भविष्य को लेकर सरकार के पास कोई विज़न भी नही है।







### बजट से आत्मनिर्भर भारत दिखता है : नरेश

**कटिहार।** बिहार प्रदेश जनता दल यू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सुगर, केंसर की दवाई सस्ती के साथ दुर्लभ दवाइयों आयात शुल्क में छूट सीएनजी सस्ती बड़े टेक्स्टाइल बाजार बनाने एसएमई के लिए 10 हजार करोड़ 20 नये जल मार्ग सहित कई घोषणाएं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किए गए जाने को ऐतिहासिक बताया। बजट से देश को नई गति मिलेगी। बजट से महंगाई पर अंकुश लगेगा वर्तमान सपने साकार होगें। भारत जल्द तीसरी शक्ति के रूप में उभरेगा। इस बजट से आत्म निर्भर भारत को नई रफ्तार मिलेगी।

### बजट से व्यवसायियों को कोई लाभ नहीं : पंकज

**कटिहार।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदन मे नौवीं बार वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। टैक्स मे किसी प्रकार की कोई छूट नही दी गई है। व्यापारियों को इस बजट से किसी प्रकार का लाभ नही। बजट के दिन ही शेयर मार्केट धड़ाम हो गया। निवेशक पैसा निकाल रहे है। बेरोज़गारी पर भी सरकार का कोई ध्यान नही है। बेरोज़गारी को लेकर सरकार का कोई दूरदर्शी सोच नही है। बजट मे महंगाई से कोई राहत नही दी गई है।

### सबका साथ सबका विकास के नारे के बिल्कुल विपरीत है बजट : सुनील

**कटिहार।** केंद्र सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को लेकर कटिहार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे पूरी तरह जनविरोधी और निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा, मजदूर और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। सुनील कुमार यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बजट पूरी तरह मौन है। किसानों के लिए न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की गारंटी दी गई है और न ही कृषि लागत को कम करने के लिए कोई ठोस योजना सामने आई है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने एक बार फिर बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को राहत देने का काम किया है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग को सिर्फ आश्वासन ही मिला है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लेकर भी बजट में कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह बजटसबका साथ, सबका विकास के नारे के बिल्कुल विपरीत है यह बजट।

# गोगाबिल झील का विकास सरकार की प्राथमिकता : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने रविवार को प्रसिद्ध गोगाबिल झील का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से झील के उन्नयन एवं पर्यटन की दृष्टि से किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि गोगाबिल झील एक अत्यंत रमणीक स्थल है। जो प्रवासी एवं शैलानी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण आश्रय स्थल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि पक्षियों के प्रवास के दौरान उनकी सुरक्षा, संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस



पक्षी आश्रय स्थल की सुरक्षा और संरक्षण के बिना इसका सतत विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी योजना की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है और स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना विकास अधूरा रह जाता है। मंत्री श्री चन्द्रवंशी ने गोगाबिल झील को पर्यटन मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करने के लिए हर संभव कदम उठाने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान वन एवं पर्यावरण विभाग के पदाधिकारियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली गई। वहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी झील के उन्नयन और संरक्षण को लेकर अपने-अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### टीकाकरण को लेकर बैठक

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉध आयुष भारद्वाज की अध्यक्षता में बीडब्लूआर एवं एएनएम की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान आशा कार्यकर्ताओं की वर्तमान स्थिति, टीकाकरण कार्य को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गावी ग्राम की की तर्ज पर प्रत्येक सत्र के क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियां संचालित करने को लेकर एएनएम को आवश्यक निर्देशि दिया गया साथ ही टीकाकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए। बैठक में एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम, एलएस, डबल्यूएचओ मॉनिटर, बीसी वाधवानी, एफपी काउंसलर आदि उपस्थित थे।

# किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का मिशन तय

### मंत्री ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार सरकार के सहकारिता विभाग एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री के पूर्णिया आगमन के अवसर पर रविवार को परिषद भवन, पूर्णिया में विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक केवल औपचारिक नहीं, बल्कि योजनाओं के प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन को लेकर एक स्पष्ट प्रशासनिक संदेश के रूप में सामने आई।

समीक्षा बैठक में संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां, पूर्णिया प्रमंडल, संयुक्त निबंधक अंकेक्षण, प्रबंध निदेशक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड पूर्णिया, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहायक निबंधक सहयोग समितियां पूर्णिया अंचल सहित प्रखंड स्तरीय सभी



संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंत्री ने धान अधिप्राप्ति सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि हर योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों और ग्रामीण परिवारों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी जब उनका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देगा, न कि केवल फाइलों और रिपोर्टों में।मंत्री ने निर्देश दिया कि कॉमन सर्विस सेंटर, बिहार राज फसल सहायता योजना, टैक्स कंप्यूटराइजेशन, टैक्स सदस्यता अभियान एवं अन्य सरकारी योजनाओं को मिशन मोड में लागू किया जाए। प्रत्येक पंचायत में जनसंपर्क अभियान, व्यापक प्रचार-प्रसार और सीधे संवाद के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई, देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को समयबद्ध कार्य, पारदर्शिता और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली अपनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि सरकार की प्राथमिकता अब कागजी लक्ष्य नहीं, बल्कि किसानों की आय, सुरक्षा और विकास है। पूर्णिया में आयोजित यह बैठक सहकारिता और कृषि से जुड़ी योजनाओं को नई गति और नई दिशा देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

# अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती आज से शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** अग्निवीर योजना के तहत सेना में भर्ती हेतु रैली तथा शारीरिक एवं चिकित्सकीय जांच आज 2 फरवरी से 13 फरवरी तक होगी। इसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। भर्ती को लेकर सिरसा मिलिट्री कैंप स्थित गढ़वाल मैदान सजधज कर तैयार है। जहां सीमांचल और कोसी क्षेत्र के कटिहार, पूर्णियाँ, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, खगड़िया, भागलपुर, बांका, बेगूसराय और मुंगेर के युवाओं के लिए भारतीय सेना की वर्दी पहनने का सपना साकार होगा। उक्त

### दलाल के झांसे में न आएं : भर्ती निदेशक




जानकारी सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल आरके नरवाल ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है। उन्होंने बताया है कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों पर आधारित होगी। चयन की संपूर्ण प्रक्रिया को पूरी तरह कंप्यूटरीकृत रखी जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों को दलालों से सावधान रहने की सलाह दी है। कर्नल श्री नरवाल ने कहा है कि केवल योग्यता ही सेना में प्रवेश का एकमात्र आधार योग्यता होगी। भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 1.6 किलोमीटर का आधुनिक रनिंग ट्रैक तैयार किया गया है, तो वहीं मार्शलिंग एरिया, बारकोडिंग जोन, रिफ्रेशमेंट एरिया तथा रेस्ट जोन अलग-अलग बनाया गया हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। उन्होंने बताया है कि किसी भी आपात स्थिति के लिए मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस की तैनात रहेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरुआती दो दिनो में अग्निवीर 'तकनीकी' श्रेणी के लिए भागलपुर, बेगूसराय, अररिया, बांका और कटिहार जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। जबकि 4 से 6 फरवरी तक अग्निवीर जीड' की परीक्षा में सबसे अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें 10 जिले के अभ्यर्थी शामिल होंगे। वही 7 फरवरी को ट्रेड्समैन और 8 फरवरी को 'ऑफिस असिस्टेंट' पद के लिए दौड़ होगी। 9 से 11 फरवरी 'रिजर्व डे होगा। भर्ती कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि रिपोर्टिंग के समय अपने सभी मूल शैक्षणिक और पहचान संबंधी दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। वहीं रैली से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए ग्राउंड पर ही हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। जहाँ प्रतिनियक्त अधिकारी युवाओं की मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# दो ट्रक व एक पिकअप से 50 मवेशी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले के कुर्सेला थाना पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पशुधन का परिवहन कर रहे पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो ट्रक एवं एक पिकअप वाहन से कुल 50 मवेशियों को बरामद किया। जिन्हें क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार कुर्सेला थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि भागलपुर की ओर से दो ट्रक और एक पिकअप वाहन में पशुधन लादकर चेक ग्राउंड की दिशा में ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने

### पांच धराए

त्वरित कार्रवाई करते हुए चेक ग्राउंड के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस को देखकर तीनों वाहन भागने लगे लेकिन पुलिस बल के सहयोग से पीछा कर सभी वाहनों को रोक लिया गया। तलाशी के दौरान दो ट्रक और एक पिकअप से कुल 50 मवेशी बरामद किए गए। साथ ही मौके से पांच पशु तस्करों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्रवण कुमार ठाकुर (34), मोहम्मद अफताब (20), मोहम्मद मिनाज (28), शोहेल आलम (30) तथा झक्सा मंसूरी (35) के रूप में की गई है। सभी अभियुक्त विभिन्न जिलों के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से दो ट्रक, एक पिकअप वाहन एवं 50 मवेशी जब्त कर लिए हैं। इस संबंध में कुर्सेला थाना में पशु क्रूरता एवं अवैध परिवहन से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पशु तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा नदी में तीन लड़कियां डूबी, दो को एसडीआरएफ ने बचाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के अंतीचक थाना क्षेत्र के बटेश्वर स्थान के पास आज गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक लड़की की डूबने से मौत की आशंका है। जबकि अन्य दो को सुरक्षित बचा लिया गया है। कहलगांव के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चन्द्र गुप्ता ने रविवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के बटेश्वर स्थान घाट पर रविवार को गंगा में स्नान कर रही तीन लड़कियों के अचानक गहरे पानी में जाने से डूब रही थी। उसे डूबते देख बगल में स्नान कर रहे लोगों के शोर मचाने पर मौके पर तैनात राज्य संकटमोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर दो लड़कियों को सुरक्षित बचा लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम को डूबी अन्य एक लड़की नहीं मिल पाई है। टीम के सदस्य लगातार उसकी खोजबीन में लगे हुए है। इधर बचाई गई दोनों लड़कियों की प्रारंभिक चिकित्सा के बाद स्थिति सामान्य हो गई है। तीनों लड़कियां मधेपुरा जिले की रहने वाली है और माघी पूर्णिमा के मौके पर अपने परिजनों के साथ गंगा में स्नान करने आई थी। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस हादसे के मद्देनजर गंगा घाट पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक

# विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला है केंद्रीय बजट : संजय सरावगी

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बजट है। वे रविवार को जिला अतिथि गृह में आयोजित केंद्रीय बजट पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। संजय सरावगी ने कहा कि कर्तव्य भवन से बना और कर्तव्य पथ पर चलने के संकल्प को साकार करता यह बजट देश के भविष्य के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक




बधाई दी। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को सिद्धि तक ले जाने वाला यह बजट वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति को रेखांकित करता है। 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर और महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण विकसित भारत 2047 की दिशा में एक सशक्त कदम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, सेमीकंडक्टर, केमिकल कंटेनर्स और स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने के साथ इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट के लिए 40 हजार करोड़ रुपये तथा बायोफार्मा उद्योग के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत खादी और ग्रामीण शिल्प को वैश्विक पहचान मिलेगी। इसके साथ ही पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्रों का विकास, 20 नए इनलैंड वॉटरवेज, पटना और वाराणसी में शिप रिपेयर इकोसिस्टम, रोड ट्रांसपोर्ट और रक्षा क्षेत्र में बढ़ा निवेश सरकार की विकासशील सोच को दर्शाता है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, संतोष पोद्दार, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अमरनाथ सिंह तथा सोशल मीडिया संयोजक भद्रकांत चौधरी गुलशन सहित अन्य मौजूद थे।

# हथियार तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले के सेमापुर थाना पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 01 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सेमापुर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि कुछ युवक अवैध हथियार लेकर तस्करी के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने पावर ग्रिड के समीप घेराबंदी की। पुलिस बल को देखकर तीनों युवक भागने लगे। लेकिन त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान उमेश कुमार उर्फ भोलू, मो. इरसाद एवं मंजय कुमार उर्फ प्रकाश कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना पता कटिहार जिले के कोढ़ा एवं बरारी थाना क्षेत्र का बताया। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो देशी कट्टा, एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद हथियारों को जब्त करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**बलरामपुर /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के भिमियाल पैक्स चुनाव के लिए नामांकन से लेकर संवीक्षा एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थीयों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कमल किशोर झा, गोपाल कुमार सिंह एवं निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष शंभू लाल यादव चुनावी मैदान में हैं।

# देसी कट्टा और धारदार चाकू के साथ पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**हसनगंज /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनगंज थाना क्षेत्र मे पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान के तहत एक युवक को देशी कट्टा और धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष निक्की ने बताया कि पुलिस बल के साथ रामा चौक पर गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र का एक युवक बीते कुछ दिनों से रात के समय राहगीरों को देशी कट्टा दिखाकर डराने धमकाने एवं वसूली करने का काम कर रहा है। सूचना की पुष्टि एवं कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए पुलिस टीम पोखरिया गांव स्थित अमरदीप कुमार के घर पहुंची। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति घर से निकलकर भागने लगा जिसे पुलिस बल ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके घर के छज्जे पर देशी कट्टा रखा हुआ है। आरोपी के निशानदेही पर तलाशी लेने पर छज्जे से एक लोहे का जंग लगा देशी कट्टा जिसका बट दोनों ओर लकड़ी का बना हुआ था, तथा एक जंग लगा बड़ा धारदार चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरदीप कुमार पिता कृत्यानंद मंडल निवासी पोखरिया वार्ड संख्या13 के रूप में हुई है।

# बजट को भाजपा ने बताया विकसित भारत की मजबूती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** गणेश दत्त महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग डा. प्रेम विजय ने कहा कि बजट में राजकोषीय अनुशासन, अवसंरचना और विनिर्माण पर जोर स्वागतयोग्य है। लेकिन बिहार जैसे राज्यों के लिए असली चुनौती युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन, जनसांख्यिकीय लाभांश की स्पष्ट रणनीति और सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षाविशेषकर पुरानी पेंशन योजना से जुड़ी चिंताओंका समाधान है। निवेश-आधारित विकास को रोजगार-केंद्रित परिणामों से जोड़ना ही समावेशी विकास की कुंजी होगा। केंद्रीय बजट को भाजपा के तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार ने देश के भविष्य को सशक्त करने वाला करार दिया। विधायक श्री कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट वास्तव में विकास का रोडमैप प्रस्तुत करने वाला एवं देश के भविष्य को सशक्त करने वाला बजट है। यह बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि गरीब, किसान, महिला और युवाचारों स्तंभों को सशक्त करने का सुदृढ़ संकल्प है। इसमें आत्मनिर्भर भारत की भावना स्पष्ट दिखाई देती है। जहाँ घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती और आयात पर निर्भरता कम करने की ठोस पहल की गई है। कृषि, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष फोकस यह दर्शाता है कि यह बजट अंत्योदय से उत्कर्ष तक की यात्रा को सुनिश्चित करता है। देश की लगभग 7 प्रतिशत की विकास दर और गरीबी उन्मूलन में हुई प्रगति इस दूरदर्शी सोच का प्रमाण है। यह बजट विश्वास दिलाता है कि भारत समावेशी विकास के मार्ग पर अग्रसर है।जहाँ हर वर्ग को अवसर, सम्मान और सहभागिता मिलेगी। लोक-कल्याण, राष्ट्र-निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार एवं अभिनंदन। जिला भाजपा के युवा नेता ब्रजेश कुमार ने रविवार को पेश की गई बजट को विकसित भारत को गति देने वाला बताया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला है। यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला को और सुदृढ़ करने वाला है।जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों के सशक्तिकरण की दिशा के अत्यंत प्रभावी होगा। यह बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है। पिछले 12 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाते हुए, मोदी सरकार का यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने वाला है। इस बजट के तीन प्रमुख कर्तव्य हैं। जिसमे पहला आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूत करना। दूसरा जनता की उम्मीदों को पूरा करना सामान्य नागरिकों को अधिक सुविधाएं और अवसर देना और तीसरा सबका साथ, सबका विकास विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का है यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है।





## वर्तमान बजट से टैक्स को नहीं किया गया कम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** केंद्र सरकार द्वारा रविवार को पेश किये गए बजट को सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सुंदर कुमार ने आम आदमी की उम्मीदों से दूर बताते हुए सरकार पर वादाखिलाफी घोषणाओं का आरोप लगाया। श्याम सुंदर कुमार ने कहा कि साल बदल जाता है, वादे बदल जाते हैं। लेकिन अगर कुछ नहीं बदलता, तो वह है आम आदमी की हालत। उन्होंने कहा कि इस बजट में टैक्स के बोझ को कम करने को लेकर कोई गंभीर चर्चा नहीं की गई है। वहीं लगातार बढ़ती महंगाई जो रसोई से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक आम आदमी की कमर तोड़ रही है उस पर भी सरकार की ओर से कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया है। 'मखाना कल्याण जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं पर बातें तो बहुत हुईं, लेकिन जमीन पर उनका वास्तविक असर क्या है और इससे कितने किसानों की आय बढ़ी इसका कोई ठोस आंकड़ा बजट में प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह बजट आम आदमी को राहत देने वाला कम और प्रचार का दस्तावेज ज्यादा प्रतीत होता है।

## बजट में बिहार की अनदेखी, विशेष पैकेज का जिक्र नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** आज केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में बिहार को पूर्ण रूपेण अनदेखा किया गया है। देश की बड़ी आबादी वाला राज्य होने के बावजूद बिहार के लिए न कोई विशेष पैकेज, न कोई ठोस विकास योजना और न ही भविष्य का कोई स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बिहार वर्षों से बाढ़, बेरोज़गारी, बड़े पैमाने पर पलायन और पिछड़ेपन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन इस बजट में न तो विशेष आर्थिक पैकेज की कोई घोषणा की गई और न ही उद्योग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्रों के लिए कोई बड़ी और ठोस पहल दिखाई दी। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में बिहार शामिल नहीं है। यह बजट साफ तौर पर बताता है कि केंद्र सरकार की नीतियों और निर्णयों में बिहार को उसका वाजिब हक़ और सम्मान नहीं मिल रहा है। बिहार के साथ अपनाया गया यह उपेक्षापूर्ण रवैया न केवल राज्य के विकास में गंभीर बाधा है, बल्कि देश के संतुलित और समावेशी विकास के भी खिलाफ है।

# सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सदर ब्लॉक स्थित कंकौल के समीप एसएच-55 पर रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक की मौत हो गई। दुर्घटना साइकिल सवार व्यक्ति को बचाने के क्रम में टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।हादसे में टेंपो चालक रविन कुमार यादव टेंपो से फेंका गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टेंपो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के चंदवारा वार्ड संख्या-20 निवासी देवशरण यादव के 24 वर्षीय पुत्र रविन कुमार यादव के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, रविन शनिवार की रात राजौरा से बेगूसराय की ओर टेंपो लेकर आ रहा था। इसी दौरान सदर ब्लॉक के समीप एसएच-55 पर अचानक सामने आए साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में टेंपो का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त टेंपो को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे (दो पुत्र और दो पुत्रियां) हैं, जिनका भरण-पोषण वह टेंपो चलाकर करता था। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, गांव और आसपास के इलाके में यह सवाल हर किसी की जुबान पर है कि अब इन मासूम बच्चों का भविष्य क्या होगा। लोगों के बीच यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

## युवती को अगवा करने का मामला दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती को बहला फुसलाकर अगवा करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। युवती की मां ने लिखित आवेदन देकर अपने गांव के ही दो और नीमा चांदपुरा थाना के वनद्वार गांव के एक युवक पर अगवा करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। आवेदन में युवती की मां ने बताया है कि सरस्वती पूजा के दिन सामान लाने के लिए चौक पर गई थी। शाम तक वह घर वापस नहीं आई। सगे संबंधी के यहां खोजबीन किया गया लेकिन उसका कहीं आता पता नहीं चला। मोबाइल पर एक युवक से बातचीत करने पर पता चला। पड़ोस में रहने वाली एक महिला के घर भी आना जाना था। मुझे शक है कि उक्त महिला ने बहला फुसलाकर अपने भतीजा के साथ लेकर फरार हो गया है।थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अमरजीत तिवारी ने बताया कि कांड अंकित कर खोजबीन प्रारंभ कर दी गई है।

# ई-रिक्शा पर लगी रोक, होगी राज्यव्यापी प्रतिशोध सभा

### एनएच-एचएच पर संचालन पर रोक का जताया गया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** बिहार सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एवं राज्य राजमार्ग (एसएच) पर ई-रिक्शा संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में ई-रिक्शा चालक संघ की ओर से 2 फरवरी को राज्यव्यापी शांतिपूर्ण प्रति-शोध सभा का आयोजन किया जाएगा। यह सभा सुबह के 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक एपीएस हाई स्कूल, नावकोठी के मैदान में आयोजित होगी। ई-रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष चमक लाल महतो ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से राज्य के लाखों ई-रिक्शा चालकों और उनके परिवारों के बीच गंभीर आर्थिक संकट हो जाएगा। बिना किसी वैकल्पिक रोजगार व्यवस्था के ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाना संविधान प्रदत्त आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है और इससे गरीब व श्रमिक वर्ग की रोजी-रोटी प्रभावित हो सकती है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि ई-रिक्शा चालक समाज का मेहनतकश वर्ग है, जो ईमानदारी से परिश्रम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। अचानक से लगाए गए इस प्रतिबंध से चालकों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी क्रम में संघ की ओर से ग्राम पंचायत नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार से सभा को नैतिक एवं सार्वजनिक समर्थन देने की अपील की गई है। साथ ही साथ संघ की ओर से मुखिया को एक लिखित ज्ञापन भी सौपा गया है। संघ ने उम्मीद जताई है कि मुखिया का समर्थन आंदोलन को लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं प्रभावी बनाएगा। संघ ने बताया कि सभा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की जाएगी तथा प्रशासन से सहयोग की अपील की गई है।

## बसंत विहार रेस्टोरेंट सह उत्सव हॉल का लोकार्पण

**खोदावंदपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में रविवार को विधायक अभिषेक ने बसंत विहार रेस्टोरेंट उत्सव हल और ठहराव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इसका निर्माण कर निर्माणकर्ताओं दोनो भाइयो ने क्षत्र में रोजगार की दिशा में एक रचनात्मक प्रयास किया है। इसके माध्यम से दर्जनों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। खोदावंदपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में एक उच्च स्तरीय रेस्टोरेंट और उत्सव हल की सुविधा मिला है। जहां लोग लजीज व्यंजनों का रसास्वादनकर सकेंगे। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री कुमारी मंजू वर्मा, प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डक्टर धीरज शांडलीया, मुखिया पुरुषोत्तम सिंह ने भी संबोधित किया। रेस्टोरेंट के संचालक अजीत कुमार द्वारा शाल एवं माला देकर आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजीव नयन सिंह उर्फ पोलो, रामचंद्र यादव, मुखिया आलोक लालन भारती, अश्विनी प्रसाद सिंह, राम गुलजार महतो, अवनीश कुमार वर्मा, गौरव जयसवाल, मनीष कुमार सिंह, यमुना प्रसाद महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कविवर शक्र की रचनाएं नई पीढ़ी के लिए कराई जाएगी सुलभ : विधायक

### बुद्धिजीवियों व ग्रामीणों ने शक्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** सिमरिया में दो साहित्यिक विभूति पैदा हुए एक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर व दूसरा कविवर रामावतार यादव शक्र। लेकिन शक्र ने जितना लिखा उनकी रचना लोगों के सामने नहीं आ सकी। उनकी रचनाओं को नई पीढ़ी में कैसे लायी जाई इस पर काम होगा। शक्र की उनकी दर्जनों पांडुलिपि आज तक प्रकाशित नहीं हो सकी है। उक्त बातें तेघरा विधायक रजनीश कुमार ने कही। प्रखण्ड के सिमरिया गांव में रविवार को कविवर रामावतार यादव शुक्र की 111वीं जयंती समारोह उनके पैतृक गांव रूपनगर में मनाई गई। इस मौके पर रूपनगर में जयंती समारोह के दौरान तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, बीडीओ अनुरंजन कुमार उपथित थे। रविवार को जयंती समारोह के मौके पर सिमरिया दो पंचायत के रूपनगर गांव स्थित शक्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। तेघड़ा विधायक श्री कुमार ने कहा कि शुक्र के पैतृक गांव रूपनगर में उनके नाम से कोई स्मृति भवन या इफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना है। जमीन मिलने पर शक्र की स्मृति के रूप में कुछ बने इस पर भी काम करूंगा। विधायक ने कहा कि शक्र की रचना क्रांतिकारियों के मन में क्रांति पैदा करता है वे किसान व मजदूर की दर्द को केंद्र में रख रचना करते थे। बीहट नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार ने कहा कि शक्र की रचनाओं को आगे लाने में हरसंभव सहयोग करेंगे। कविवर शक्र साहित्य उत्थान समिति के बैनर तले आयोजित जयंती समारोह में शक्र की प्रतिमा पर बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार, बरौनी एनटीपीसी के सीनियर मैनेजर केशरी नंदन मिश्र, एनटीपीसी अधिकारी पृथ्वीराज, जीप सदस्य नीतीश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार सन्नी, उप मुखिया सुदिन पासवान, वरिष्ठ साहित्यकार अशांत भोला, जनवादी लेखक संघ के राज्य सचिव विनिताभ, विश्वम्भर सिंह, संजीत कुमार, रविशंकर, श्याम नंदन निशाकर, संजीव फिरोज, शक्र साहित्य उत्थान समिति के अध्यक्ष रामानुज सिंह, संयोजक प्रवीण प्रियदर्शी, सचिव राहत रंजन, पंसस वकील रजक, शक्र के पौत्र ष्ण नंदन यादव, रामानंद यादव, रामष्ण, धीरज वत्स, गंगाधर पासवान, श्रीदेव पासवान, अशोक पासवान, सुरेंद्र दास, शंकर सिंह, ष्ण मुरारी, मनीष कुमार, राहुल कुमार, अमरदीप सुमन, सचिन कुमार, प्रदीप, रोहित, अविनाश दास, मुलानंद, विक्रम यादव, ष्ण कुमार शर्मा, सदानंद यादव, कर्मशील यादव, सुजीत रजक, गौरव भारद्वाज, शिवदानी सिंह, युगल साह, रामाधार सिंह, ललित राय, रामलगन राय समेत अन्य ग्रामीणों ने शक्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# नगर परिषद की बैठक छोड़कर सदन से निकल गए मुख्य पार्षद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** नगर परिषद कार्यालय सभागार में शनिवार को आयोजित नगर परिषद की बैठक काफी हंगामेदार रही। मुख्य पार्षद मोहम्मद जमालउद्दीन बैठक को बीच में ही सदन छोड़कर बाहर निकल गए। उनके अचानक सदन से चले जाने के बाद वार्ड पार्षदों में भारी आक्रोशित हो गए और जमकर नारेबाजी की गई। बताया जाता है कि बैठक नियमित एजेंडे के तहत शुरू हुई थी। जिसमें नगर परिषद क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं, विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी। इसी दौरान वार्ड पार्षद अविनाश कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवा शुरू करने से संबंधित प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में एम्बुलेंस खरीद का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हो चुका है। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। एम्बुलेंस सेवा में हो रही देरी को लेकर वार्ड पार्षदों ने मुख्य पार्षद से जवाब मांगा। चर्चा के दौरान मुख्य पार्षद ने इस मुद्दे पर वोटिंग कराने का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि जब यह स्पष्ट होने लगा कि अधिकांश वार्ड पार्षद एम्बुलेंस सेवा के पक्ष में हैं। तो मुख्य पार्षद अचानक सदन छोड़कर बाहर चले गए। मुख्य पार्षद के जाने के बाद सदन में मौजूद पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। अविनाश कुमार, कुमार गौरव, सन्नी, मोहम्मद जावेद अख्तर, रेणु कुमारी, विकास कुमार, शबनम खातून, हदिशा खातून, करण कुमार, मो. फैजी समेत अन्य पार्षदों ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अपमान बताया। पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि जनहित के मुद्दों की अनदेखी की जा रही है। पार्षदों ने मांग की कि एम्बुलेंस खरीद के प्रस्ताव को अविलंब लागू किया जाए और देरी के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो। वहीं, इस घटनाक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

# सेवानिवृत प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

### कई गणमान्य रहे मौजूद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के परमानंदपुर पंचायत के राजकीयकृत उच्च माध्यमिक बिद्यालय परमानंदपुर में सेवानिवृत्त हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार के सम्मान में बिदाई समारोह आयोजित हुई। सम्मान सह विदाई समारोह विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता शिक्षक दिलीप कुमार व संचालन सिंकू कुमारी ने किया। समारोह का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर शिक्षक संघ नेता डा सुरेश प्रसाद राय, सलीम उद्दीन, सुधीर कुमार, एचएम अर्चना राय, अरबिंद कुमार, रंजीत कुमार ने किया। समारोह में सेवानिवृत्त हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार को अंग वस्त्र, गीता पुस्तक भेंटकर व शाल ओढ़ाकर पुष्प माला पहनाकर सम्मान पूर्वक बिदाई दिया।एवम उनके लंबे अच्छे कार्यकाल की सराहना किया। वही बिदाई पाकर प्रभारी एचएम संजय कुमार भावुक हो गए। समारोह में विधानसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी अमर कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बैकुण्ठ सिंह, किसान नेता सुरेश सिंह, नीरज पाली सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग व ग्रामीण सहित छात्र छात्राएं व प्रखंड के कई उच्च बिद्यालय के एचएम व शिक्षक मौजूद थे।

# विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के बारे में की गई चर्चा

### विद्यालय में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** डंडारी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के अभिभावक, शिक्षा समिति के सदस्य, शिक्षक आदि शामिल हुए। संगोष्ठी में प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने हम और आप मिलकर करेंगे बच्चों का समग्र विकास की थीम पर व्यापक चर्चा की। पीटीएम के दौरान शिक्षक और अभिभावक बच्चों के गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति अनुशासन, व्यावहारिक विकास और सीखने की क्षमता पर खुलकर चर्चा की। साथ ही इसे धरातल पर शत प्रतिशत उतारने के लिए अभिभावकों से सुझाव मांगा। इस दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की लत से बचाने, बच्चों जीवन की वास्तविक गतिविधियों से जोड़ने, बच्चों को बिना खाना खाए स्कूल नहीं भेजने, इसके अलावे बच्चों के स्वास्थ्य पोषण और स्वच्छता पर चर्चा की गई। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विद्यालय में वातावरण बनाने के लिए अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ साथ कक्षा एक से तीन के बच्चों द्वारा गतिविधियों में अपवल आये छात्र छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्त भी किया गया। मौके पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष बेबी देवी, सचिव मंजू देवी, शिक्षा समिति के सदस्य सहित एचएम पंकज कुमार, शिक्षक संतोष कुमार सिंह, मंजय पासवान, चंदन कुमार, सेविका लक्ष्मी देवी, सहित आंगनबाड़ी बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। इस दौरान पुरस्कार पाकर बच्चों में खुशी देखी गई।

# जय मां काली बखोरापुर बड़हरा में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में पहुंचे सैकड़ों मरीज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** जय मां काली मंदिर बखोरापुर बड़हरा के परिसर में मेगा हेल्थ कैंप सह रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को हुआ। उद्घाटन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सह मौर्या होटल पटना के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बीडी सिंह ने किया। शिविर में पटना शहर के चर्चित सेंटर फॉर साईट व बुद्धा कैंसर होस्पीटल के चिकित्सक समेत रक्तदान की टीम पहुंची थी। जहां विभिन्न लोगों के 200 से अधिक रोगी का जांच हुआ। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट ने करीब दो सौ से अधिक आगत अतिथियों को मोमेंटो, अंग वस्त्र व चुनरी से सम्मानित किया। बुद्धा कैंसर के डायरेक्टर डॉ अरविंद कुमार ने कैंसर रोग के पहचान और बचाव के बारे में विस्तार से बोलते हुए बताया कि बुद्धा कैंसर अस्पताल का एक ही उद्देश्य है कि कैंसर का इलाज से कोई वंचित नहीं रहे। कैंसर को लेकर हम लोग मलियाबाद, सासाराम समेत दूर दराज तक शिविर लगाए हैं। जिससे लोगों को सहुलियत मिल सके। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसे शुरुआती दौर में हम पकड़ लेते हैं तो उसे जड़ से खत्म करना संभव हो जाता है। गांव के लोग गरीब होते हैं बीमारी को इग्नोर करते हैं जैसे खांसी वगैरह तो इस तरह से इग्नोर करना ठीक नहीं। सरकार द्वारा जारी आयुष्मान कार्ड से फ्री में इलाज होता है। जैसे आपको कोई घाव या गांठ जब होता है उसे भी लोग इग्नोर करते है। क्योंकि शुरुआत में पता नहीं चलता। जब दर्द होता है तो लोग जांच कराने जाते है तो उसके लक्षण दिखाई देते हैं। महिलाओं में 60 साल के उम्र में मेंसुरेशन शुरू हो जाता है। तो कैंसर का लक्षण हो सकता है। मान लीजिए बचपन में कोई एक मासा छोटा रहता है लेकिन अचानक एक माह में वह बढ़ जाता है उसे हम इग्नोर नहीं कर सकते हैं। वह भी एक लक्षण हो सकता है। इसलिए समय रहते आप उसकी जांच इलाज जरूर कराये। उन्होंने मंच से घोषणा किया कि मां काली मंदिर ट्रस्ट जब भी स्वास्थ्य शिविर के लिए बुलाते हमारी पुरी टीम भविष्य में पहुंच जाएगी।

# अज्ञात अपराधियों ने की छात्र की हत्या, दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदावंदपुर।** खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर पंचायत के मोहनपुर गांव स्थित तीन बटिया के पास बरगद के पेड़ के समीप एक छात्र की गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। रविवार की सुबह उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुची एवम मामले की छानबीन में जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे एक छात्र की अज्ञात बदमाशों ने रविवार अहले सुबह गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के बाड़ा वार्ड संख्या-2 निवासी योगेंद्र पासवान के 22 वर्षीय पुत्र प्रियांशु राज उर्फ बादल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रियांशु दरभंगा स्थित एक बीएससी नर्सिंग संस्थान में अध्ययनरत था। वह शनिवार रात पटना से परीक्षा देकर घर लौटा था।अज्ञात बदमाशों ने उसे निशाना बनाते हुए सिर में चार गोलियां मारीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने घटनास्थल के पास युवक का शव देखा। जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही खोदावंदपुर थाना अध्यक्ष चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक की बाइक, मोबाइल फोन और तीन खोखे बरामद किए हैं। बाद में एसपी मनीष कुमार, पुलिस निरीक्षक मंझौल सुबोध कुमार तथा एसडीपीओ नवीन कुमार भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक पूछताछ कर थानाध्यक्ष को दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है। युवक की निर्मम हत्या से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर खून के धब्बों के नमूने एकत्र किए हैं।





# आम बजट : सत्ता पक्ष ने फायदेमंद तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में लगातार अपना नौवां बजट पेश किया। केंद्रीय बजट पेश किए जाने के बाद इसके प्रावधानों को लेकर जिले में चर्चा का दौर जारी है। बजट में आम और खास वर्गों के लिए क्या कुछ है, यह तस्वीर धीरे-धीरे साफ हो रही है। किसी को महंगाई से राहत की उम्मीद दिख रही है तो कोई रोजगार और भविष्य की योजनाओं को लेकर सवाल उठा रहा है। इस बजट को लेकर पक्ष ओर विपक्ष की प्रतिक्रिया सामने आई है। सत्ता पक्ष ने बजट को सभी वर्गों के लिए फायदेमंद और विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने वाला बताया। वहीं विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया है। एनडीए नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा रोजगार के सृजन, उत्पादकता बढ़ाने तथा विकास को गति देने की दिशा में व्यापक आर्थिक सुधार किए गए हैं।

## खेती, परिवहन एवं व्यापार को मिलेगी नई गति : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार द्वारा रोजगार के सृजन, उत्पादकता बढ़ाने तथा विकास को गति देने की दिशा में व्यापक आर्थिक सुधार किए गए हैं, जिनकी झलक इस बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बजट में महिलाओं, छोटे उद्योगों, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश और समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पटना और वाराणसी में जहाज मरम्मत की सुविधा स्थापित की जाएगी तथा दिल्ली-वाराणसी सहित उच्च गति रेल गलियारे का निर्माण किया जाएगा, जिससे परिवहन और व्यापार को नई गति मिलेगी। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सात प्रतिशत की वृद्धि दर से देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। केंद्रीय बजट की सराहना करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, अनिता सिंह, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य शेखर, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, अमरीश सिंह, टनटन सिंह, पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, मुनीन्द्र राम, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, जिला प्रवक्ता जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, सुबोध सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी शामिल हैं। सभी ने बजट को विकासोन्मुखी बताते हुए देश के समग्र विकास के लिए उपयोगी करार दिया।

## विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की तरफ बढ़ने वाला यह बजट : प्रमोद



**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की तरफ बढ़ने में काफी अहम साबित होगा। इस केंद्रीय बजट 2026 में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को राहत दी है। सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है जिससे भारतीय बाज़ार में ये दवाएं सस्ती हो जाएंगी। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए विदेश से मंगवाई जाने वाली दवाओं पर भी सरकार ने ड्यूटी हटा दी है। यही नहीं, सरकार ने इलेक्ट्रीक व्हीकल, सोलर पैनल और ग्रीन एनर्जी उत्पादन से जुड़े कुछ उपकरणों पर भी ड्यूटी कम की है।

## गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के लिए है यह बजट : अनिल



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के वरीय नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह बजट दूरदर्शी सोच पर आधारित है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत और तकनीकी सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि टियर-2 और टियर-3 शहरों पर विशेष फोकस से हिमाचल जैसे राज्यों को सीधा लाभ मिलेगा और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

## विकसित भारत की दिशा में निर्णायक बजट : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** केंद्रीय बजट 2026 को विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव बताते हुए औरंगाबाद के भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करने वाला दूरदर्शी बजट है। राजकोषीय घाटे को कम करने, महंगाई को नियंत्रण में रखने और साथ ही उच्च पूंजीगत व्यय तथा तेज आर्थिक विकास के बीच संतुलन साधने के कारण यह बजट विशेष महत्व रखता है। त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि यह बजट युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खोलता है। शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को इससे नई गति मिलेगी, जिससे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों तथा लघु और मध्यम उद्योगों के लिए भी यह बजट बेहद लाभकारी है। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट निर्माण, जैव-औषधि शक्ति मिशन, दुर्लभ पृथ्वी गलियारा और महत्वपूर्ण खनिजों पर जोर जैसे कदम भारत की औद्योगिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत करेंगे। महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि महिला वित्त मंत्री द्वारा लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत किया जाना नारी शक्ति के बढ़ते आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है। बजट में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल वर्तमान की जरूरतों तक सीमित नहीं है बल्कि आने वाले दशकों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह सुधारों की गति को और तेज करेगा तथा भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत की गति को तेज करने वाला, अवसरों से भरा और आत्मनिर्भर भारत की नींव को और सुदृढ़ करने वाला बजट है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

## केंद्रीय बजट निराश करने वाला : सुरेश पासवान



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासवान ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को निराशाजनक और दिशाहीन बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की तरक्की और विकास के लिए कोई स्पष्ट दिशा या रोडमैप दिखाई नहीं देता। सुरेश पासवान ने कहा कि देश में लगभग नब्बे प्रतिशत स्टार्टअप बंद हो चुके हैं, लेकिन उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि यह देश का पहला बजट होगा, जिसे पेश किए जाते ही शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और लाखों करोड़ रुपये डूब गए। उन्होंने कहा कि अब तक देश और दुनिया के किसी भी अर्थशास्त्री ने इस बजट को समावेशी और विकासोन्मुख नहीं बताया है। उनके अनुसार यह बजट कॉरपोरेट घरानों को और अधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जबकि देश के गरीबों, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग के लिए यह बजट निराश करने वाला साबित हुआ है।

## बजट से भारत की होगी आर्थिक मजबूती : टुनटुन



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अधिवक्ता टुनटुन सिंह ने कहा कि इस बजट में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, बायो-फार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये, कैंसर व शुगर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं को सस्ता करने, बड़े टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना, महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में छात्रावास की व्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों के सुधारीकरण, 20 नए जल मार्ग, केमिकल पार्क व खनिज कॉरिडोर, एसएमई के लिए 10 हजार करोड़ रुपये तथा महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना जैसे प्रावधान भारत की आर्थिक मजबूती को नई गति देंगे।

## बजट से युवाओं को मिलेगा रोजगार : मुन्ना



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवसायी शत्रुघ्न कुमार सिंह उर्फ मुन्ना ने कहा कि इस बजट में युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए आपदा राहत, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे इन राज्यों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

## बजट से घरेलू उत्पाद को मिलेगा बढ़ावा : चंद्रशेखर



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवसायी चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूत करने में यह बजट अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि नए भारत, नए दृष्टिकोण और नई कार्य संस्कृति के प्रतीक में इस बजट को देखा जा रहा है। बजट में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, जनता की उम्मीदों को पूरा करना और सबका साथ, सबका विकास सुनिश्चित करना तीन प्रमुख कर्तव्यों को इस बजट में शामिल किया गया है। घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना इस बजट का लक्ष्य है।

## बजट नए भारत की तस्वीर : पुरुषोत्तम



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने आज विकसित भारत का रोडमैप पेश किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस बजट के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि यह बजट 145 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और उम्मीदों को दर्शाता है। इसमें 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का पूंजीगत निवेश इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए रखा गया है, जिसमें सात रेल कॉरिडोर भी शामिल हैं। बजट में आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर खास जोर दिया गया है। यह आम लोगों और महिलाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया बजट है, जो जीवन को आसान बनाने वाले सुधारों से भरा है।

## सुधारवादी और विकासोन्मुखी है बजट : अनिता



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष अनिता सिंह ने कहा कि इस बजट में एमएसएमई सेक्टर, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर मिशन और बायो-फार्मा सेक्टर के लिए किए गए प्रावधान देश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती देंगे। यह सुधारवादी और विकासोन्मुखी बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और आर्थिक अनुशासन का संतुलित उदाहरण है। लगभग 7 प्रतिशत की निरंतर आर्थिक वृद्धि दर वैश्विक परिस्थितियों में भारत की आर्थिक ताकत को दर्शाती है।

## बजट में बिहार को नकारा गया : सुबोध



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राजद के वरीय नेता ई. सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि इस बजट में न तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को लेकर कोई ठोस घोषणा की गई और न ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों या उद्योग और टैक्स में किसी तरह की राहत दी गई। इस बजट में बिहार के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## चुनिंदा लोगों के लिए है बजट : सत्येंद्र



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवसायी सत्येंद्र यादव ने कहा कि बजट कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार किया गया है। इस बजट में बुनियादी ढांचे से जुड़ा कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता है। यह बजट गरीब, महिला, किसान विरोधी है। शिक्षा सब्सिडी घटाई गई है और अर्थव्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। बजट के कारण शेयर बाजार के गिरने से काफी बुरा असर हुआ है।

## बाइक की डिक्की तोड़ पैसा चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाइक की डिक्की तोड़कर पैसे चोरी के मामले में एक शातिर बदमाश को दाउदनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के भखरुया चौक निवासी गोल्डन कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से चोरी का 44381 रुपया और तीन एटीएम कार्ड तथा एक पैन कार्ड को बरामद किया गया। पकड़े गए बदमाश का अपराधिक इतिहास रहा है। जानकारी के अनुसार, इस संबध में थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर दो निवासी शिव शंकर प्रसाद ने दाउदनगर थाने में एक लिखित आवेदन दिया कि भखरुआ मोड़ के पास शनिवार की रात करीब 09:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनकी बाइक की डिक्की तोड़कर 70 हजार रुपये चुरा लिए हैं। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। इस दौरान तकनीकी विश्लेषण एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त पकड़ा गया।

# रहस्यमयी बना चार बच्चियों की मौत का मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के अमझरशरीफ गांव में एक साथ पांच बच्चियों द्वारा गुरुवार को जहर खाने और चार बच्चियों की मौत होने की घटना पुलिस के लिए रहस्य बनी हुई है। मामले को लेकर पुलिस को अब तक कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है। एक समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार की सुबह दाउदनगर के एसडीपीओ अशोक कुमार दास एवं हसपुरा थानाध्यक्ष गांव पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। करीब 25 घरों वाले इस छोटे से गांव में घटना को लेकर पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन ग्रामीणों ने घटना के संबंध में कुछ भी बताने से इनकार किया। पुलिस के सामने गांव के कोई कोई पुरुष सामने नहीं आए। इसके बाद मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक छत्रनील सिंह, एसपी अंबरीष राहुल के साथ गांव पहुंचे और स्वयं जांच की। आईजी और एसपी ने गांव की महिलाओं से पूछताछ की, लेकिन वे घटना के बारे में कुछ भी नहीं बता सकीं। जांच के दौरान गांव में एक भी पुरुष पुलिस के सामने नहीं आए, जिससे संदेह और गहरा गया है। जांच के बाद आईजी ने बताया कि घटना की आशंका है, लेकिन कोई भी ग्रामीण कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। उन्होंने आशंका जताई कि या तो ग्रामीणों को किसी ने डरा-धमका दिया है या फिर किसी अन्य तरीके से गांव में दहशत का माहौल बना दिया गया है। मुखिया सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों को बुलाने का प्रयास किया गया लेकिन वे सामने नहीं आए। गांव का चौकीदार दूसरे गांव का रहने वाला है जिससे उसे भी घटना की कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। आईजी ने बताया कि पूरे मामले की जांच का आदेश थानाध्यक्ष को दिया गया है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी। बताया गया कि जिस बच्ची के जीवित बचने की बात कही जा रही है, उसके पिता पुलिस के सामने नहीं आए हैं और पुलिस को जानकारी मिली है कि वे फिलहाल गांव में मौजूद नहीं हैं। फिलहाल यह मामला पूरी तरह रहस्य बना हुआ है और पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी है। एसडीपीओ अशोक कुमार दास, इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# देव से गुमशुदा चार लड़कियां गुरुग्राम से सकुशल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने देव थाना क्षेत्र के ग्राम तिलौता बिगहा से गुमशुदा चार लड़कियों को हरियाणा के गुरुग्राम से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 20 जनवरी 2026 को रविन्द्र यादव, पिता स्वर्गीय वंशी यादव, निवासी तिलौता बिगहा, थाना देव, जिला औरंगाबाद ने अपनी पुत्री रूनी कुमारी की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया था कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से चली गई है और प्राप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली कि कोमल कुमारी, स्वीटी कुमारी और कशिश कुमारी नामक तीन लड़कियों ने उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर साथ ले गई हैं। वादी के लिखित आवेदन के आधार पर देव थाना कांड संख्या 23/26, दिनांक 20 जनवरी 2026 के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 के नेतृत्व में चारों लड़कियों की बरामदगी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण, सूचना संकलन और लगातार प्रयास के बाद 29 जनवरी 2026 को हरियाणा के गुरुग्राम जिला अंतर्गत उद्योग विहार थाना क्षेत्र से चारों गुमशुदा लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बरामद लड़कियों ने बताया कि वे लोग घर में बिना बताए घूमने-फिरने के लिए चले गए थे। पुलिस के अनुसार बरामद चारों लड़कियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है और मामले में आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## हथियार लहराना दो युवकों पड़ा महंगा, गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सोशल मीडिया पर 'भौकाल' बनाने और रील के चक्कर में हथियार लहराना दो युवक को भारी पड़ गया है। फ़ेसर पुलिस ने एक वायरल वीडियो पर त्वरित संज्ञान लेते हुए हथियार लहराने वाले युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल की है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास को लेकर जांच-पड़ताल कर रही है। पकड़े गए युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के फ़ेसरा गांव निवासी रौशन कुमार एवं पोखराहा गांव निवासी गोल्डन कुमार के रूप में की गई है। दरअसल शनिवार को थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी को सूचना मिली कि सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर रौशन कुमार नामक युवक द्वारा अवैध हथियार के साथ वीडियो पोस्ट की गई है। सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस ने तत्काल फ़ेसरा गांव में छापेमारी कर रौशन कुमार को हिरासत में लिया और पूछताछ में रौशन कुमार ने स्वीकार किया कि वीडियो में प्रदर्शित हथियार गोल्डन कुमार का है। तत्पश्चात पुलिस ने गोल्डन कुमार को भी हिरासत में ले लिया।

# अलग-अलग मामलों में 17 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के आरोप में तीन, आर्म्स एक्ट के तहत दो, हत्या के प्रयास में दो, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा 11 वारंट और एक कुर्की का निष्पादन भी किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 143.80 लीटर देसी शराब एवं 431.28 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। वहीं अलग-अलग थाना क्षेत्रों से देशी कट्टा, 44 हजार 381 रूपये नगद, 15 किलोग्राम महुआ फूल, चार चक्का वाहन, कार, मोटरसाइकिल, साइकिल, ई-रिक्शा तथा एटीएम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। वाहन जांच अभियान के तहत 1323 वाहनों की जांच की गई, जबकि एक लाख 39 हजार रूपये शमन राशि की वसूली की गई है।


